आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 342 | उज्जैन, गुरुवार 25 दिसम्बर, 2025 | पौष शुक्ल 5 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

आज
* हेप्पी क्रिसमस
* पं. मदन मोहन जयंती
* अटल जी जयंती

इसरो ने 6100 किग्रा का अमेरिकी सैटेलाइट लॉन्च किया

भारत से भेजा गया यह सबसे भारी उपग्रह, धरती पर कहीं से भी वीडियो कॉल कर सकेंगे

एजेंसी ▸▸ श्रीहरिकोटा

आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने बुधवार सुबह एलवीएम3-एम6 रॉकेट से अमेरिकी सैटेलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 लॉन्च किया। 6,100 किलोग्राम वजनी ब्लूबर्ड, भारत से लॉन्च किया गया अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट है।

इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने इसे देश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। इससे पहले, नवंबर में लॉन्च किया गया एलवीएम3-एम5 कम्युनिकेशन सैटेलाइट-03 करीब 4,400 किलोग्राम का था। इसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में स्थापित किया गया था। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को जिस एलवीएम3-एम6 रॉकेट से लॉन्च किया गया, उसका वजन 640 टन है। यह भारत का सबसे भारी लॉन्च व्हीकल है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नेक्स्ट-जेन कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जिसका मकसद सामान्य स्मार्टफोन तक सीधे हाई-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना है। इसके जरिए धरती पर कहीं से भी बिना टावर 4जी और 5जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड और अमेरिका स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल (एएसटी एंड साइंस, एलएलसी) के बीच हुए एक कॉमर्शियल समझौते का हिस्सा है। न्यूस्पेस इंडिया, इसरो का कॉमर्शियल ब्रांच है।

लॉन्चिंग के 15 मिनट के बाद रॉकेट से अलग हुआ सैटेलाइट

इसरो के मुताबिक, करीब 43.5 मीटर ऊंचा एलवीएम3-एम6 रॉकेट बुधवार सुबह 8.54 बजे श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से रवाना हुआ। लगभग 15 मिनट की उड़ान के बाद ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट रॉकेट से अलग हुआ और करीब 520किग्रा ऊपर अंतरिक्ष के लो अर्थ ऑर्बिट में उसे सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। रॉकेट को 90 सेकेंड देरी से, सुबह 8:55:30 बजे लॉन्च किया गया था। इसे पहले सुबह 8.54 बजे लॉन्च किया जाना था। इसरो के अनुसार, श्रीहरिकोटा के स्पेस एरिया के ऊपर हजारों एक्टिव सैटेलाइट लगातार गुजर रहे थे। अन्य सैटेलाइट के साथ टकराव की आशंका को देखते हुए मिशन का लॉन्च समय 90 सेकेंड बढ़ाया गया।

एलवीएम3 से चंद्रयान-3 लॉन्च हुआ था, यह तीसरा कॉमर्शियल मिशन

एलवीएम3-एम6 जिसे जीएसएलवी एमके-।। भी कहा जाता है, इसरो का तीन-चरणीय रॉकेट है। इसमें क्रायोजेनिक इंजन लगा है, जिसे इसरो के लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर ने विकसित किया है। रॉकेट में लिफ्ट-ऑफ के लिए दो एस200 सॉलिड रॉकेट बूस्टर लगाए गए हैं, जिन्हें तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर ने तैयार किया है। यह एलवीएम3 की 9वीं उड़ान और ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट के लिए तीसरा कॉमर्शियल मिशन है। इसरो के मुताबिक, एलवीएम3-एम6 अब तक आठ लगातार सफल लॉन्च पूरे कर चुका है, जिनमें चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 जैसे प्रमुख मिशन भी शामिल हैं।

देश विदेश

देश में हिंदू-मुस्लिम समस्या के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, 'देश में आज भी जो हिंदू-मुस्लिम से जुड़ी समस्याएं दिखती हैं, उनकी वजह कांग्रेस की सेक्युलरिज्म की सोच और वोट बैंक की राजनीति है। कांग्रेस ने सेक्युलरिज्म की गलत व्याख्या की।' गडकरी के मुताबिक, 'सेक्युलर का अर्थ धर्मनिरपेक्षता या किसी एक वर्ग का तुष्टिकरण करना नहीं है। इसका सही मतलब 'सर्व धर्म समभाव' होता है, यानी सभी धर्मों को समान सम्मान और सबको न्याय और सभी के साथ बराबरी का व्यवहार करना है।' गडकरी दिल्ली में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी की किताब 'सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि' के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भी मौजूद थे।

ताइवान में भूकंप, चीन, फिलीपींस और जापान तक झटके महसूस किए

ताइपे। ताइवान के दक्षिण-पूर्वी इलाके में बुधवार शाम करीब 5:47 बजे 6.1 तीव्रता का भूकंप आया है। किसी नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं आई है। इसके झटके चीन, फिलीपींस और जापान तक महसूस किए गए। सेंट्रल वेदर एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, भूकंप का केंद्र ताइतुंग काउंटी हॉल से 10.1 किलोमीटर उत्तर में था और इसकी गहराई 11.9 किलोमीटर थी। ताइवान में भूकंप की तीव्रता को 1 से 7 के स्केल पर मापा जाता है। ताइतुंग काउंटी में तीव्रता स्तर 5 दर्ज किया गया, जबकि हुलिएन और पिंगतुंग काउंटी में स्तर 4 महसूस किया गया। नेशनल फायर एजेंसी ने बताया कि ताइवान में फिलहाल किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं आई है।

भक्ति गीत गाने पर बंगाली सिंगर के साथ अभद्रता

महबूब मलिक नाम के शख्स ने लग्नजिता चक्रवर्ती को मारने की कोशिश की, आरोपी टीएमसी का कार्यकर्ता

कोलकाता। बंगाली सिंगर लग्नजिता चक्रवर्ती को कोलकाता में एक प्राइवेट फंक्शन में भक्ति गीत गाने की वजह से फिजिकल हैरेसमेंट झेलना पड़ा। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए लग्नजिता ने बताया कि फिल्म देवी चौधरीरानी का भक्ति गीत 'जागो मां' गाने के बाद कार्यक्रम के आयोजकों में से एक ने उन्हें मारने के इरादे से उन पर हमला किया। इस पूरे मामले में सिंगर ने भगवानपुर ईस्ट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुरबा मेदिनीपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की फिलहाल जांच चल रही है। कार्यक्रम के दौरान जो कुछ हुआ, उसके बारे में बताते हुए लग्नजिता कहती हैं 'मैंने अपना शो शाम करीब 7 बजे शुरू किया था और सब कुछ सही से चल रहा था। करीब 7.45 बजे तक मैंने 7 गाने गा लिए थे। मेरा सातवां गाना जागो मां था, जो फिल्म 'देवी चौधरीरानी' का है, जो इसी पूजा के दौरान रिलीज हुई थी। इस गाने के बाद जब मैं ऑडियंस से बातचीत कर रही थी, तभी अचानक मैंने देखा कि दर्शकों में से एक आदमी स्टेज की ओर दौड़ता हुआ आया। वो मेरे चेहरे के बिल्कुल करीब आ गया।' उन्होंने आगे कहा- 'मैं जिस स्कूल में परफॉर्मेंस दे रही थी, वो मेरे पूरे कॉन्सर्ट को रिकॉर्ड कर रहे थे। जो कि बहुत सामान्य बात है, क्योंकि हर आयोजक ऐसा ही करता है। लेकिन मेरे पास उस वीडियो रिकॉर्डिंग का एक्सेस नहीं है, क्योंकि वह स्कूल की प्रॉपर्टी है। अगर किसी को वह वीडियो मिल जाता है और वो पब्लिक हो जाता है, तो हर कोई देख सकता है कि महबूब मलिक मुझे मारने के इरादे से मंच की ओर दौड़ा था।

स्कूल में अचानक चीखने लगती हैं 146 छात्राएं, अनजान खौफ से हड़कम्प

सिवनी। एमपी के सिवनी जिले के आदिवासी बाहुल्य विकासखंड लखनादौन के मढ़ी गांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीते दो माह से अनजान खौफ के कारण यहां पढ़ रहीं 146 छात्राएं स्कूल नहीं जा रही हैं। स्कूल में छात्राएं अचानक बीमार होकर चीखने लगती हैं। पिछले दिनों तो गांववालों ने यहां झाड़फूंक करने वाले को भी बुला लिया। इस घटना के बाद सोमवार और मंगलवार को शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम जांच के लिए पहुंची। लेकिन छात्राएं नहीं आईं। टीम ने स्थानीय लोगों से भी चर्चा की। कुछ लोगों ने इसे बुरा साया बताया तो जागरूक नागरिकों का कहना है कि यह एक तरह का अंधविश्वास है।

दिल्ली मेट्रो के फेज 5 (ए) को सरकार की मंजूरी, 13 नए मेट्रो स्टेशन बनेंगे

नई दिल्ली। दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो के विस्तार के दिल्ली मेट्रो के फेज 5ए को सरकार ने मंजूरी दी है। इसके लिए 12015 करोड़ की लागत आएगी। दिल्ली मेट्रो के फेज 5ए में 13 नए स्टेशन बनाए जाएंगे। 16 किमी की नई लाइन डाली जाएगी। इसके साथ ही दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो का रूट 400 किमी के पार हो जाएगा। फेज-5ए का निर्माण 3 साल में पूरा होगा। ज्यादातर काम अंडरग्राउंड होगा। वैष्णव ने बताया कि निर्माण में टनल बोरिंग मशीन का इस्तेमाल होगा, जिससे ट्रैफिक पर कम असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली मेट्रो में रोजाना औसतन 65 लाख लोग सफर करते हैं।

देवास में सतवास तहसीलदार पर द्वेष भावना से विधायक के दबाव में काम करने का आरोप

अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान अधेड़ दंपती ने पेट्रोल डालकर आग लगाई

भीड़ की अभद्रता की स्थिति एवं रोष को देखते हुए तहसीलदार को हटाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास जिले के सतवास में बुधवार को पूर्वाह्न अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान अधेड़ दंपती संतोष पिता शालीगराम व्यास 52 वर्ष एवं जयश्री पति संतोष व्यास 44 वर्ष ने पेट्रोल डालकर आग लगा ली। तहसीलदार पर द्वेष भावना से कार्रवाई का आरोप लगा है। गंभीर घायल दंपती को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर के अस्पताल में भर्ती किया गया है। कलेक्टर ऋतुराजसिंह के अनुसार पूरा मामला निजी है। एक वीडियो में दंपती पर एक महिला पेट्रोल छिड़कती दिखाई दे रही है। तहसीलदार अरविंद दिवाकर के विरूद्ध रोष को देखते हुए उन्हें हटा दिया है उनके स्थान पर हरिओम ठाकुर को प्रभार दिया गया है।

पीड़ित दंपत्ती के भतीजे एवं पत्रकार दीपिल व्यास के अनुसार मकान वैधानिक रूप से बनाया गया है और नगर पालिका से उसकी भवन निर्माण अनुज्ञा जारी की गई है। तहसीलदार सतवास अरविंद दिवाकर निजी द्वेष भावना की पूर्ति के लिए अंजाम देना चाह रहे थे, न तो उनके पास अतिक्रमण को तोड़ने का कोई आदेश ही था और न ही उन्होंने हमें कोई नोटिस दिया। वे सीधा कार्रवाई करने आए थे, जिसका विरोध किया गया।

द्वेषभावना की कार्रवाई

पत्रकार दीपिल व्यास के अनुसार दंपती के विरोध के दौरान तहसीलदार ने उन्हें उकसाया जिससे दंपती ने पेट्रोल डालकर आग लगा ली। व्यास के अनुसार असल में सतवास मुख्य मार्ग की बेश कीमती शासकीय जमीन पर कोरोना के दौरान अवैध रजिस्ट्री हुई थी। इस मामले में हमने शिकायत की थी। न्यायालय में भी उक्त भूमि कुछ समय पूर्व शासकीय घोषित की गई है। कलेक्टर ने कुछ समय पूर्व आदेश जारी किया था जिसमें उक्त शासकीय भूमि पर सभी प्रकार के कार्य बंद किए गए थे। व्यास दंपती का मकान भी उसी खसरा नंबर के अंतर्गत है लेकिन निर्माणाधीन मकान को लेकर आदेश जारी किया गया था कि आप काम करें, सरकारी भूमि पर कार्य नहीं करें।

न नोटिस न आदेश सीधे कार्रवाई

मंगलवार को भी तहसीलदार बगैर नोटिस के आए थे। आज फिर वे बगैर नोटिस एवं आदेश के आए एवं दल बल एवं संसाधनों के कार्रवाई करने को आतुर थे। पिछले एक वर्ष से भूमाफिया के सहयोग में हमारे परिवार को प्रताडित किया जा रहा है। तहसीलदार के विरूद्ध पिछले 4-6 माह में ही जमकर शिकायतें हुई हैं। विधायक के दबाव में तहसीलदार कलेक्टर को गलत जानकारी देकर गुमराह कर रहे हैं। इसकी उच्च स्तरीय जांच करवाई जा सकती है।

कलेक्टर बोले निजी मामला

मामले को लेकर कलेक्टर ऋतुराजसिंह का कहना था कि यह मामला बिल्कुल निजी है। एक मकान नाले पर बना हुआ है जिससे उसके पीछे बने करीब 20 मकानों में पानी घुसने का मसला था। उक्त मामले में शिकायत के आधार पर कार्रवाई करने तहसीलदार पहुंचे थे। घटनाक्रम के एक वीडियो में एक महिला दंपती पर पेट्रोल छिड़कती दिखाई दे रही है। भीड़ के तहसीलदार के साथ अभद्रता की स्थिति भी सामने आई है। इस रोष को देखते हुए तहसीलदार को हटाया गया है उनके स्थान पर अन्य तहसीलदार को पदस्थ किया गया है।

पार्षद पुत्र पर हमला कर कहा

गवाही से नहीं पलटे तो ठीक नहीं होगा, 3 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में वार्ड-19 के भाजपा पार्षद के बेटे के ऑफिस में तोड़फोड़ और धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 20 दिसंबर की है, जब छह युवक ऑफिस में घुस आए थे। फिलहाल, तीन आरोपी हिरासत में हैं। बाकी की तलाश जारी है।

बाणगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे पार्षद पुत्र मासूम जायसवाल ने बताया कि 20 दिसंबर की सुबह उनके पास एक कॉल आया था। फोन करने वाले ने खुद को उज्जैन के नजरपुर निवासी शाहरुख उर्फ जलील खान बताया। कॉलर ने हिंदू-मुस्लिम विवाद की बात कहते हुए बाहर निकलकर मिलने की धमकी दी।

मासूम के अनुसार, उन्होंने शाहरुख को शांतिपूर्वक बैठकर बात करने को कहा। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे दो बाइक से शाहरुख अपने साथियों के साथ ऑफिस पहुंचा। उसके दो साथी बाहर रुके, जबकि शाहरुख चाकू निकालकर दरवाजे पर लात मारते हुए अंदर घुस आया।

शाहरुख ने चाकू दिखाकर धमकाया और कहा कि अगर उज्जैन में महाकाल सवारी के दौरान थूकने की घटना से जुड़े मामले में गवाही से पीछे नहीं हटे तो अंजाम भुगतना पड़ेगा। इसी दौरान हुई झूमा झटकी में ऑफिस में मौजूद अनीता और मीरा बाई घायल हो गईं। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए इंदौर निवासी सौरभ, गोलू और विनोद को गिरफ्तार किया है। एसीपी रुबीना मिजवानी के मुताबिक, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि पूरा घटनाक्रम सीधे उसी केस से जुड़ा है या नहीं। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

भोपाल में 2 डॉक्टरों की पूरे महीने की सैलरी कटी

500 किमी दूर से एक ने लगाई हाजिरी, दूसरे की अटेंडेंस में अलग-अलग चेहरे आए नजर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भोपाल में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक में पदस्थ चिकित्सकों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर की गई फर्जी अटेंडेंस का चौंकाने वाला मामला सामने आया है।

जांच में खुलासा हुआ कि एक डॉक्टर ने अपने कार्य स्थल से करीब 500 किलोमीटर दूर रहते हुए ऐप पर हाजिरी लगा दी। जबकि दूसरे मामले में एक ही डॉक्टर की अटेंडेंस में अलग-अलग चेहरों की तस्वीरें दर्ज मिलीं। यह गड़बड़ी सीएमएचओ कार्यालय की नियमित समीक्षा के दौरान पकड़ में आई। मामला सामने आते ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए दोनों डॉक्टरों का एक माह का वेतन काटने का आदेश बुधवार को जारी कर दिया। पिछले कुछ समय से भोपाल सीएमएचओ कार्यालय सार्थक ऐप पर दर्ज की जा रही उपस्थिति की नियमित निगरानी कर रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत जब हालिया उपस्थिति डेटा का विश्लेषण किया गया, तो कुछ एंट्री असामान्य पाई गईं। ऐप में दर्ज लोकेशन और फोटो वेरिफिकेशन ने स्पष्ट संकेत दिए कि संबंधित चिकित्सक वास्तविक कार्य स्थल पर मौजूद नहीं थे, इसके बावजूद उनकी उपस्थिति दर्ज हो रही थी। यह स्थिति न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि डिजिटल सिस्टम की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े करती है।

साफ हवा नहीं, तो एयर प्यूरीफायर पर टैक्स क्यों

सरकार से दिल्ली हाईकोर्ट का सवाल, गडकरी ने माना- 40% पॉल्यूशन ट्रांसपोर्ट सेक्टर से फैल रहा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और अधिकारियों से पूछा कि जब राजधानी में हवा की स्थिति इमरजेंसी जैसी बनी हुई है तो एयर प्यूरीफायर पर 18% जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार लोगों को साफ हवा उपलब्ध नहीं करा पा रही तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर टैक्स ही कम कर दें।

चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गडेला की डिवीजन बेंच ने कहा कि हर नागरिक को साफ हवा में सांस लेने का अधिकार है। ऐसे हालात में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी आइटम मानकर 18% जीएसटी लगाना ठीक नहीं है।

कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें मांग की गई थी कि एयर प्यूरीफायर को मेडिकल डिवाइस की श्रेणी में रखा जाए और इन पर जीएसटी 18% से घटाकर 5% किया जाए। अपील में कहा गया कि खराब एक्यूआई के समय में एयर प्यूरीफायर अब लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन चुका है। कोर्ट ने केंद्र के वकील से दोपहर 2.30 बजे के बाद इस पर जवाब लेकर आने को कहा। वहीं, सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली में दो से तीन दिन रहने पर मुझे इन्फेक्शन हो जाता है। प्रदूषण का 40% हिस्सा ट्रांसपोर्ट सेक्टर ही फैला रहा है, जिसका मैं मंत्री हूं।

पीआईएल में क्या मांग की गई है?

यह याचिका एडवोकेट कपिल मदान ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि मेडिकल डिवाइस रूल्स और 2020 की केंद्र सरकार की अधिसूचना के अनुसार एयर प्यूरीफायर मेडिकल डिवाइस की परिभाषा में आते हैं। याचिका में दलील दी गई है कि जब अधिकांश मेडिकल डिवाइस पर 5% जीएसटी लगता है, तो एयर प्यूरीफायर पर 18% जीएसटी तर्कसंगत नहीं है।

---

20 साल बाद उद्धव-राज ठाकरे की पार्टी में गठबंधन

कहा- हमारी सोच एक, बंटेंगे तो बिखरेंगे, 29 नगर निगम चुनाव में 15 जनवरी को मतदान

एजेंसी ▸▸ मुंबई

उद्धव और राज ठाकरे ने बुधवार को बृहन मुंबई नगर निगम चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया। 20 साल बाद दोनों की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) और मनसे में चुनावी गठबंधन हुआ है।

इससे पहले 2005 में राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर मनसे पार्टी बनाई थी। दोनों ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारी सोच एक है अगर बंटेंगे तो बिखरेंगे। महाराष्ट्र के लिए हम सब एक हैं। इससे पहले दोनों नेता शिवाजी पार्क स्थित बालासाहेब ठाकरे के

स्मारक पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को वोटिंग होगी। 16 जनवरी को रिजल्ट आएगा।

राज ठाकरे बोले- मुंबई का मेयर मराठी होगा: मैने एक बार कहा था कि हमारी आपसी किसी भी विवाद या लड़ाई से महाराष्ट्र बड़ा है। आज की बैठक के बाद हम अन्य नगर निगमों के लिए भी घोषणा करेंगे। मुंबई का मेयर मराठी ही होगा और वह हमारे दल से होगा।

उद्धव ठाकरे बोले- बंटेंगे तो हम सब बिखर जाएंगे: मैं सभी से अनुरोध और अपील करता हूं कि पिछली विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसा दुष्प्रचार किया था। मैं मराठी लोगों से कहना चाहता हूं- अब अगर आपसे चूक हुई तो सब खत्म हो जाएगा। अब अगर हम बंटे तो पूरी तरह मिट जाएंगे। इसलिए न टूटें, न बंटें। मराठी अस्मिता की विरासत को न छोड़ें।

भोपाल अयोध्या बाईपास पर पेड़ों को काटने पर एनजीटी ने लगाई रोक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

राजधानी भोपाल में आसाराम तिराहा करोंद रोड से रत्नागिरी तिराहा अयोध्या बायपास तक करीब 16 किमी लंबी फोरलेन सड़क का चौड़ीकरण कार्य एनएचएआई द्वारा किया जा रहा है। इस सड़क के लिए करीब 8 से 12 हजार पेड़ों की कटाई प्रस्तावित है।

मंगलवार से इन पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गई थी, लेकिन इसके अगले ही दिन यानी 24 दिसम्बर बुधवार को एनजीटी ने पेड़ों की कटाई पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। हालांकि एनजीटी के आदेश में कहा गया है कि सिर्फ पेड़ कटाई पर रोक लगाई गई है, लेकिन संबंधित एजेंसी सड़क निर्माण का कार्य जारी रख सकता है। इसके लिए पेड़ों के साथ छेड़छाड़ न की जाए। भोपाल में 10 लेन सड़क के लिए पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने के लिए एनजीटी में याचिका लगाने वाले नितिन सक्सेना ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा सड़क निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई तो शुरू कर दी गई, लेकिन इसके लिए तय मानकों का पालन नहीं किया गया।

बुधवार का महाकाल श्रृंगार



खतरनाक पार्किंग ...

शहर में अब यातायात के मामले में नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं। बढते चौपहिया वाहन एवं उनकी रेलमपेल पार्किंग अब समस्या को सुरसा बनाती जा रही है। एक समय था जब शहर में एक चौपहिया वाहन अगर गलत पार्किंग किया जाता था तो कुछ ही देर में यातायात के नियमों की जानकार वर्दी पहुंच जाती थी और खतरनाक पार्किंग का चालान बन जाता था। ऐसे में अगर वाहन मालिक कोई विवाद करता तो दुसरे दिन समाचार पत्रों की सुर्खियों में भी आ जाता था। समय बदला और वाहनों की संख्या इतनी हो गई की नए शहर की चौडी सडकों पर भी वाहन नहीं समा रहे हैं। यहां भी चौपहिया मनमाफिक जगह पर खडी की जा रही है। यहां तक की आधी सडक तक वाहनों की पार्किंग हो रही है और शेष बची सडक से क्षेत्र की वर्दी का वाहन बमुश्किल निकल पा रहा है। उस पर भी वर्दी के वाहन का चालक कुछ बोलने की स्थिति में भी नहीं है। अपरांह के समय में शहर के फ्रीगंज क्षेत्र में एक बार तफरीह के लिए आप निकलेंगे तो ऐसे एक नहीं अनेक दृश्यों से आप रूबरू होंगे। इस दौरान चौपहिया वाहन चालकों को सडक पर पार्किंग को लेकर न तो कोई नियम पालन का स्मरण रहेगा और न ही वे उसका पालन करेंगे। अगर फूटपाथ पर दुसरा वाहन पार्क है तो उसके बाजू में ही आधी सडक तक खतरनाक स्थिति में वाहन पार्क करना शान समझा जाएगा। खास तो यह है कि शब्दों में स्मार्ट शहर के सीसी टीवी कैमरा मात्र दिखावे के ही रह गए हैं। कैमरे से कभी आनस्पाट कार्रवाई करने का भी चलना होना चाहिए। जिसमें हाथों-हाथ ही यातायात के अपराध करने वालों को आनस्पाट ही पकडा जाए और दंडित किया जाए। टावर पर बाबा साहब के सामने वाले हिस्से में नगर की संस्था ने कार्रवाई की थी। एक बार फिर से यहां नगर सेवा का स्टाप संचालित हो रहा है। यहां अवैध पार्किंग चल रही है। रोटरी के लिए सुरक्षा गार्ड रखने का बोला गया था लेकिन अब भी रोटरी में अंजाने लोग जमे रहते हैं। खुसूर-फुसूर है कि चौपहिया वाहनों के चालक अब वजनदारी वाले हो गए है। उनके जेक भारी हैं। नियम वाली वर्दी मात्र आउटर मार्ग तक एवं ग्रामीणों तक सिमट कर रह गई है। ग्रामीणों को नियम सिखाए और याद दिलाए जाने के काम में व्यस्त है। खतरनाक रूप से शहर में वाहनों की पार्किंग करने वाले जेक के नियमों के जानकार हैं।

खुसूर फुसूर

त्यौहार एक, लेकिन उसके रंग पूरी दुनिया में भिन्न

दुनिया के कुछ देश गर्मियों मे मनाते हैं क्रिसमस

पं राहुल शुक्ल ▸▸ उज्जैन

जहां पूरी दुनिया मे क्रिसमस कंपकंपाती ठंड मे मनाया जाता है वहीं कुछ देशो मे क्रिसमस भीषण गर्मियों मे आता है। पृथ्वी के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्द्ध मे मौसम एकदम विपरीत होते हैं। जब पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध मे ठंड का मौसम रहता है तब दक्षिणी गोलार्द्ध मे भीषण ग्रीष्म ऋतु होती है। इसी के कारण दक्षिण गोलार्द्ध मे स्थित देशों मे माह दिसम्बर गर्मियों मे आता है। दक्षिण गोलार्द्ध मे स्थित देश आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ब्राजील, अर्जेन्टीना व मेडागास्कर ऐसे देश हैं जहां दिसम्बर मे भीषण गर्मी होती है अतः ये देश गर्मियों मे क्रिसमस मनाते हैं।

सुनहरी धूप मे क्रिसमस ट्री

सबसे मजेदार बात तो ये है कि आमतौर पर क्रिसमस ट्री ठंडे प्रदेश का वृक्ष है और स्नोफाल वाले क्षेत्र मे इसे दिखाया जाता है किन्तु आस्ट्रेलियाई लोग सुनहरी धूप मे क्रिसमस ट्री को खूबसूरत ढंग से समुद्र तट पर सजाते हैं । कहीं कहीं पर कृत्रिम स्नोफाल के दृश्य भी प्रस्तुत किए जाते हैं।

न्यूजीलैंड मे फोटूकावा वृक्ष

न्यूजीलैंड मे स्थानीय फोटूकावा पेड को क्रिसमस ट्री का प्रतिरूप बनाकर सजाया जाता है। लाल रंग के फूल वाला ये वृक्ष बहुत सुन्दर होता है। माओरी परंपरा के अनुसार क्रिसमस गीत गाए जाते हैं।

गर्मियों के कारण डेजर्ट फूड

आस्ट्रेलियाई व न्यूजीलैंडर्स गर्मी के मौसम मे क्रिसमस मनाते हैं तो डिशेस भी दूसरे देशों से अलग होती हैं। प्रायः ठंडे मांस व पेय के साथ त्योहार मनाया जाता है। सबसे ज्यादा हेमटर्की मीट, सीफूड जैसे झींगा व ओयस्टर के व्यंजन बनाए जाते हैं और परोसे जाते हैं। विभिन्न फ्लेवर की आइस्क्रीम व ठंडी शराब के साथ क्रिसमस मनाया जाता है।

सर्फिंग व कीकायकिंग

इन दोनो देशों मे क्रिसमस के उपलक्ष्य मे रोमांचक खेल जैसे सर्फिंग व कीकायकिंग आदि समुद्र मे आयोजित किए जाते हैं जिसका लुत्फ उमंग के साथ लोग उठाते हैं।

आर्मेनिया मे जनवरी मे क्रिसमस

कुछ देशों मे पुरातन जूलियन कैलेण्डर को मान्यता है जो ग्रेगेरियन कैलेण्डर से भिन्न है। जूलियन कैलेण्डर अनुसार प्रभु ईसा का जन्म 6 जनवरी माना गया है इसलिए आर्मेनिया व यूक्रेन आदि देशों मे क्रिसमस 6 जनवरी को मनाया जाता है। त्योहार एक ही है किन्तु उसके रंग पूरी दुनिया मे भिन्न हैं ।

बीच पार्टियों के साथ क्रिसमस

आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड मे क्रिसमस अलग ढंग से मनाया जाता है। इन दोनो देशों मे चूंकि क्रिसमस के समय भीषण गर्मी होती है तो यहां के ईसाई क्रिसमस पर समुद्रतट पर बीच पार्टियां आयोजित कर क्रिसमस मनाते हैं। समुद्र तट पर क्रिसमस कैरोल गीत बजते रहते हैं और खान पान चलता रहता है। आउटडोर एक्टिविटिज के साथ क्रिसमस का लुत्फ उठाया जाता है।

एयरपोर्ट की तर्ज पर लगाए गए टैनसाइल फैब्रिक शेड

नगर निगम का चक्रतीर्थ पर सौंदर्यकरण कार्य पूर्ण, 01 करोड़ से अधिक की लागत से कार्य करवाए गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चक्रतीर्थ पर नगर निगम ने सौंदर्यकरण कार्य को अंजाम दिया है। इन कार्यों में चक्रतीर्थ पर एयरपोर्ट की तर्ज पर टैनसाइल फैब्रिक शेड लगाए गए हैं। दाह संस्कार स्थल पर पुराने पतरे के शेड को हटाया जाकर नए शेड लगवाए गए हैं। बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियां, रंगाई पुताई, टॉयलेट निर्माण एवं संधारण कार्य, ओटलों का निर्माण उनकी रंगाई पुताई एवं मार्किंग कार्य इत्यादि आवश्यक कार्य करवाए गए हैं।

चक्रतीर्थ पर शव यात्रा के साथ आने वाले लोगों को अब यहां बहुत कुछ बदला झबदला सा नजर आ रहा है। यहां नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा महापौर मद से 76 लाख रुपए की राशि से 80 मीटर लंबे स्पेशल डोम टेंसाइल फैब्रिक शेड निर्माण का कार्य भी इसी क्रम में करवाया गया है। यहां पर निगम मद से 25 लाख रुपए की लागत से अन्य आवश्यक कार्य करवाए गए हैं जिसमें दाह संस्कार के स्थान पर जो पुराने पतरे के शेड थे उन्हें हटाया जाकर नए शेड लगवाए गए हैं, बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियां, रंगाई पुताई, टॉयलेट निर्माण एवं संधारण कार्य, ओटलों का निर्माण उनकी रंगाई पुताई एवं मार्किंग कार्य इत्यादि आवश्यक कार्य करवाए गए हैं।

सुंदरता एवं प्राकृतिक बचाव दोनों

महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि एयरपोर्ट की तर्ज पर चक्रतीर्थ पर टैनसाइल फैब्रिक शेड निर्माण का कार्य किया गया हे जिससे यहां आने वाले नागरिकों को गर्मी, धूप एवं बारिश से बचाव होगा साथ ही चक्रतीर्थ की सुंदरता भी बढ़ेगी ।शेड निर्माण के लिए पूर्ण सुरक्षा एवं सावधानी रखी गई है पाइप लगाए जाने के लिए 6 फीट नीचे गड्ढे करते हुए पाइप लगाए गए हैं। यह शेड सालों साल चलेगा । इसमें किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। यहां आने वाले नागरिक स्वच्छता के साथ-साथ शांति का अनुभव करेंगे।

01 माह में पूर्ण होगी कानीपूरा एलआईजी युनिट-आयुक्त

कानीपुरा स्थित एलआईजी श्रेणी के 48 आवासीय यूनिटों का कार्य 01 माह की समय अवधि में पूर्ण करना होगा। वर्तमान में 70 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही एक फ्लैट एवं दुकान का मॉडल पूर्ण रूप से तैयार करके रखें ताकि यहां आने हितग्राही फ्लैट एवं दुकान का मॉडल देख सकें। 15 दिनों में कानीपुरा के फ्लैटों की नीलामी हेतु निविदा आमंत्रित किए जाने के निर्देश निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बुधवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कानीपुरा, मंछामन एवं अलखधाम स्थित प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

25 दिसंबर : तुलसी पूजन दिवस

सनातन धर्म में तुलसी पौधे का विशेष महत्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सनातन धर्म में तुलसी पौधे का विशेष महत्व माना जाता है और इसकी पूजा अन्य देवी-देवताओं की तरह की जाती है। हर साल 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है। इस बार यह दिन गुरुवार को पड़ रहा है, जो भगवान विष्णु की पूजा के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। श्री विष्णु को तुलसी अति प्रिय है, ऐसे में इस दिन का महत्व और बढ़ जाता है।

तुलसी पूजन दिवस पर करें ये उपाय

इस बार गुरुवार को तुलसी पूजन दिवस मनाया जा रहा है, ऐसे में आप इस दिन सुबह स्नान करने के बाद पीले रंग के वस्त्र को धारण करें। अब आप माता तुलसी की पूजा अर्चना करें और 3 या 7 बार परिक्रमा करें। इस उपाय के करने से आपको तुलसी माता के साथ-साथ प्रभु श्रीहरि की कृपा प्राप्त होती है।

दूर होगी नकारात्मक ऊर्जा

तुलसी दिवस पर सूर्यास्त के बाद तुलसी के समक्ष गाय के घी का दीपक जरुर जलाना चाहिए। ऐसा करने से घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिल जाएगी। इसके साथ ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहता है।

इन बातों का रखें ख्याल

शुभ फलों की प्राप्ति के लिए तुलसी पूजन दिवस के दिन कुछ बातों का ध्यान रखना जरुरी है। ध्यान रहे कि बिना स्नान किए तुलसी को स्पर्श ना करें। इसके साथ ही कभी भी सूर्यास्त के बाद तुलसी में जल न अर्पित करें। रविवार, अमावस्या और एकादशी के दिन तुलसी में जल अर्पित नहीं करना चाहिए।

साध्वी प्राची सिंह बोली केरला स्टोरी, कश्मीर फाइल्स को झूठा कहने वाले देंख लें बांग्लादेश स्टोरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जहां भी संख्या बल कम होता है वहां हिंदू समाज को प्रताड़ित किया जाता है। जो लोग केरला स्टोरी और कश्मीर फाइल्स को झूठा कह रहे थे वो आज हकीकत में बांग्लादेश स्टोरी देख लें। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही क्रूरता ना केवल निंदनीय है बल्कि बेहद दर्दनाक और शर्मनाक भी है।

उक्त बातें उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए जा रही प्रखर हिंदूवक्ता साध्वी प्राची सिंह ने बुधवार को शाजापुर अल्प प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा में कहीं। उन्होंने स्थानीय मां राजराजेश्वरी माता मंदिर में दर्शन भी किए। इस दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए साध्वी प्राची सिंह ने बांग्लादेश की घटना पर बुद्धिजीवी वर्ग की चुप्पी को देश के लिए अत्यंत दुखद बताया। उन्होंने कहा कि मैं भारत की सरकार से निवेदन करती हूं कि समय आ गया है अब फाटक खोल दें ताकि बांग्लादेश में प्रताड़ित हो रहे हिंदू अपने राष्ट्र में सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश में हो रहे हिंदू समाज के नरसंहार को लेकर सेक्यूलर गेंग खामोश बैठी है। बिहार में नीतीश कुमार के नकाब हटाने पर बवाल करने वाले बांग्लादेश में दीपूदास के सरेआम जिंदा जलाए जाने पर गूंगे-बहरे हो गए हैं। नितेश कुमार ने नकाब हटाकर क्या गलत किया उन्होंने यही देखा कि नकाब में डिग्री लेने वाली सलमा है या नकाब की आड़ में कोई सलमान डिग्री लेने आ गया। पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाए जाने के सवाल पर भी साध्वी प्राची सिंह ने बेबाकी से कहा कि हिंदुस्तान में किसी आक्रांता की विचारधारा के लिए कोई स्थान ना कभी था, ना है और ना ही कभी रहेगा।

साल 2026 में गुरु का बड़ा खेल, 3 राशियों का बदलेगा भाग्य, मिलेगी समृद्धि या झेलना होगा संकट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वैदिक ज्योतिष में गुरु ग्रह को भाग्य, ज्ञान, धर्म, विवाह, संतान, धन और आध्यात्मिक उन्नति का कारक माना जाता है। गुरु ग्रह जहां पर बैठते हैं, वहां पर विकास, विस्तार और सीख का मार्ग खोलते हैं। वहीं जब गुरु ग्रह शुभ होते हैं, तो जातक के जीवन में सुख-समृद्धि, मान-सम्मान और उन्नति आती है। बता दें कि साल 2026 में बृहस्पति का गोचर तीन राशियों में होने जा रहा है। साल की शुरूआत में गुरु ग्रह का गोचर मिथुन राशि में रहेगा।

फिर 02 जून 2026 को गुरु ग्रह अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। वहीं 31 अक्तूबर 2026 को गुरु ग्रह कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। इसके बाद 13 दिसंबर 2026 को गुरु ग्रह सिंह राशि में वक्री हो जाएंगे। ऐसे में गुरु ग्रह का यह परिवर्तन सभी राशियों को प्रभावित करने वाला है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि गुरु ग्रह का यह गोचर राशियों पर कैसा प्रभाव दिखाएगा।

मिथुन राशि

इस दौरान गुरु आपकी राशि के 12वें भाव में गोचर करेंगे। इस गोचर से खर्च बढ़ेंगे और अस्पताल या विदेश यात्रा का योग बन सकता है। वहीं इस राशि के लोग मानसिक रूप से अस्थिर और अकेलापन महसूस कर सकते हैं। आपको धन के मामले में थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि आपका बजट बिगड़ सकता है। हालांकि यह समय आध्यात्मिक विकास के लिए काफी अहम है।

पूजा-पाठ, ध्यान और एकांत आपके लिए लाभकारी होगा। विदेश से जुड़े कार्यों में लाभ मिल सकता है। वहीं नौकरी में दबाव बढ़ सकता है, लेकिन आप इसको धैर्यपूर्वक संभाल लेंगे। यह आपको अधूरे कार्यों को समेटने का समय है। न कि कोई बड़े निर्णय लेने का समय है।

कर्क राशि

कर्क राशि वाले जातकों के लिए यह पूरा साल काफी सर्वश्रेष्ठ होगा। गुरु आपकी राशि में उच्च होकर आएंगे। जिससे जीवन में नई ऊर्जा और पॉजिटिव बदलाव महसूस करेंगे। इस दौरान कर्क राशि के जातकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, हेल्थ में सुधार होगा और खुद को पहले से ज्यादा स्थिर और मजबूत पाएंगे।

इस दौरान कर्क राशि के जातकों को उन्नति के मौके मिलेंगे, समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। विवाह के योग्य हो चुके लोगों के लिए अच्छे रिश्ते आएंगे। व्यापार में वृद्धि होगी और आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। इस दौरान आप जो भी काम करेंगे, उनमें अधिक सफलता मिलने की संभावना है। यह नई शुरूआत, आत्म-विकास और जीवन को एक नई दिशा देने का सबसे अच्छा समय साबित हो सकता है।

सिंह राशि

इस अवधि में गुरु ग्रह आपके दूसरे भाव में गोचर करेंगे। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आय के भी स्त्रोत बढ़ेंगे। बचत बनने लगेगी और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आपकी वाणी का प्रभाव बढ़ेगा। साथ ही सिंह राशि के जातकों को नौकरी में वेतन वृद्धि या फिर बोनस मिलने की संभावना है।

व्यापारियों को नए ग्राहक और आर्थिक सफलता मिलने के योग हैं। इस अवधि में परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा और आपकी सलाह को महत्व मिलेगा। इस समय किया गया निवेश आपको भविष्य में लाभ दे सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद आपके साथ रहेगा। कुल मिलाकर यह समय परिवार और धन दोनों मामले में स्थायित्व और संतुलन लेकर आएगा।

म.प्र. स्तरीय नागर ब्राह्मण प्रतिभाशाली छात्र प्रोत्साहन समिति उज्जैन द्वारा

48 वां पुरस्कार वितरण समारोह

(नागर रत्न स्व. श्री विष्णुप्रसादजी नागर की स्मृति में)

समस्त छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं सम्मानित अतिथियों का

हार्दिक अभिनन्दन

अतिथिगण

अभिनव शर्मा, सहायक महाप्रबंधक , केनरा बैंक, उज्जैन रीजन
श्री केदार रावल, अध्यक्ष, म. प्र. नागर ब्राह्मण परिषद
श्री विजय शर्मा, अध्यक्ष, उज्जैन नागर ब्राह्मण परिषद
श्री विजय प्रकाश मेहता, वरिष्ठ समाज सेवी

दिनांक 25/12/2025, वार- गुरुवार
पुरस्कार वितरण दोपहर 2 बजे से

स्थान- पं. सूर्यनारायण व्यास सभागृह कालिदास अकादमी, कोठी रोड, उज्जैन

स्व. श्री गोवर्धनलाल मेहता
संस्थापक, दैनिक अवन्तिका

समाज के सभी सम्माननीय परिवार सहित सादर आमंत्रित हैं।

सौजन्य से
दैनिक अवन्तिका

स्व. श्री विष्णुप्रसाद नागर
समिति संस्थापक

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

महाकाल मंदिर में अब नहीं होगी भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में नववर्ष पर भीड़ को देखते हुए 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग बंद कर दी है। 10 दिन के लिए यहां नियमों में बदलाव हुआ है। इस बार नए साल पर 10 लाख श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान है। उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में नववर्ष को देखते हुए भस्म आरती की दर्शन व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। बुधवार को यानि 25 दिसंबर से भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग 10 दिनों के लिए बंद रहेगी। इसके लिए अब या तो श्रद्धालुओं को ऑफलाइन परमिशन लेनी होगी। या फिर चलित भस्म आरती से ही श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन कर पाएंगे।

श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया- नववर्ष पर बाबा महाकाल के दर्शन और आशीर्वाद करने के लिए लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इसलिए मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्था जुटाए जा रही है। साथ ही 5 जनवरी तक मंदिर में सुबह 4 बजे होने वाली भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग को भी आज से बंद कर दिया जाएगा।

श्रद्धालु देर रात को लाइन में लगेंगे और नंदी हॉल के ऊपर के बैरिकेट से चलित रूप से भस्म आरती के दर्शन कर सकेंगे। अभी वर्तमान में 1800 श्रद्धालु ही प्रतिदिन बाबा महाकाल के दर्शन कर पाते हैं। लेकिन इस नई व्यवस्था के कारण प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन कर पाएंगे।

चलित भस्म आरती होगी शुरू

भले ही ऑनलाइन भस्म आरती की बुकिंग नहीं हो पाएगी। लेकिन बाबा महाकाल के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को निराश होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के द्वारा चलित भस्म आरती की शुरूआत इन 10 दिनों के दौरान की जाएगी। जिसमें श्रद्धालुओं को भस्म आरती देखने के लिए परमिशन की जरूरत नहीं होगी। ऑनलाइन बुकिंग बंद होने पर अब श्रद्धालुओ को ऑफलाइन भस्म आरती की बुकिंग करवाना होगी। इसके लिए काउंटर की खिड़की से आवेदन देना होगा और यहीं से भस्म आरती में शामिल होने की परमिशन मिल पाएगी।

छुट्टियां शुरू होते ही मंदिर में भक्तों का सैलाब

नववर्ष को लेकर अभी से ही छुट्टियां लग चुकी है और बड़ी संख्या में देश विदेश से श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिए धार्मिक नगरी उज्जैन पहुंचने लगे हैं। पिछले दो दिनों से महाकालेश्वर मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे हैं, जो कि महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन करने के साथ ही शहर के काल भैरव, चिंतामण गणेश, हरसिद्धि, मंगलनाथ, सांदीपनि आश्रम और अन्य मंदिरों पर भी दर्शन व पूजन करने के लिए पहुंच रहे हैं। रामघाट पर भी सुबह से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने और दान पुण्य करते भी दिखाई दे रहे हैं।



न्यूज ब्रीफ

निर्माण अनुमति निरस्त के विरोध में सौंपा ज्ञापन

उज्जैन। अंकपात मार्ग स्थित विनोद चोपड़ा के भूखंड पर भवन निर्माण की अनुमति निरस्त किए जाने के विरोध में भवन स्वामियों ने नगर निगम गेट पर प्रदर्शन कर निगमायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विधिवत अनुमति दिए जाने के बाद बिना किसी ठोस आधार के भवन निर्माण की अनुमति निरस्त की गई, जो कि नियम विरुद्ध है। मामले में भवन स्वामियों ने बताया कि निगम से अनुमति 17 सितंबर 25 को लेकर निर्माण शुरू किया था। बावजूद अनुमति निरस्त कर दी गई। 13 अक्टूबर 25 को जोन क्रमांक दो के भवन निरीक्षक, प्रभारी लिपिक एवं पटवारी द्वारा निरीक्षण किया गया।

सुशासन सप्ताह के अंतर्गत किया कार्यशाला का आयोजन

उज्जैन। मंगलवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में सेवा निवृत्त आईएएस अधिकारी आशीष सक्सेना के मुख्य आतिथ्य में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत सुशासन प्रथाओं और पहल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, वनमंडलाधिकारी अनुराग तिवारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि विगत 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत जल शक्ति अभियान, खेत तालाब, अमृत सरोवर फेज 2 कूम रिचार्ज , मत्स्य पालन विभाग के अंतर्गत किए जाने वाले उल्लेखनीय कार्य एवं नवाचार, विभाग द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य, सफलता की कहानी, आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वसहायता समूह, प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण, लखपति दीदी, शक्ति दीदी योजना, बीमा सखी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा भी किए गए नवाचारों के बारे में विस्तार से बताया गया। श्री सक्सेना ने इस अवसर पर कहा कि सुशासन के लिए स्मार्ट वर्क की आवश्यकता है। इसमें अंग्रेजी के SMART शब्द को ध्यान में रखकर हमें कार्य करना चाहिए। प्रशासकीय कार्य को स्मार्ट के पहले अक्षर S के अनुसार सरल तरीके से क्रियान्वित कर आमजन के लिए कार्य करना चाहिए। लोकसेवक होने के नाते हमारे मन में जन सेवा की भावना होनी चाहिए। अक्षर M के अनुसार हमारे मोरल (आदर्श) अच्छे होने चाहिए। A के अनुसार अकाउंटिबलिटी अर्थात दायित्व निभाने की भावना, R अनुसार रिस्पॉन्सिबिलिटी (जिम्मेदारी) और T के अनुसार ट्रांसपेरेन्सी (पारदर्शिता) से कार्य करने चाहिए।

अडानी ग्रुप 1500 करोड़ रुपए का निवेश करेगा: फार्मा कंपनी भी लगाएगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी में 17 हजार करोड़ रुपए की नई इंडस्ट्री लगने के बाद जल्द ही फार्मा की नई इंडस्ट्री और अडानी ग्रुप भी 1500 करोड़ रुपए के नए इंवेस्टमेंट कर उज्जैन में नई इंड्रस्ट्री लगाएंगे। इतनी बड़ी इंडस्ट्री लगने के बाद एमपीआईडीसी एक पोर्टल बनाकर लॉन्च करेगी जिसमे किस इंडस्ट्री में रोजगार है किसे वेंडर की जरूरत है उन सभी की डिटेल उस पोर्टल में मौजूद रहेगी।

बुधवार को MPIDC ने बीते 2 वर्षो में संभाग में लगी नई इंडस्ट्री के बारे में जानकारी देने के लिए विक्रम उद्योगपुरी में एमपीआईडीसी के निदेशक राजेश राठौर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए प्रजेंटेशन में बताया कि सीएम डॉ. मोहन यादव प्रयासों दो वर्ष में उज्जैन संभाग में 38 हजार करोड़ और उज्जैन में जिले में 17 हजार करोड़ का इंवेस्टमेंट आया है, जिसमें कई बड़ी नामी कंपनी भी शामिल हैं। जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिला है। अभी 25 हजार करोड़ के नए प्रस्ताव मिले हैं। उज्जैन में जल्द ही नई फार्मा इंडस्ट्री आएगी।

प्रभात फेरी निकली, गुरुद्वारों में हुए शब्द कीर्तन, प्रतिदिन करना चाहिए गुरबाणी का पाठ

उज्जैन में गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व पर 5 दिवसीय आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिख पंथ के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों के साथ 23 दिसंबर से शुरू हो गया है। इस अवसर पर बुधवार सुबह शहर के सभी गुरुद्वारों से प्रभात फेरियां निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गुरुद्वारों में दिनभर कथा और कीर्तन के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

बुधवार सुबह शहर के विभिन्न गुरुद्वारों से निकली प्रभात फेरियां चामुंडा माता चौराहे पर सुबह 6 बजे एकत्रित हुईं।

बुधवार सुबह शहर के विभिन्न गुरुद्वारों से निकली प्रभात फेरियां चामुंडा माता चौराहे पर सुबह 6 बजे एकत्रित हुईं।

सिख को प्रत्येक दिन करना चाहिए गुरबाणी का पाठ

सिख समाज के संभागीय प्रवक्ता एसएस नारंग ने गुरबाणी की व्याख्या करते हुए बताया कि प्रत्येक सिख को प्रतिदिन गुरबाणी का पाठ करना और सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह शरीर परमात्मा का दिया हुआ है, इसलिए गुरु के बताए मार्ग पर चलते हुए ईश्वर के नाम का ध्यान करना चाहिए।

आयोजन श्रृंखला में 25 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे से नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सुबह 10 बजे गुरुद्वारा सुख सागर से शुरू होकर गुरुद्वारा माता गुजरी बुधवारिया पर समाप्त होगी। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष इकबाल सिंह गांधी, संभागीय अध्यक्ष सुरजीत सिंह डंग, गुरु सिंह सभा के महासचिव जसविंदर सिंह ठकराल और गुरुद्वारा श्री दशमेश दरबार के प्रभारी जसवंत सिंह मक्कड़ सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

सायकल पोलो की राष्ट्रीय स्पर्धा

उज्जैन की 3 टीमें बिहार के लिये से आज होगी रवाना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन-राष्ट्रीय सायकल पोलो स्पर्धा मध्यप्रदेश का 24 सदस्यो का दल 25 दिसंबर को उज्जैन से रवाना होगा । इस संबंध में हुई शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान पर टीम की घोषणा में 40 वी सब जूनियर, 44 वी जूनियर एवम 46 वीं सीनियर बालक वर्ग की मध्य प्रदेश टीम का चयन हुआ।

26 से 30 दिसंबर तक आरा भोजपूर (बिहार) मे प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता ऑल बिहार सायकल पोलो असोसिएशन द्वारा आयोजित की गयी है। मध्यप्रदेश टीम के खिलाडी इसमें शामिल होंगे।

- सब जूनियर वर्ग- विनायक राठोड, मयंक परमार, आशुतोष मालवीय, रोशन, विकास सूर्यवंशी, शांतनु, योगेश, एवम आयुष कोच - विवेक वैद्य
- जूनियर वर्ग- आयुष मालवीय (कप्तान) पृथ्वीसिंह परस्ते, आदित्य मालवीय, आदित्य अजमेरी, नेपाल बामनिया, सुमित सिंह राठोड अखिलेश फुलेरिया एवम शिवम पाटीदार कोच - अजय भावे
- सीनियर वर्ग- भीम खराडी कप्तान, आसूर्यवंशी, दिव्यांश परमार, आयुष मालवीय पृथ्वीसिंग परस्ते आदित्य मालवीय, आदित्य अजमेरी, ओलेश फुलेरिया कोच - अजय भावे ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने की राजनैतिक दलों के साथ बैठक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत उज?जैन जिले में मतदाता सूची का प्रारुप प्रकाशन किया गया। कलेक?टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रौशन कुमार सिंह ने इस संबंध में प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मंगलवार 23 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारुप प्रकाशन किया गया है। इसके पश्चात आगामी 22 जनवरी तक इस संबंध में दावें आपत्तियां प्राप्त किए जाएंगे। 14 फरवरी तक नोटिस चरण और दावें आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। यदि इसमें कोई त्रुटि हो तो उसे सुधारने का समय 22 जनवरी तक है। इसके पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी तक किया जाएगा।

बैठक में जानकारी दी गई कि मतदाता सूची के प्रारुप प्रकाशन के अनुसार उज्जैन जिले में कुल 2021 मतदान केंद्र है। तथा 14,58,616 मतदाता है। इएफ मेपिंग में 14,58,616 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन किया गया है। 48,035 मतदाताओं की मेपिंग नही हुई है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बैठक में बताया कि नो मेपिंग का यह अर्थ बिल्कुल नहीं है कि उक्त मतदाताओं का नाम सूची से काटा गया है। इन लोगों को नोटिस दो प्रतियों में जारी किए जाएंगे और इन मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोजन द्वारा निर्धारित किए गए 11 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज जारी करना होंगे।

विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी रहे उपस्थित

विभिन्न विधानसभा क्षेत्रवार प्रत्येक बुथ लेवल पर मतदाता प्रारुप सूची का वाचन किया जा चुका है। मतदाता सूची के प्रारुप प्रकाशन का अवलोकन बुथ लेवल पर किया जा सकेंगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संदीप सिंह एवं उज्जैन उत्तर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री एल एन गर्ग, उज्जैन दक्षिण की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रीमती कृतिका भीमावत एवं निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

यूथ कांग्रेस का चलो पंचायत अभियान उज्जैन से शुरू

सरकार की विफलताओं पर उठाएगी आवाज, आने वाले दिनों में कलेक्ट्रेट और नगर निगम का घेराव करेगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन के बाद यूथ कांग्रेस ने आज चलो पंचायत अभियान की शुरूआत की। यह अभियान उज्जैन से शुरू होकर प्रदेश के प्रत्येक जिले में पहुंचेगा, जहां भाजपा सरकार की कथित विफलताओं को जनता के बीच रखा जाएगा। यह बात यूथ कांग्रेस के मध्य प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने अभियान के शुभारंभ के दौरान कही।

यश घनघोरिया ने कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है। वोट चोरी, मनरेगा और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर जनता को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस का उद्देश्य है कि युवा आवाज उठाएगा, हर अधूरा वादा याद दिलाएगा। इस दौरान युवाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी मांगों को बुलंद किया। मीडिया से चर्चा करते हुए यश घनघोरिया ने कहा कि यूथ कांग्रेस आने वाले दिनों में कलेक्ट्रेट और नगर निगम का घेराव करेगी और हर जिले में सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान कई वादे किए गए थे, लेकिन आज तक कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। रोजगार के अभाव में युवा पलायन करने को मजबूर हैं और प्रतिदिन प्रदेश से करीब 40 महिलाएं लापता हो रही हैं, जिस पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है।

गौंधी जी का नाम और विचार आज भी प्रासंगिक

मनरेगा से गांधी जी का नाम हटाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि गांधी जी का नाम और विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संवेदनहीन हो चुकी है और अपनी सारी सीमाएं पार कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इन गंभीर मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने की मांग की। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में 62.75 लाख से अधिक युवा आज बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। लाडली बहना योजना के बाद लाडला भाई को सिर्फ धोखा मिला है। डबल इंजन सरकार ने वादे तो डबल किए लेकिन नौकरियों की रफ्तार शून्य रही।

रोजगार नहीं मिला

उन्होंने सवाल उठाया कि प्रदेश में 10.46 लाख से ज्यादा ओबीसी युवा नौकरी की तलाश में हैं, क्या बेरोजगारी का सबसे बड़ा बोझ पिछड़े वर्गों पर ही डाला जा रहा है? 2023 के भाजपा घोषणा-पत्र का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हर परिवार को कम से कम एक नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन ढाई साल बीत जाने के बाद भी किसी परिवार को रोजगार नहीं मिला। बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण के दौरान 10 हजार रुपये मासिक भत्ता देने का वादा भी किया गया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ।

सीएम के डॉक्टर बेटा-बहू कर रहे नर्मदा परिक्रमा, 15 दिन में पूरी होगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु और बहू डॉ. इशिता नर्मदा परिक्रमा पर निकले हैं। सोमवार 22 दिसंबर को ओंकारेश्वर से दोनों ने नर्मदा यात्रा की शुरूआत की है। पिछले महीने 30 नवंबर को उज्जैन में सामूहिक विवाह सम्मेलन में अभिमन्यु खरगोन जिले की डॉ. इशिता के साथ विवाह के बंधन में बंधे थे। शादी के 21 दिन बाद ही वे नर्मदा यात्रा पर निकले हैं।

नवविवाहित जोड़े अभिमन्यु और इशिता के साथ नर्मदा परिक्रमा पर उनकी बड़ी बहन डॉ. आकांक्षा यादव, जीजा जी और बडे. भाई वैभव यादव-भाभी भी साथ में नर्मदा यात्रा कर रहे हैं। ओंकारेश्वर से शुरू हुई नर्मदा परिक्रमा करीब 15 दिनों में पूरी होगी। ओंकारेश्वर से महेश्वर, बड़वानी, राजपीपला गरुड़ेश्वर), भरूच होते हुए नर्मदा सागर संगम जाकर यह यात्रा पूरी होगी।

आज होगा अंतर्राष्ट्रीय कला पर्व का शुभारम्भ

उज्जैन। विगत 26 वर्षों से कलाजगत में सक्रिय प्रदेश की प्रतिनिधि कला संस्था कलावर्त न्यास के 27वें चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कला उत्सव का शुभारम्भ आज 25 दिसंबर शाम 5.30 बजे आनंद मंगल परिसर उदयन मार्ग पर वीरभारत न्यास सचिव श्रीराम तिवारी भोपाल के मुख्य अतिथ्य में होगा। न्यास के सचिव पवन गरवाल ने बताया कि इस अवसर पर महाकालेश्वर रिसौर्ट्स प्रा.ली. के डायरेक्टर संतोष चौहान विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित रहेंगे। गरवाल ने बताया कि इस अवसर पर विशेष अलंकरण अनुष्ठान के तहत देश के ख्याति प्राप्त नईदिल्ली के चित्रकार विजेंद्र शर्मा को आजीवन उपलब्धि सम्मान प्रदान किया जावेगा। साथ ही प्रतिवर्षनुसार कला जगत के स्थापित सक्रिय वरिष्ठ एवं युवा चित्रकारों को वभिन्न अलंकरण प्रदान किये जावेंगे। गरवाल ने बताया कि यह सम्पूर्ण कला आयोजन इस वर्ष देश के प्रख्यात अग्रणी मूर्तीकार पदम भूषण राम वी. सुथार एवं कलावर्त न्यास के उपाध्यक्ष और चित्रकार स्व. रमेश आनंद की स्मृति को समर्पित होगा। स्व. रमेश आनंद को न्यास के स्थापना के आरम्भ से अब तक न्यास के प्रति निहिस्वार्थ भाव से सहयोग सहयोग व समर्पण भाव के लिये मरणोपरांत अनंत कला समर्पण सम्मान से सम्मनित किया जावेगा। सम्मान के तहत न्यास द्वारा इन के परिवार को रजत सम्मान पत्र, तथा 51000 रूपये की सम्मान निधि समर्पित की जावेगी।

गौ सम्मान आव्हान अभियान हेतु समन्वय बैठक आज

उज्जैन। भारतीय परंपरा के समस्त अराध्य देवी देवता के आशीर्वाद से भारतीय परंपरा के सभी आचार्य , मूर्धन्य संत,गौ भक्त गौ रक्षक गौ सेवक ,गौ पालकड्ड,गौ पुत्र, गौ वत्स , गौ प्रेमी जन द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर गौ सम्मान आव्हान अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान देश की प्रत्येक तहसील से ले कर देश की राजधानी दिल्ली तक संविधान के दायरे में शांतिपूर्ण तरीके से भारत वर्ष में गौ हत्या पूरी तरह बंद करने हेतु केंद्रीय कानून बनाने का 12 वर्ष से सत्ता संचालन कर रही सरकार से सत्याग्रह है। देश की शांति पूर्ण गैर राजनीतिक जनता का यह विनय ,निवेदन राम राज्य की अवधारणा को साकार रूप को देने का प्रण पर्व है। इस अभियान के समन्वय हेतु एक बैठक झालरिया मठ हरसिद्धि उज्जैन में 25 दिसंबर को अपरान्ह तीन बजे रखी गई है। इस बैठक में ग्वाल संत गोपालानंद जी , रविन्द्रानंदन जी , साध्वी श्रद्धा गोपाल सरस्वती उपस्थित रहेगी एवं अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगी इस अभियान की प्रधान संरक्षक आद्य शक्ति (मां सुरभि) एवं अध्यक्षता नंदी बाबा (नीलमणि वृषभदेव) जी कर रहे है।

आगमन पर नव-नियुक्त युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का किया अभिनंदन

उज्जैन। पंथपिपलाई में युवा कांग्रेस द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर आमजन के मूलभूत मुद्दों को लेकर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नव-नियुक्त युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का आगमन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक उज्जैन दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज सिंह चावड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगमन के दौरान उज्जैन दक्षिण विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत पंथपिपलाई में अभिनंदन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने किसानों की समस्याओं, आम जनता की परेशानियों, बिजली विभाग की कथित तानाशाही, जर्जर सड़कों व गड्ढों सहित अन्य जनहित के मुद्दों पर खुलकर आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की समस्याओं से मुंह मोड़े बैठी है और युवक कांग्रेस आमजन की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक उठाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष अर्पित यादव, संगठन मंत्री चेतन चौधरी, संभाग प्रभारी बहन स्वीटी पाटिल, जिला पंचायत सदस्य संजय वर्मा सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं, जिनके निराकरण हेतु युवक कांग्रेस द्वारा संघर्ष करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जोशीले नारों के साथ कांग्रेस पार्टी की नीतियों, नकुल सहित बड़ी संख्या में युवा साथी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

भाषा विभेद के षडयंत्र को समझना चाहिए-प्रो बलदेव भाई शर्मा

उज्जैन। भाषा विभेद के षडयंत्र को समझना चाहिए। भाषा को जिस तरह विवाद का विषय बनाया जा रहा है, वह चिंताजनक है। साम्राज्यवादियों ने भारतीय भाषाओं को समाप्त करने का षड्यंत्र रचा और उसमें सफल भी रहे। भारत में भाषाई विभेद को नकार देना चाहिए। भाषा का विचार करते समय हमें अपने सांस्कृतिक दृष्टिकोण का भी परिमार्जन करना चाहिए। अंग्रेजों ने हमारे दिमाग में जो जहर भर दिया है, उसे दूर करना पडेगा। हम अंग्रेजी भाषा का विरोध नहीं करते, लेकिन उसका उत्थान अपनी भाषाओं की कीमत पर नहीं होना चाहिए। ये उद्गार प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा माधव महाविद्यालय द्वारा भारतीय भाषा पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि बुक टेस्ट ऑल इंडिया के पूर्व अध्यक्ष प्रो बलदेव भाई शर्मा ने व्यक्त किए। वरिष्ठ पत्रकार पंकज पाठक ने डॉ हरीश पाठक के उपन्यास गांठें की समीक्षा करते हुए कहा कि यह उपन्यास हमारे मन की कई गांठें खोलता है। डॉ अरुण वर्मा ने प्रसिद्ध शायर महमूद जकी द्वारा रचित की प्रशंसा करते हुए उज्जैन का तराना को एक श्रेष्ठ रचना निरूपित किया। उन्होंने कहा कि शायरी का मिजाज बदलने का कार्य महमूद जकी ने किया है। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य प्रो कल्पना सिंह ने कहा कि भाषा विज्ञानी यहां मौजूद हैं। हमको भाषा के प्रयोग में शुद्धता रखनी चाहिए। हर भाषा की अपनी मिठास है।

माँ शिप्रा का पूजन कर सिंहस्थ तैयारियों को लेकर बैठक हुई संपन्न

उज्जैन। बड़ा पुल स्थित श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा परिसर में सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक नासिक से उज्जैन पधारे पंचदशनाम जूना भैरव अखाड़ा एवं पंचदशनाम महाकाल अखाड़ा के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राहुल नाथ महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुई। बैठक में देशभर से अखाड़े के पदाधिकारी एवं सेवा से जुड़े साधु-संत उपस्थित रहे। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व सभी संतों द्वारा माँ शिप्रा का विधिवत पूजन किया गया, तत्पश्चात सिंहस्थ से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। राजेश्वर नाथ महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में नासिक एवं उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ को लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए गए। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि श्रद्धालुओं के लिए दवाइयां, स्वास्थ्य सुविधाएं, शुद्ध पेयजल, पौष्टिक भोजन एवं अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक के दौरान महामंडलेश्वर राहुल नाथ महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि सिंहस्थ में लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से पहुंचते हैं। ऐसे में सरकार के साथ-साथ संत समाज का भी यह दायित्व है कि वे श्रद्धालुओं की सेवा में योगदान दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप उज्जैन में 2028 सिंहस्थ की तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी गई हैं।

दिन	366-5	229-3
मेन बाजार	579-1	889-5
कल्याण नाइट	379-9	499-2
मिलन डे	267-5	140-5
मिलन नाइट	469-9	368-7
मधुर डे	499-2	558-8
मधुर नाइट	670-3	467-2
शुभांक	2 6	9

अंतराष्ट्रीय कंपनियों की नई पसंद बन रहा उज्जैन तथा निर्मित सामग्री का हो रहा है विदेशों को निर्यात

दैनिक अवन्तिका » उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उद्योग फ्रेंडली नीति अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को मध्यप्रदेश में आने के लिए आकर्षित कर रही है। अमेरिका सहित कई अन्य देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी सहित देवास औद्योगिक क्षेत्र तथा आगर मालवा औद्योगिक पार्क में अपने प्लांट स्थापित किए हैं। जिनमें निर्मित सामग्री का विदेशों को भी निर्यात हो रहा है।

विक्रम उद्योगपुरी में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय कंपनी आरपीएसपीएल प्राइवेट लिमिटेड, पेप्सीको इंडिया होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड एवं आष्ट्रेलिया की प्लेग्रोटाइज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अपने-अपने प्लांट स्थापित किए है। इसी प्रकार जर्मनी की वोल्वो आयशर कंपनी द्वारा अपने प्लांट स्थापित किए गए हैं। देवास औद्योगिक क्षेत्र में जापान की सेनओह इंडिया लिमिटेड तथा स्पेन की रोका सेनेटरी प्राइवेट लिमिटेड ने अपने प्लांट स्थापित किए है। मेडिकल डिवाईस पार्क में क्लीनिसप्लाईज प्राइवेट लिमिटेड अमेरिका तथा साउथ कोरिया की ई फाइबर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने प्लांट स्थापित किए है। इसके अलावा औद्योगिक पार्क आगर मालवा में कनाडा की मेककेन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड काम कर रही है। अंतरराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा स्थापित फैक्ट्रियों में व्हीप्ड क्रीम, बेवरेजेस, खिलौने ऑटोमोबाइल पार्ट्स, सेनेटरी वेयर, मेडिकल डिवाइसेज, कैंसर डिटेक्शन कट, फ्रेंच फ्राइज आदि सामग्री निर्मित की जा रही है जिनका निर्यात विदेशों को भी किया जा रहा है। इनके अलावा कई भारतीय कंपनिया भी सम्मिलित है। जिनके द्वारा विक्रम उद्योगपुरी नागझिरी देवास औद्योगिक क्षेत्र तथा रतलाम में स्थापित फैक्ट्रियों के उत्पाद विदेशों को निर्यात हो रहे हैं। इनमें अमूल इंडिया, इस्कॉन बालाजी, बेस्ट लाइफस्टाइल, आरपीएसपीएल, सन फार्मास्यूटिकल तथा आईपीसीए लैबोरेट्रीज सम्मिलित है। इनके द्वारा उत्पादित सामग्री अमेरिका, यूक्रेन, रूस, कोरिया, कनाडा, सिंगापुर आदि देशों को निर्यात की जा रही है उज्

15 हजार से ज्यादा नौकरियां- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्पष्ट, दूरदर्शी और रोजगार-केंद्रित विजन के तहत मध्यप्रदेश आज देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों में तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीतियां, निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण, सिंगल विंडो सिस्टम, सेक्टर आधारित प्रोत्साहन योजनाएं और मजबूत आधारभूत संरचना, सभी का संयुक्त प्रभाव अब जिला स्तर तक स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। उज्जैन जिला अभ्युदय उज्जैन के संकल्प के साथ औद्योगिक, तकनीकी और आर्थिक विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। पिछले दो साल में जिले में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों एवं परियोजनाओं के माध्यम से कुल 16400 करोड़ का निवेश आया है। इनसे 15500 से अधिक को प्रत्यक्ष तथा 25,000 से अधिक को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट, रीजनल इंडस्ट्रीयल कॉन्क्लेव ने मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया है। भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के माध्यम से राज्य की बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, वहीं उज्जैन में आयोजित रीजनल इंडस्ट्रीयल कॉन्क्लेव ने स्थानीय उद्योगों, एमएसएमई और युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोले। इसके अलावा सरकार द्वारा दुबई (यूएई), स्पेन, टोक्यो (जापान), जर्मनी और यूके जैसे देशों में किए गए अंतरराष्ट्रीय रोड-शो के साथ-साथ देश के प्रमुख औद्योगिक शहरों मुंबई, बेंगलुरु, कोयम्बटूर, सूरत, कोलकाता रोड-शो के सकारात्मक परिणाम निवेश, उद्योग स्थापना और रोजगार के रूप में सामने आ रहे हैं।

उद्यमी बनकर महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश की है टीना बजाज ने

उज्जैन। उज्जैन उद्यमी युवा टीना बजाज ने उद्यमी बनकर महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश की है अपने परिवार से प्रेरणा लेकर टीना ने कोरोगेटेड बॉक्स निर्माण की फैक्ट्री स्थापित कर दी है फैक्ट्री स्थापना में बड़ा रोल मध्य प्रदेश शासन की सूक्ष्म लघु मध्यम नीति का है जिसमें उद्यमियों को बैंक लोन दिलवाने से लेकर अनुदान सहायता भी दी जाती है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उद्योग सकारात्मक नीतियों से प्रेरित होकर उज्जैन की युवा उद्यमी टीना बजाज ने इशापेक्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से फैक्ट्री स्थापित की है जिसमें कोरोगेटेड बॉक्स बनाए जाते हैं। जो मार्केटिंग में सामान पैकिंग में इस्तेमाल किए जाते हैं वर्ष 2024 में स्थापित की गई इशा पैक्स प्राइवेट लिमिटेड की लागत लगभग सवा दो करोड रुपये है जिसमें 40 प्रतिशत अनुदान सहायता शासन द्वारा दी जाएगी। ईशा के भाई प्रशांत बजाज ने बताया कि फेक्ट्री में बनाए गए कोरोगेटेड बॉक्स की सप्लाई आसपास के इंदौर रतलाम शाजापुर आगर मालवा सीहोर भोपाल से लेकर आसपास के राज्यों में भी की जा रही है। जिससे अच्छा मुनाफा अर्जित हो रहा है। उज्जैन उज्जैन में देवास रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित इस फैक्ट्री के माध्यम से करीब 15 व्यक्तियों को रोजगार मिला है। जो मध्य प्रदेश शासन की औद्योगिक नीति का प्रमुख उद्देश्य है। फैक्ट्री में काम करने वाले राकेश कुशवाहा तथा राधेश्याम परमार भी खुश हैं। उनको भी रोजगार मिल गया है। 15 बेरोजगार इशा पैक्स फैक्ट्री में रोजगार मिलने से लाभान्वित हुए हैं।

न्यायालयः-संजय श्रीवास्तव, पंचम जिला न्यायाधीश उज्जैनम.प्र.

सूचना पत्र

एम.जे.सी.जी.डब्ल्यू 16/2025

श्रीमती गीता तिलकर.. आवेदिका

वि.

सर्वसाधारण

प्रोसेस आई.डी..../2025

पेशी दिनांक 28.1.2026

प्रति,

सर्वसाधारण.

आवेदिका गीता तिलकर की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र उसके अवयसक पुत्र आदित्य तिलकर एवं कनिष्क तिलकर के अंश का भवन कमांक 178 म्यूनिसपल नंबर 6 का भाग नया नंबर 6/1 स्थित लक्ष्मीनगर उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 46/63 वर्गमीटर होकर निर्मित क्षेत्रफल 22.13 वर्गमीटर एवं ओपन क्षेत्रफल 24.50 वर्गमीटर जो कि पक्का आर.आर.सी. का बना है, को विक्रय करने की अनुमति हेतु एक आवेदन पत्र इस न्यायालय में हिन्दू अप्राप्तवयता ओर संरक्षकता अधिनियम की धारा 8 (2) एवं संरक्षकता 1956 के अधीन पेश किया गया है। उपरोक्त भवन के उपरोक्तानुसार विकय किए जाने में यदि किसी पक्ष को आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 28.1.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे। यदि नियत दिनांक को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है तो वह प्रकरण में आगामी कार्यदिवस पर सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक 23.12.2025 को हमारे हस्ताक्षर ओर न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

संजय श्रीवास्तव
पंचम जिला न्यायाधीश उज्जैनम.प्र म.प्र.

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 45 रकबा 1.350 हेक्टर मे से रकबा 0.540 हेक्टर स्थित ग्राम ढाबला रेहवारी तहसील व जिला उज्जैन को यश चंदनानी पिता श्री भगवानदासजी चंदनानी निवासी तिरूपति डिलाईट, नानाखेडा उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने टोकन बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपरोक्त भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदाकर अपने हित में रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है। अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई श्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन ककी अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेगी। इति दिनांक 24-12-2025-स्थान उज्जैन

हुसैन मलोलावाला एडवोकेट
डीएफ-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास् रोड उज्जैन
मो. 9826534221, 8839920862

न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील (ग्रामीण) व जिला उज्जैन

क्रमांक/1798/रीडर/2025 उज्जैन दिनांक 24/12/2025

विज्ञप्ति

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि प्रकरण क्रमांक 0407/31-6/2025-26 आवेदक लक्ष्मणसिंह पिता मांगीलाल निवासी कृषक ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश तहसील व जिल्ला उज्जैन में स्थित भूमि सर्वे नंबर 204/2/2/2 रकबा 0.10 हे. भूमि का फाँती नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 08/01/2026 नियत है।

अतः जिस किसी को आवेदन के सबंध में आपत्ति हो। वह अपनी आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत करें। नियत दिनांक पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

अपर तहसीलदार
तहसील (ग्रामीण) उज्जैन

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखण्डस्वामी, कपिल चौहान पिता श्री उमरावसिंह जी चौहान निवासी 34 दिप्ती परिसर, इंदौर रोड उज्जैन के एकांकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 34 स्थित महेश विहार कालोनी नानाखेडा उज्जैन में है जिसका कुल क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर है, जिसकी चर्तुसीमा पूर्व की ओरः- भूखण्ड क्रमांक 25, पश्चिम की ओर-सडक कालोनी की, उत्तर की ओर भूखण्ड क्रमांक 33, दक्षिण की ओर भूखण्ड क्रमांक 35 है, उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का विधिवत विक्रय अनुबंध लेख कर लिया है, तथा अधिकतम बयाना राशि अदा कर दी है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति किसी भी बैंक, पेढी, निगम, सोसायटी, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात किसी की कोई आपति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 24-12-2025 स्थान उज्जैन

गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट
कार्यालय--डीएफ-7 भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स,
देवास रोड़ उज्जैन मो. 99260-68606

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने अशोक शर्मा पिता श्री माताप्रसाद शर्मा, निवासी-सी-38/18, ऋषिनगर एक्सटेंशन नाग मंदिर के पास उज्जैन से उनके स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक-सी-38/18, ऋषिनगर एक्सटेंशन नाग मंदिर के पास उज्जैन में स्थित है भवन का कुल क्षेत्रफल 44.10 वर्ग मीटर हैं को मेरे पक्षकार ने सौदा कर विधिवत रूप से स्वय के हित में अनुबंध पत्र के निष्पादन के समय बयाना राशि अदा कर अनुबंधित किया हैं तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जावेगा। उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से पन्दाह दिवस की अवधि में मय प्रमाण दस्तावेज सहित लिखित में अपनी आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार दस्तावेज विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक-21/12/25

योगेश शर्मा एडवोकेट
कार्यालय-डी.एफ.-9, भरतपुरी काम्पलेक्स
देवास रोड, उज्जैन

न्यायालय कमिश्नर फॉर एम्प्लाई कम्पेनसेशन श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.

प्रकरण कमांक 123/2025 विविध

श्रीमती पेपाबाई पति स्व. मुकेश परमार आदि निवासी ग्राम बीनपुरा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन

वि.

इरफान खान पिता साबिर खान ट्रक मालिक निवासी दिलदारपुरा जिला उज्जैन

// सूचना-पत्र //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक मुकेश परमार पिता बापूजी की मृत्यु दिनांक 17.09.18 को घटित दुर्घटना में हुई थी जिसके मृत्यु मुआवजे बाबद रूपये 13,06,257-00 (तेरह लाख छह हजार दो सौ सत्तावन मात्र) नेशनल इन्शुरेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा जमा कराई गई। अतः मृतक के कोई भी आश्रित हों तो वे अपना हक प्रार्थना पत्र के साथ अटेस्टेड फोटो सहित दिनांक 10.02.26 को प्रातः 11.00 बजे श्रम न्यायालय कोठी प्रांगण उज्जैन मे प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण में आगे की कार्यवाही की जावेगी व बाद में सुनवाई नहीं होगी। मृतक के आश्रित होने संबंधि अटेस्टेड फोटो तथा पंचायत या नगर पालिका का प्रमाण पत्र भी साथ लावें। मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से आज दिनांक 22.12.25 को जारी किया गया।

(नीरज कुमार प्रजापति)
कमिश्नर फॉर एम्प्लाई कम्पेनसेशन
श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.

एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को लेकर हुई जिला कांग्रेस की बैठक

उज्जैन। एसआईआर प्रक्रिया के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक शहर कांग्रेस कार्यालय में 24 दिसंबर को आयोजित की गई। जहां प्रकाशित मतदाता सूची ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को बुलाकर उन्हें वितरित की गई ताकि वे वार्ड स्तर तक इस सूची को पहुंचाए जिससे लोग सूची में अपना नाम देख सकें वहीं पार्टी के सभी बीएलए तक यह मतदाता सूची पहुंच सके। विधायक एवं जिलाध्यक्ष महेश परमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधायक दिनेश जैन बोस, पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित हुई जिसमें विशेष रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी सहित उज्जैन जिले के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहनसिंह पलदुना इंगोरिया ब्लॉक, मधुसुदन भारद्वाज बडनगर ब्लॉक, रईस कुरेशी बडनगर शहर, अनोखीलाल राठौर भाटपचलाना (खरसोद कला) ब्लॉक, जीवन पाटीदार खाचरोद ब्लॉक, राधेश्याम चंद्रवंशी नागदा ग्रामीण ब्लॉक, लोकेश चौहान नागदा ब्लॉक, भरत शर्मा महिदपुर रोड (गोगापुर) ब्लॉक, कैलाश बगाना महिदपुर ब्लॉक, सगीर बैग महिदपुर शहर, कमलसिंह चौहान झारडा ब्लॉक, मनीष शर्मा माकडोन शहर, निहालसिंह गुर्जर माकडोन ब्लॉक, कप्तानसिंह पंवार तराना ब्लॉक, महेश रावल तराना शहर, कैलाश पाण्डेय कायथा ब्लॉक, लोकेन्द्रसिंह पंवार घटिया ब्लॉक, शंकर पटेल उन्हेल ब्लॉक, गुड्डू कुरेशी उन्हेल ग्रामीण ब्लॉक, उमेश वर्मा उज्जैन ग्रामीण ब्लॉक, पदमसिंह पटेल पानबिहार ब्लॉक, गफ्फार पटेल ताजपुर ब्लॉक, संचित शर्मा उज्जैन (उत्तर) महाराजवाडा ब्लॉक, अभिषेक शर्मा (लाला) उज्जैन (उत्तर) जीवाजीगंज ब्लॉक, रहीम शाह लाला उज्जैन (उत्तर) दौलतगंज ब्लॉक, दुर्गेश धवन उज्जैन (दक्षिण) अंबेडकर उपब्लॉक, डॉ. बबलू खीची उज्जैन (दक्षिण) शास्त्रीनगर उपब्लॉक मौजूद रहे।

डॉ. दिल्लीवाल ने महाकाल की तस्वीर भेंट कर किया राष्ट्रीय महासचिव का सम्मान

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी.एल. संतोष का स्वागत डॉ. हितेश दिल्लीवाल उपाध्यक्ष ऑल इंडिया डेंटल सर्जन एवं स्टूडेंट ऑर्गेनाईजेशन (मध्य प्रदेश) द्वारा भगवान महाकाल का पावन दुपट्टा ओढाकर तथा भगवान महाकाल की दिव्य तस्वीर भेंट कर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ किया गया। डॉ. दिल्लीवाल ने बताया कि इस शिष्टाचार भेंट के अवसर पर संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ दंत चिकित्सकों एवं छात्रों से जुडे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक एवं सार्थक संवाद भी हुआ।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सत्यवृत उर्फ सत्यव्रत (आधार कार्ड अनुसार) पिता श्री इन्द्रदेव प्रसाद सिंह, स्थाई निवासी टाउन हाईस्कूल के सामने, वृद्धा कालोनी, हाजीपुर वैशाली 844101 (बिहार) वर्तमान निवासी 3, बेचलर होस्टल, गेल काम्पलेक्स, नानाखेडा, उज्जैन (म.प्र.) हाल मुकाम सी-4/3, गेल टाउन /शिप श्रवण चौकडी, बिहाइंड नारायण मृस्ती सोसायटी भोलाव (पार्ट) भरूच 392001 (गुजरात) का निवासी हूँ। मेरे एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक आवासीय भूखण्ड क्रमांक 83. महाकाल एवेन्यू, कालोनी ग्राम लालपुर पटवारी हल्का नंबर 34, देवास रोड, तहसील व जिला उज्जैन में है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 90.00 वर्ग मीटर है। उक्त भूखण्ड मैने इसके पूर्वस्वामी पन्नालाल शर्मा पिता श्री गौरीशंकर शर्मा निवासी उज्जैन से जर्ये पंजीकृत विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक 2326 प्रस्तुती दिनांक 06.09.2012 पंजीयन दिनांक 07.09.2012 के माध्यम से विधिवत रूप से क्रय किया था तथा इसके पूर्व उक्त भूखण्ड श्री पन्नालाल शर्मा ने श्रीमती सरोज गुप्ता पति श्री चन्द्रभान गुप्ता, निवासी उज्जैन द्वारा पंजीकृत मु. आम चन्द्रभान गुप्ता पिता श्री बिहारीलालजी निवासी उज्जैन से जर्ये पंजीकृत विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक 4762 दिनांक 28.03.2011 के माध्यम से विधिवत रूप से क्रय किया था। उक्त भूखण्ड क्रय करने के उपरांत उक्त दोनों मूल विक्रय पत्र (रजिस्ट्रीया) मेरे पास से कहीं गुम हो गई है, जो कि काफी दुढने पर भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। मेरी उक्त रजिस्ट्री गुम हो जाने के संबंध में संबंधित पुलिस थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवा दी गई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज प्राप्त हो या किसी व्यक्ति्त / बैंक या वित्तीय संस्था प्राप्त हुए हो या मिले तो वह मुझसे संपर्क करें। उक्त दस्तावेजों के आधार पर किसी भी अन्य व्यक्ति से कोई संव्यवहार ना करें। यदि किसी व्यक्ति द्वारा कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह मुझ पर बंधनकारी नहीं होगा। यह सूचित हो। इतिदिनांक 24.12.2025

घनश्यामसिंह हंस, एडव्होकेट
उज्जैन कार्यालय चेम्बर नंबर 104, प्रथम मंजिल, कल्पतरू टॉवर, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र. मो. नं. 9329410391

खास न्यूज

पशुओं से भरी पिकअप पकड़ी, चालक हिरासत में

उज्जैन। पचौर से आ रही पिकअप क्रमांक एमपी 15 झेड एम 3983 में तिरपाल के नीचे छुपाकर पशुओं को वध के लिये लेकर जाने की सूचना मिलने पर तराना पुलिस ने बुधवार को घेराबंदी की, पुलिस वाहन को देख चालक ने पिकअप छोड़कर भागने का प्रयास किया। एसआई गोकुल मंडोत ने आरक्षक अरविंद, दीपक पटेल, अमरदीपसिंह और अर्चित शर्मा के साथ चालक का पीछा कर उसे पकड़ा। पिकअप की तिरपाल हटाने पर उसमें भरे 8 गाय के बछड़े भरे होना सामने आये। चालक से पूछताछ करने पर उसका नाम नाम महेन्द्र पिता किशोरी 40 साल निवासी ग्राम सिलोदा खंडवा, हाल मुकाम बड़ी ग्वाल टोली, गवली धर्मशाला के सामने थाना खजराना इंदौर सामने आया। उससे पशु परिवहन संबंधित दस्तावेज मांगे तो नहीं दिखाई। थाना प्रभारी रामनारायण भदौरिया ने बताया कि अवैध रूप से पशुओं का परिवहन करने वाले को थाने लाने पर पता चला कि वह पशुओं को पचौर से महाराष्ट्र के औरंगाबाद लेकर जा रहा था। मामले में पिकअप चालक के खिलाफ धारा 4, 6, 9 मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 एवं धारा 11 (घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। पिकअप में भरे मवेशियों को मुक्त कराकर ग्राम कामलीखेड़ा स्थित गौशाला संचालक के सुपुर्द किया गया है।

क्षीर सागर स्टेडियम के आसपास खड़ी गाड़ियां की गई जप्त

उज्जैन। क्षीर सागर स्टेडियम के आसपास चार पहिया वाहन चालकों ने अघोषित पार्किंग स्थल बना लिया था। जिसकी वजह से क्षेत्र में यातायात बाधित हो रहा था, वहीं आम नागारिकों के साथ खिलाड़ियों को आवागमन में असुविधा हो रही थी। यातायात पुलिस की संज्ञान में मामला आते ही बुधवार को यातायात डीएसपी विक्रम कनपुरिया, दिलीपसिंह परिहार टीम के साथ क्षीर सागर पहुंचे और वाहनों को जप्त कर यातायात थाना परिसर पहुंचाया। डीएसपी परिहार ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित और सुचारू बनाये रखने के लिये लगातार कार्रवाई की। सड़क किनारे और प्रतिबंधत स्थानों पर खड़ी ऐसी गाड़ियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इस तरह की कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क पर जाम की स्थिति को समाप्त करना और दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम कर आम नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्रदान करना है। डीएसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर खड़ा करें। यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त और वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

बदमाश के पास मिला 15 इंच लम्बा चाकू

उज्जैन। क्षिप्रा नदी किनारे रामघाट क्षेत्र में गाणगौर दरवाजा के नीचे मंगलवार-बुधवार रात बदमाश चाकू लेकर घूम रहा था, सूचना मिलने पर महाकाल थाना पुलिस गिरफ्तारी के लिये पहुंची और कुछ देर की तलाश के बाद बदमाश को हिरासत में लिया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 15 इंच लम्बा चाकू बरामद हो गया। पुलिस के अनुसार बदमाश गायत्रीनगर का रहने वाला अभिषेक उर्फ बगुला पिता दुर्गाप्रसाद लौहार है। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। कुछ दिनों पहले भी महाकाल पुलिस ने एक बदमाश को चाकू के साथ गणगौर दरवाजा के पास से पकड़ा था। बदमाश रात में रामघाट क्षेत्र में वारदात की नियत से घूमते है और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को निशाना बनाते है। बदमाशों की गतिविधियों को देखते हुए महाकाल पुलिस लगातार क्षिप्रा किनारे संदिग्धों और बदमाशों पर नजर रख धरपकड़ कर रही है।

युवक पर लोहे की रॉड से हमला

उज्जैन। माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम कांथड़ी में रहने वाले पवन पिता देवीसिंह पर रात में गांव के रहने वाले बहादूर ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पवन को घायल हालत में उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां घायल ने बताया कि 4 साल पहले बहादूर से विवाद हुआ था। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। वह काम की तलाश में गुजरात चला गया था, बुधवार को न्यायालय में पेश होने पर मंगलवार को अपने घर आया था, उसे सुबह न्यायालय पेश पर जाना था, उससे पहले बहादूर ने उस पर हमला किया है। माकडोन पुलिस के अनुसार घायल के बयान दर्ज कर आरोपी बहादूर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

प्रतापगढ़ से भाटपचलाना लाई पुलिस, 38 किलो तांबे के तार बरामद

पिकअप से आते थे पवन चक्की के तार चोरी करने बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नवम्बर माह में ग्राम रूनीजा से पवन चक्की में लगे तांबे के तार चोरी करने वाले बदमाशों की गैंग से पूछताछ के बाद 38 किलो तांबे के तार बरामद करने में भाटपचलाना थाना पुलिस सफल हुई है। बदमाश पिकअप में सवार होकर वारदात करने आये थे।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि ग्राम रूनीजा में लगी पवन चक्की में लगे तांबे तार चोरी होने का मामला सामने आया था। प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की जा रही थी। लगातार तलाश के बाद पता चला कि पवन चक्की के तार चोरी करने वाले बदमाशों की गैंग राजस्थान की प्रतापगढ़ पुलिस की गिरफ्त में आई है। बदमाशों से पूछताछ के लिये एक टीम प्रतापगढ़ भेजी गई, इस दौरान रूनीजा में हुई वारदात का खुलासा हो गया। बदमाशों का कोर्ट से प्रोटेक्शन वारंट जारी कराया गया। मंगलवार को पांच बदमाश भूरालाल पिता सूरज डिंडोर जाति भील निवासी ग्राम रामपुरिया थाना बडी सरवन जिला रतलाम, कालू पिता सुनिल डिंडोर ग्राम मोंगवली थाना गढी जिला बांसवाडा राजस्थान, रकमलाल पिता मनोहर चरपोटा ग्राम बोरदा रतलाम, सुनील पिता मांग्या उर्फ मांगीलाल ग्राम खुटडिया बांसवाडा और केसू उर्फ कृष्णा पिता देवा निवासी ग्राम बोरदा रतलाम को पूछताछ के लिये भाटपचलाना लाया गया। बदमाशों की निशानदेही पर पवन चक्की से चोरी किया गया 38 किलो तांबे का तार बरामद किया गया है।

बदमाशों ने बताया कि वह पिकअप में सवार होकर चोरी करने आये थे। थाना प्रभारी चौधरी के अनुसार पिकअप प्रतापगढ़ थाना पुलिस द्वारा जप्त की गई है। बुधवार को प्रोटेक्शन रिमांड खत्म होने पर पांचों बदमाशों का प्रतापगढ़ जेल भेजा गया है।

नवम्बर में चोरी की थी मारूति कार

थाना प्रभारी ने बताया कि पवन चक्की के तार चोरी करने वाले बदमाशों से नवम्बर माह में मारूति सुजिकी कार चोरी का भी खुलासा हुआ है। ग्राम सुरेल में रहने वाले हीरालाल पिता रमेश उर्फ रामेश्वर डोडिया की कार क्रमांक एमपी 20 सीएच 5486 अज्ञात बदमाश चुराकर ले गये थे। मामला सामने आने पर बदमाशों की तलाश शुरू की गई थी। इस दौरान पता चला था कि कार ताल-नागदा मार्ग की ओर गई है। पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाशों का पकड़ने का प्रयास किया था, लेकिन बदमाश कार को जंगल में छोड़कर भाग निकले थे। पवन चक्की के तार चोरी के आरोपियों से सख्त पूछताछ में उन्होने कार चोरी करना भी कबूल किया है।

मध्यप्रदेश-राजस्थान में करते है वारदात

भाटपचलाना थाना पुलिस की पूछताछ में बदमाशों ने स्वीकार किया कि वह मध्यप्रदेश और राजस्थान में लगी पवन चक्की के तार चोरी करने की वारदात को अंजाम देते है। गैंग में 20 सदस्य है, जो अलग जिलों में चोरी करने पहुंचते है। रूनीजा में पवन चक्की के तार चोरी करने पहले वह ग्राम सुरेल आये थे, जहां से कार चोरी कर ले गये थे, लेकिन पुलिस की नाकाबंदी देख बीच रास्ते में छोड़कर भाग निकले थे।

ईरानी बदमाशों को भेजा गया केन्द्रीय जेल भैरवगढ़

उज्जैन। महिलाओं को झांसा देकर आभूषण ठगने वाले ईरानी बदमाशों का बुधवार को रिमांड खत्म होने पर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है। बदमाशों को ग्वालियर की डबरा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। 10 माह पहले फरवरी में नीलगंगा थाना क्षेत्र के केटीएम शोरूम के पास जनरल स्टोर्स संचालित करने वाली सावित्री नागर से 2 बदमाशों ने सामान खरीदने के बाद आधा तोला वजनी सोने के टॉप्स ठग लिये थे। कुछ दिनों पहले ग्वालियर की डबरा पुलिस ने ईरानी बदमाश हैदर अली और अफजल मियां निवासी भोपाल को गिरफ्तार किया था।

प्रतिबंधित चाइन डोर की तलाश का तेज हुआ अभियान

उड़ती पतंगों पर दूरबीन से पुलिस की नजर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रतिबंधित चाइन डोर से होने वाले हादसों को रोकने के लिये चलाये जा रहे अभियान अब पुलिस ने ऊंची इमारतों पर चढ़कर दूरबीन से नजर रखना शुरू कर दिया है। अभियान में पुलिस द्वारा आम लोगों से संवाद कर पतंगबाजी के लिये सुरक्षित विकल्प अपनाने की बात भी कही जा रही है।

पतंगबाजी में कुछ सालों से चाइना डोर का उपयोग लगातार होना सामने आ रहा है। नायलोन से बनी डोर के काफी घातक परिणाम सामने आ रहे है। मानव ही नहीं पशु-पक्षियों की मौत का कारण भी चाइना डोर बनती दिखाई दे रही है। जिस पर प्रशासन द्वारा 2 माह का प्रतिबंध लगा दिया गया है। बावजूद बीते 24 दिनों में 3 घटना होना सामने आ चुकी है। चिमनगंज थाना क्षेत्र में छात्र योगेश आंजना गंभीर घायल हो चुका है। पुलिस ने चाइना की तलाश में दिसंबर के दूसरे सप्ताह से अभियान शुरू कर दिया था, पहले चरण में दुकानदारों को प्रतिबंधित डोर नहीं बेचने की हिदायत दी गई थी, दूसरे चरण में आर्डर पर डोर उपलब्ध कराने वालों की धरपकड़ का अभियान चलाया गया था। अब पुलिस द्वारा ऊंची बिल्ड़िगों पर चढ़कर पतंग उड़ाने वालों पर दूरबीन से नजर रख रही है। बुधवार को चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र में निगरानी की और आम लोगों से अपील करते हुए चाइना डोर का उपयोग नहीं करने के लिये जागरूक किया। 1 जनवरी से पुलिस पूरी तरह से मैदान में होगी और बेचने, उड़ाने, भंडारण करने वालों की धरपकड़ करेगी।

नाबालिगों के परिजनों पर होगा एक्शन

चाइना डोर से पतंगबाजी में नाबालिग भी शामिल है, पुलिस मैदानी इलाकों और छतों से पतंग उड़ाने वालों की जांच करने पहुंच रही है। वर्तमान में नाबालिग सबसे अधिक पतंगबाजी करते दिखाई दे रहे है। पुलिस द्वारा नाबालिगों को समझाईश दी जा रही है, अब वह प्रतिबंधित डोर के साथ पकड़े गये तो पुलिस उनके परिजनों के खिलाफ एक्शन लेकर कार्रवाई करेगी। एसपी प्रदीप शर्मा भी पूर्व में निर्देश जारी कर चुके है कि चाइना डोर से पतंगबाजी करने वालों को जेल भेजा जायेगा।

अब तक 95 रील के साथ 8 को पकड़ा

प्रतिबंध लगने के बाद नीलगंगा थाना पुलिस ने शिवांश एलिगेंस कालोनी और वाकणकर ब्रिज के पास से 5 युवको को गिरफ्तार कर 72 प्रतिबंधित खूनी डोर चाइना की रील बरामद की है। चिमनगंज थाना पुलिस ने 3 युवको को अनाज मंडी परिसर से 3 युवको का गिरफ्तार कर 23 रील जप्त की थी। सभी युवक आर्डर चाइना डोर बेचने के लिये निकले थे। पुलिस ऐसे लोगों का पता भी लगा रही है जो आर्डर पर प्रतिबंधित डोर मंगवाने का काम कर रहे है।

शाम को महाकाल पुलिस ने की सर्चिंग

बुधवार शाम को अंधेरा ढलने के बाद महाकाल थाना सीएसपी राहुल देशमुख, टीआई गगन बादल टीम के साथ क्षेत्र में नववर्ष से पहले मंदिर की ओर आने वाले मार्गो पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और अतिक्रमण हटावने के लिये निकली थी। महाकाल चौराहा से दौलतगंज तक व्यवस्था को बेहतर किया, इसी के साथ लौटते समय पुलिस टीम ने दौलतगंज चौराहा से लोहे का पुल क्षेत्र में लगने वाली पतंग दुकानों पर पहुंच चाइना डोर के मामले में सर्चिंग अभियान चलाया और दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि चाइना डोर बेची तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

संख्या : EL/TRD/58/2025-26/18
दिनांक : 23.12.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं :
निविदा क्रमांक : EL/TRD/58/2025-26/18, **कार्य का नाम** : TRD work in connection with Provision of 06 meter wide FOB with ramp at Vikramnagar and Ujjain (BPL end) under Simhastha 2028, **अनुमानित लागत** : ₹ 76,61,631/-, **बयाना राशिः** ₹ 1,53,200/-, **समापन अवधि** : 12 माह, **निविदा दस्तावेज की राशि** : Nil, **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय** : 19.01.2026 at 15:00 Hrs., **ऑफर की वैधता** : 60 days from the date of opening, **वेबसाईट** : www.ireps.gov.in, **नोटिस बोर्ड** : वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। ADM/8/1/382

Follow us on: twitter.com/WesternRly

नाम परिवर्तन सूचना

मैं रमेश चन्द पाटीदार पिता गोरधनलाल पाटीदार उम्र 54 वर्ष जाति पाटीदार (कुल्मी) निवासी ग्राम रामड़ी तहसील कालापीपल जिला शाजापुर म.प्र.465337 का निवासी होकर मेरे आधारकॉर्ड एवं मेरी भू अधिकार एवं ऋण पुस्तिका (जमीन डायरी) में मेरा नाम रमेश चन्द पाटीदार (Ramesh Chand Patidar) दर्ज है। एवं मेरे बच्चो के दस्तावेजों में मेरा नाम रामबाबू पाटीदार (Rambabu Patidar) दर्ज है, उक्त दोनो नाम के एक ही व्यक्ति है मुझे इन दोनो ही नामो 'से जाना पहचाना जाता है।

अतः राजपत्र प्रकाशन उपरांत मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम रमेश चन्द उर्फ रामबाबू पाटीदार (Ramesh Chand Urf Rambabu Patidar) दर्ज किया जावे तथा मेरे सभी शासकीय/अशासकीय/व्यक्तिगत समस्त दस्तावेजों में सही नाम रमेश चन्द उर्फ रामबाबू पाटीदार (Ramesh Chand Urf Rambabu Patidar) पहचाना एवं लिखा पढ़ा दर्ज किया जावे।

पुराना नाम- रमेश चन्द पाटीदार (Ramesh Chand Patidar)
नया नाम- रमेश चन्द उर्फ रामबाबू पाटीदार (Ramesh Chand Urf Rambabu Patidar)

भाई बोला बहन को ससुराल वालों ने जहर देकर मारा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ग्राम घौंसला से मंगलवार को 2 बच्चों की मां को पड़ोस में रहने वाली महिला बेसुध हालत में अस्पताल लेकर पहुंची थी। रात में 2 बच्चों की मां की निजी अस्पताल में मौत हो गई। मायके से आये भाई ने ससुराल वालों पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया। पुलिस मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज कर जांच शुरू करेगी।

माकडोन की रहने वाली पूजा 32 साल का 10 साल पहले ग्राम घौंसला में रहने वाले दीपक पाटीदार से विवाह हुआ था। पूजा 2 बच्चों की मां थी, जिसे मंगलवार को पडोस में रहने वाली संगीता बेसुध हालत में उपचार के लिये उज्जैन लेकर पहुंची थी। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान पूजा के जहर खाने की जानकारी डॉक्टरों द्वारा दी गई। रात में पूजा की मौत हो गई। माकडोन से पूजा के मायके वाले उज्जैन पहुंच गये थे। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान पूजा की मां कलाबाई ने बताया कि पूजा का कॉल आया था, उसने पति और सास-ससुर मारपीट करना बताया था, उसे ससुराल वालों से बात करने की बात कहीं थी, लेकिन शाम को पता चला कि अस्पताल में भर्ती है। वहीं भाई सुनील ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने बहन को जहर देकर मारा है। बहन का पति शराबी है, उनका एक बेटा ननिहाल माकडोन में रहता है। पति द्वारा आये दिन मारपीट कर बहन का प्रताड़ित किया जाता था। माधवनगर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मामले की जांच राघवी थाना पुलिस द्वारा की जाने की बात कहीं। राघवी पुलिस मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज करेगी। इस बीच यह जानकारी भी पता चली कि ससुराल वाले अस्पताल नहीं पहुंचे थे।

जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मरे पक्षकार द्वारा विक्रतागण श्री शैलेश कोचर पिता मानमल कोचर, श्री मनीषा पिता मानमल कोचर, श्री चंद्रेश पिता मानमल कोचर एवं निर्मला बाई बेवा मानमल कोचर जाति जैन निवासीगण महिदपुर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य कि भूमि ग्राम चितावदखेड़ा तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश पर स्थित सर्वे क्र. 387, 388, 389, 395 रकबा 2.63 हेक्टेयर को क्रय करने हेतु एक क्रयानुबंध निष्पादित किया गया है. उक्त क्रयानुबंध के प्रतिफल स्वरूप बयाना पेटे राशि भी विक्रेतगणों को गवाहो के समक्ष अदा कर दी गई है। अतः इस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को इस संबंध में कोई आपत्ति होतो 05 दिवस कि अवधि में मुझे मेरे कार्यालय सुभाष पथ महिदपुर पर आकर संपर्क कर सकते है। समयावधि बीत जाने पश्चात अनुबंध अनुसार विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा एवं समयावधि के बाद कि गई आपत्ति अस्वीकार होकर शून्य होगी एवं निराधार मानी जावेगी। सो सूचित होवे। दिनांक :- दिसंबर 24, 2025

पल्लव मुखिया, उच्च न्यायालय अधिवक्ता
कार्यालय 26 सुभाष पथ महिदपुर जिला उज्जैन,
मोबाइल -88189 88189

जाहिर सूचना

ग्राम कमेड के कोहिनूर सिटी भूखंड नंबर 247 तथा 248 तथा 249 तहसील घटिया जिला उज्जैन के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार ठा. साहब शाहनवाजउद्दीन शैख (छन्नु भैया), निवासी ग्राम झिरनीया शैख, जिला उज्जैन मो. न. 98272 78147 ने बेचवाल जफर हुसैन पिता अनवर हुसैन तथा नसरीन पिता अनवर हुसैन निवासी ग्राम खाचरोद रोड माटपचलाना जिला उज्जैन से भूखंड क्रमांक 248 क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट तथा भूखंड क्रमांक 249-क्षेत्रफल 600 वर्गफिट भूखंड क्रमांक 247 क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट ग्राम कमेंड के कोहिनूर सिटी तहसील घटिया जिला उज्जैन में होकर ग्राम पंचायत सीमा के अंदर स्थित है जो फील्ड राइट्स का है तीनों प्लांट का विक्रय किया गया है जिसकी रजिस्ट्री तथा बैंक फाइनेंस मारगेट कराया जा रहा है किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक निकाय आदि का किसी भी प्रकार का भार अथवा बोझा जैसे कर्ज जमानत मेंटेनेंस अटैचमेंट बिक्री डिग्री आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिन के अंदर अपनी आपत्ति में लेखी प्रमाण सहित नीचे लिखे पते पर भेजें अन्यथा अवधी गुजरने के पशचात मेरे पक्षकार सदर संपत्ति बाबद आवश्यक दस्तावेजों का निष्पादन व पंजीयन अपने हित में विक्रेता से करवा लेंगे पशचात किसी भी आपत्ति मान्य नहीं होगी

एम.ए. शेरखान सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट,
ऑफिस 312 जवाहर मार्ग आड़ा बाजार इंदौर
नि. 527 ग्रीन पार्क कॉलोनी खजूर का पेड़ धार रोड इंदौर
sher019720@gmail.com, 9826099222, 9425057700

दूसरों को क्या दोष देना

एक साधक का सवाल है- शाश्वत सुख क्या है, इसे कैसे पाया जाए? जिस व्यक्ति का मन अनंत सत्ता को अपने चिंतन का विषय बना लेता है, वह वस्तुतः परमात्मा के साथ अपनी पहचान स्थापित कर लेता है। आपके मन में सवाल उठेगा कि यदि परमात्मा अनंत है, तो फिर सीमित व्यक्तित्व का बोध कैसे जन्म लेता है?

मनुष्य का स्वभाव परिमित से अनंत की ओर, भाग से संपूर्ण की ओर बढ़ने का है। यही उसका धर्म है। यह प्रवृत्ति आत्म-संरक्षण और सुख-प्राप्ति की मूल इच्छा से उत्पन्न होती है। किंतु जब तक लक्ष्य सीमित रहता है, तब तक शाश्वत सुख संभव नहीं होता। अनादि और अनंत केवल परमात्मा है, इसलिए असीम आनंद की प्राप्ति भी उसी में संभव है। सांसारिक वस्तुएं क्षणिक सुख देती हैं, पर उनके खोने का दुख उस सुख से कहीं अधिक गहरा होता है। संसार में दिखाई देने वाला अधिकांश दुख वस्तुओं या संबंधों की हानि से उपजी पीड़ा ही है। ज्ञानी व्यक्ति इस पीड़ा से इसलिए विचलित नहीं होते, क्योंकि वे जानते हैं कि दुख का मूल कारण अपने संस्कार हैं। इकाई का व्यक्तित्व अपने आप में पूर्ण नहीं है, इसलिए जब तक वह स्वयं को संपूर्ण सत्ता में विलीन नहीं करता, तब तक दुखों से पूर्ण मुक्ति संभव नहीं। साधकों के कष्ट भी उन्हीं संस्कारों के परिणाम होते हैं, जिनको उन्होंने स्वयं अपने कर्मों से निर्मित किया है। इसलिए प्रतिक्रियाओं से भयभीत होने का कोई आधार नहीं है। दुख के क्षणों में साधक को दूसरों को दोष देने के बजाय अपने पूर्व कर्मों का आत्ममंथन करना चाहिए और भविष्य में गलत आचरण से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। उसे यह स्मरण रखना चाहिए कि जब तक विपत्तियों की अग्नि में संस्कार जलकर भस्म नहीं होते, तब तक कष्टों का अनुभव करना ही पड़ता है। इसलिए अपने दुखों के लिए दूसरों में दोष खोजना व्यर्थ है। दरअसल, वे आपकी ही क्रियाओं की प्रतिक्रियाएं हैं। साधक को अपने चिंतन का केंद्र अनादि और अनंत सत्ता को बनाना चाहिए। वही एकमात्र ऐसी सत्ता है, जो कभी विचलित नहीं होती। जहां स्थान का भेद नहीं, वहां गति भी नहीं। जिसमें सब कुछ समाहित है, उसमें भला हलचल कैसे हो सकती है? फिर भी वह मन से भी अधिक तीव्र है, क्योंकि उसकी विचार-शक्ति ही सृष्टि की समस्त गतिविधियों को दिशा देती है। इंद्रियां उस सत्ता को पूरी तरह समझ नहीं सकतीं, क्योंकि उनकी गति बाह्य वस्तुओं की ओर होती है। तथाकथित स्थिर वस्तुएं उसकी मानसिक तरंगों की बाह्य अभिव्यक्तियां मात्र हैं। उसकी आनंदमयी सत्ता मन के क्षेत्र से परे, अपनी मूल अवस्था में स्थित है। जब साधक अपनी इस आनंदमयी सत्ता को भली-भांति पहचान लेता है, तब कहा जाता है कि वह ब्रह्म में स्थित हो गया है।

सम्पादकीय

जागे बांग्लादेश

बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या का एक बहुत बड़ा मुद्दा बन जाना स्वाभाविक है। इस हत्या ने हर संवेदनशील इंसान को झकझोर कर रख दिया है। भारत ही नहीं, दुनिया के अन्य देशों में भी लोगों ने नाराजगी का इजहार किया है और यह नाराजगी बांग्लादेश के वर्तमान कामचलाऊ हुक्मरान तक जरूर पहुंचनी चाहिए। बांग्लादेश के प्रमुख सलाहकार भी हिंदुओं की सुरक्षा के मसले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। अल्पसंख्यकों को लेकर भारत चिंता का इजहार करता रहा है, पर उसकी इस चिंता को समझने में बांग्लादेशी सलाहकार समर्थ नहीं हैं। एक जुनून की वजह से बांग्लादेश में तख्तापलट को अंजाम दिया गया और उस जुनून के पीछे जो मजहबी संकीर्णता है, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत के अनेक शहरों में बांग्लादेश का जो विरोध हो रहा है, उसे गलत नहीं ठहराया जा सकता। भारत में इस विषय पर काफी संयम का परिचय दिया गया है। बांग्लादेश में जब हालात बेकाबू होते दिख रहे हैं, तभी बांग्लादेशी दूतावास के पास प्रदर्शन की नौबत आई है।

हालांकि, भारतीय पुलिस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बांग्लादेशी दूतावास के अलावा बांग्लादेशियों की भी सुरक्षा सुनिश्चित रहे। सचेत रहने की जरूरत है। बांग्लादेश जैसी अराजकता भारत में कतई नहीं होनी चाहिए। सांप्रदायिक तत्व निश्चित रूप से चाहेंगे कि भारत में भी हालात खराब हो जाएं, लेकिन यहां सुरक्षा एजेंसियों को अपना कर्तव्य निभाना होगा। यह बात गौर करने की है कि बांग्लादेश में दीपू की हत्या का मामला हो या वहां के दो बड़े अखबार के दफ्तरों पर हमले का मामला, वहां की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह नाकाम साबित हुई हैं। वहां के सुरक्षा बल अराजक भीड़ से डरने लगे हैं। इसका मतलब है कि बांग्लादेश सरकार की ओर से सुरक्षा बलों को जो नैतिक बल मिलना चाहिए, उसका नितांत अभाव हो गया है। वहां सरकार की कमजोरियों को लेकर पत्रकारों में बहुत नाराजगी है। दीपू का कोई दोष नहीं था, तो अखबार भी निर्दोष थे, लेकिन उन्हें निशाना बनाकर भीड़ ने अपने सांप्रदायिक चरित्र को ही नहीं, बल्कि आपराधिक प्रवृत्ति को भी उजागर किया है। सबसे बड़ी चिंता की बात है कि बांग्लादेश की बागडोर संभाल रहे सलाहकार भारत की ओर से दी जा रही किसी भी अच्छी सलाह पर कान नहीं दे रहे हैं और भारत को दुश्मन समझने की बड़ी गलती कर रहे हैं।

सुशासन दिवस (25 दिसम्बर)

भारतीय राजनीति के कीर्तिस्तंभ भारत रत्न अटल जी

25 दिसम्बर को वंदनीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। उनका नाम जेहन में आते ही उनके प्रति लोगों का मन श्रद्धा से भर जाता है। अटल जी राजनैतिक क्षेत्र में नैतिकता, शुचिता, गरिमा और मयार्दा के पक्षधर थे। जनसंघ से चुनकर संसद पहुंचने वाले वे सबसे कम उम्र के युवा सांसद थे। अपनी प्रतिभा, शालीनता तथा वक्तृत्व शैली से उन्होंने संसद में अमिट छाप छोड़ी।

सुरेश पचौरी
(दैनिक अवन्तिका)

अटल जी के जीवन की शुरूआत एक पत्रकार के रूप में हुई और कालांतर में लेखक, कवि एवं साहित्यकार के रूप में वे ख्याति अर्जित करते गये। जनसंघ के संस्थापक सदस्य, कई बार सांसद, विदेश मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा संसदीय दल के नेता, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता, तत्पश्चात 3 बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी सच्चे अर्थों में साधुमना जननेता थे। इतने बड़े-बड़े पदों को सुशोभित करने के बावजूद उन्होंने अहंकार को अपने पास भटकने नहीं दिया। पद का मद कभी उनके सिर पर सवार नहीं हो पाया। राजनीति की काजल-कोठरी में अटल जी पर एक भी दाग उनके सम्पूर्ण जीवन में नहीं लगा।

भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे अटल जी

वाजपेयी जी का संपूर्ण जीवन शांति, सह-अस्तित्व, समता, समानता, न्याय और बंधुत्व के आदर्शों का परिपालन करते हुए बीता। वे एक सच्चे राष्ट्रवादी थे और राष्ट्रीय हित के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने विचार रखते थे। उनका टकराव पर नहीं, सहयोग पर विश्वास था। चाहे वे सत्ता में रहे हों, या फिर विपक्ष में, राष्ट्रहित से संबंधित मुद्दों पर सबकी राय लेते थे, सबको साथ लेकर चलते थे। अटल जी का नाम वैश्विक स्तर के नेताओं में शुमार था। उन्होंने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जगत में मानवता, संवाद और मेल-मिलाप पर आधारित राजनैतिक आचार-विचार व नवाचार की शुरूआत की, जो एक

मिसाल बन गई। मानवीय संवेदना से ओतप्रोत उनका हृदय क्षण भर में लाखों लोगों को उनसे जोड़ देता था। वे पारस्परिक सौहार्द बनाने वाले तथा संबंधों को बढ़ाने वाले एक सदाशयी नेता थे। वास्तव में वे भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे।

भारत के विकास के स्वर थे अटल जी

अपने प्रधानमंत्रित्व काल में अटल जी ने पारदर्शी, जबावदेह, जनहितैषी शासन व्यवस्था की आधारशिला रखी। उन्होंने स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के माध्यम से देश के चारों कोनों को आपस में जोड़कर प्रमुख औद्योगिक, कृषि, रक्षा, पर्यटन, शिक्षा और सांस्कृतिक केन्द्रों को संसाधन उपलब्ध कराया। किसान क्रेडिट कार्ड, सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा सर्व शिक्षा अभियान शुरू किया। उनके नेतृत्व में देश के विकास की बड़ी लम्बी फेहरिस्त है। यह भी प्रासंगिक है कि अटल जी के आदर्शों को अपनाकर हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भी भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए सतत कटिबद्ध हैं।

वाजपेयी जी भारत को आर्थिक एवं सैन्य दृष्टि से एक मजबूत राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे और इस दिशा में उनके द्वारा जो कदम उठाए गये, वे निःसंदेह स्तुत्य हैं। लोकतंत्र की रक्षा और 21वीं सदी के सशक्त व सुरक्षित भारत के लिए अटल जी ने जो किया, वह अविस्मरणीय है। उन्होंने लगभग सात दशकों तक विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए देश की सेवा की। साथ ही पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न बनाया। हिन्दी भाषा को उन्होंने संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन में जो गौरव दिलाया था, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। बतौर भारत के विदेश मंत्री उन्होंने दुनिया भर के शीर्ष राजनयिकों के समक्ष हिन्दी में भाषण देकर इसे अपने जीवन का सबसे सुखद क्षण कहा था।

अटल जी मेरे अभिभावक स्वरूप रहे

अटल जी से मेरे पारिवारिक आत्मीय रिश्ते रहे हैं। उनके दोनों भतीजे इंजीनियर श्री श्याम बिहारी वाजपेयी तथा डॉ. रसिक बिहारी वाजपेयी मेरे अभिन्न मित्र हैं। जब मैं राजनीति में नहीं आया था, तब अटल जी से उनके भतीजों के साथ भोपाल में अक्सर मिला करता था। सन् 1984 में जब मैं राज्यसभा में पहुंचा, तो मुझे अटल जी का आत्मीय स्नेह और मार्गदर्शन मिला। जब वे प्रधानमंत्री थे, तब मैं राज्यसभा में विपक्ष में डिप्टी चीफ व्हिप था। विपक्ष में रहते हुए मैं तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी पर व उनकी सरकार पर यदा-कदा कटाक्ष व प्रहार करता था, उन्होंने इस पर कभी बुरा नहीं माना बल्कि सहज भाव से उन्होंने मुझे सीख दी कि मुखरता के साथ और बोला करो, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम भी इंदिरा जी के खिलाफ मुखरता से बोला करते थे। मैं अपने आप को बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे संसद में स्वनाम धन्य अटल बिहारी वाजपेयी के साथ काम करने का मौका मिला। मैंने उन्हें नेता प्रतिपक्ष के रूप में भी देखा-सुना और प्रधानमंत्री के रूप में भी। इन पंक्तियों को लिखते समय मुझे आज भी ऐसी अनुभूति हो रही है कि मानों अटल जी संसद में लोकहित से जुड़े किसी मुद्दे पर बोल रहे हैं और समूचा सदन उन्हें तल्लीनता से सुन रहा है। सत्ता में रहते हुए अटल जी ने हमेशा विशाल हृदय का परिचय दिया। उन्होंने कभी प्रतिशोध की भावना से निर्णय नहीं लिया। मिसाल के तौर पर जब उनके प्रधानमंत्रित्व काल में एस.पी.जी. (संशोधन) विधेयक 2003 आया, जिसके अनुसार पूर्व प्रधानमंत्रियों के बच्चों को एस.पी.जी. न देने की बात कही गई थी, तब मैंने एक संशोधन दिया था कि पूर्व प्रधानमंत्री के बच्चों को थ्रेट परसेप्शन के आधार पर एस.पी.जी. की सुविधा मिलनी चाहिए।

भारत पर 'सदैव अटल'

राष्ट्रवाद की अलख जगा कर,
वह चलें पाञ्चजन्य का शंखनाद करके
राष्ट्रधर्म व स्वदेश के मंथन में लगे रहे,
पूरा जीवन उनका रहा भारत पर सदैव अटल।
उन्होंने भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दिखाया,
राष्ट्र को समर्पित जीवन रहा सदा उनका
दूरदर्शी सोच और कवि हृदय में भी भारत सबसे पहले,
नये भारत के नव निर्माण में वह थे सदैव अटलङ्क।
आत्मनिर्भर भारत के सजग प्रहरी, विश्व गुरु का मान बढ़ाया,
सुशासन के सिध्दांतों को उन्होंने देश में करके दिखाया
राष्ट्र निर्माण की इस वेदी पर उन्होंने हिन्दी का मान बढ़ाया,
भारत पर वह और उनके विचार हैं अमर, क्योंकि वह है सदैव अटल।
मातृभूमि पर आँख दिखाने वालों को उन्होंने बहुत समझाया,
तभी तो भारत को परमाणु शक्ति का उन्होंने बल दिलाया
स्वर्णिम चतुर्भुज प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से देश को आगे बढ़ाया,
एक स्वयंसेवक, जनसंघ से जुड़ कर देश के प्रधानमंत्री रहे, जो सदैव अटल।
उन्होंने हमेशा कहा कि हो कुछ भी हार नहीं मानूंगा,
उनके इस कर्त्तव्य बोध से हम सभी कुछ सीखें।
नई पीढ़ी ऐसे राष्ट्र पुरुष व कर्मयोगी का जीवन पढ़े,
जिन्होंने अपना सब कुछ भारत माता के चरणों में समर्पित कर दिया,
और जो रहे सदैव अटल॥

हरिहर सिंह चौहान

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 25 दिसंबर 2025 गुरुवार
सूर्योदय - 07:09 सूर्यास्त 17:45
पौष मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - पंचमी 13:43 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - धनिष्ठा 08:18 उपरांत शतभिषा
योग - वज्र 15:13 उपरांत सिद्धि
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कुंभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 04 तारिख

मेष- मेहनत का फल मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी।

वृषभ- भूमि, आवास की समस्या रह सकती है। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

मिथुन- भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे।

कर्क- जोखिम न लें। व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे।

सिंह- बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी।

कन्या- घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए।

तुला- व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी।

वृश्चिक- समय ठीक नहीं है। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा।

धनु- लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद न करें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

मकर- सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाए रखें। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा।

कुंभ- किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

मीन- कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी। योजनाएं फलीभूत होंगी। मित्रों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

| अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विशेष |

अटलजी : विरोधी भी करते थे जिनका सम्मान

भारतीय राजनीति के इतिहास में अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसा नाम हैं, जो केवल सत्ता या पद से नहीं, बल्कि विचार, संस्कार और संवाद से पहचाना जाता है। वे ऐसे सर्वमान्य नेता थे, जिन्हें न केवल उनके समर्थक, बल्कि विरोधी भी आदर और सम्मान से सुनते थे। राजनीति में सकारात्मकता, सहमति और शालीनता का जो मार्ग उन्होंने प्रशस्त किया, वह आज भी लोकतंत्र के लिए आदर्श है। 25 दिसंबर को देश भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती मना रहा है। यह दिन केवल एक महान नेता का जन्मदिन नहीं, बल्कि सुशासन दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

श्यामलाल बोराना
(दैनिक अवन्तिका)

स्वतंत्रता संग्राम की पृष्ठभूमि में जन्मः- अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्यप्रदेश के ग्वालियर नगर में हुआ। उनके पिता श्री कृष्ण बिहारी वाजपेयी एक शिक्षक थे और माता श्रीमती कृष्णा देवी थीं। जिस समय अटलजी का जन्म हुआ, उस समय देश अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध स्वतंत्रता संग्राम के निर्णायक दौर से गुजर रहा था। महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन चल रहे थे। भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों के बलिदानों की गूंज देशभर में सुनाई दे रही थी। इसी राष्ट्रवादी वातावरण में अटलजी का बाल्य और विद्यार्थी जीवन प्रारंभ हुआ।

शिक्षा व वैचारिक निमार्णः- अटलजी की प्रारंभिक शिक्षा ग्वालियर में हुई। उन्होंने विक्टोरिया कॉलेज, ग्वालियर से स्नातक तथा डी.ए.वी. कॉलेज, कानपुर से राजनीति शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। विद्यार्थी जीवन से ही वे राष्ट्र सेवा की ओर आकृष्ट थे। वर्ष 1942 के ह्यभारत छोड़ो आंदोलनह्ल में उन्होंने सक्रिय सहभागिता निभाई।

पत्रकारिता से राजनीति तक का सफरः- अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने जीवन की शुरूआत पत्रकारिता से की। लेखन और वाणी की शक्ति उनके व्यक्तित्व का अभिन्न अंग रही। वर्ष 1947 में वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में प्रमुख भूमिका निभाई।

संसदीय राजनीति में सशक्त उपस्थितिः- वर्ष 1957 से अटलजी का संसदीय जीवन प्रारंभ हुआ। वे दस बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। उत्तरप्रदेश की लखनऊ सीट से वे छह बार लगातार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। 1962 में चीन युद्ध के बाद जब डॉ. राममनोहर लोहिया ने ह्लकांग्रेस हटाओ, देश बचाओह्व का नारा दिया, तब अटलजी जनसंघ के प्रभावशाली युवा नेता के रूप में उभरे। पं. दीनदयाल उपाध्याय के आकस्मिक निधन के बाद जनसंघ के नेतृत्व की जिम्मेदारी अटल बिहारी वाजपेयी के कंधों पर आई।

आपातकाल और लोकतंत्र की रक्षाः- 1974 में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुए छात्र आंदोलन को अटलजी ने पूर्ण समर्थन दिया। इस आंदोलन से तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार की नींव हिल गई। 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान अटलजी सहित अनेक नेताओं को जेल जाना पड़ा। 1977 में जनता पार्टी की सरकार बनी और मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। इस सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री बने।

हिंदी को वैश्विक मंच पर सम्मानः- विदेश मंत्री के रूप में अटलजी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में ऐतिहासिक भाषण दिया। यह संयुक्त राष्ट्र में हिंदी का पहला प्रभावशाली भाषण था, जिसने भारत और हिंदी भाषा का गौरव बढ़ाया।

भाजपा का गठन और संघर्षः- 1980 में अटलजी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ और वे इसके प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। लालकृष्ण आडवाणी के साथ मिलकर उन्होंने पार्टी को वैचारिक और संगठनात्मक रूप से सशक्त किया।

25 दिसंबर जयंती: भारत रत्न महामना पं. मदनमोहन मालवीय

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव मे नरेंद्र मोदी ने नामांकन दाखिल करते वक्त महामना के सुपुत्र गिरधर मालवीय को प्रस्तावको मे शामिल रखा और साथ लिया। ये एक अद्वितीय पहल थी जिसने साबित किया की महामना किसी एक दल के न होकर संपूर्ण भारतवर्ष के थे ।

निर्लेश तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

इंडिया टीवी के प्रसिद्ध कार्यक्रम आपकी अदालत मे ए आईएमईआईएम के प्रमुख असदुद्दीन औवेसी ने भी महामना का जिक्र एक अच्छे संदर्भ मे किया। तात्पर्य यह की वे शुरूआत से लेकर मृत्युपरांत भी एक सर्वमान्य व अविवादित नेता रहे। हाल ही में शुरू की गई महामना एक्सप्रेस जो कि एक द्रुतगति की रेलसेवा है जिसके माध्यम से रेल मंत्रालय ने महामना के नाम को जीवंत बनाने का अभिनव प्रयास किया है।

उनकी 150 वीं जयंती पर रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया ने 5 रु. व 150 रु. के विशेष सिक्के महामना पर जारी किए थे जो प्रचलन में हैं। महामना के सन्दर्भ में वर्तमान परिदृश्य में भी वर्णन किया गया है ।दूरदर्शन के राष्ट्रीय प्रसारण मे तत्कालीन लोकसभा चैनल (अब संसद टेलीविजन) द्वारा महामना पर एक वृतचित्र बनाया गया है। प. मालवीय चूंकि मालवा क्षेत्र से संबद्ध थे अतः मालवीय उपनाम को वरीयता दी व देश में प्रतिष्ठा पाई । उनकी वेशभूषा भी पारंपरिक थी, साफा, अचकन, पायजामा उन्हें विशिष्ट पहचान प्रदान करता रहा और हिन्दी, अंग्रेजी के अलावा मालवी बोली भी मिठास में घुली थी। महामना का मूल मंत्र मुझे न तो राज्य की कामना है, न स्वर्ग की और न ही मोक्ष की । मेरी तो बस यही कामना है कि दुःख से संतप्त प्राणियों के कष्ट को दूर कर सकूं । उपरोक्त ध्येय वाक्य को जीवन का ध्येय बनाकर महामना की विशिष्ट संज्ञा पाई तथा उत्तरार्द्ध में देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान भारत रत्न से नवाजे गये। पं. मदन मोहन मालवीय से महामना व भारत रत्न तक का सफर कड़े संघर्ष का परिणाम है । उनके कई प्रेरक प्रसंग है जो हमें प्रोत्साहित करते हैं ।

घर में भक्तिमय वातावरण व ब्राह्मण परिवार होने से भोजन, भगवान के भोग के उपरान्त ही मिलता था । अतः मठा व बासी रोटी विद्यार्थी जीवन में महामना का मुख्य व प्रिय भोजन था । अपने कठोर परिश्रम व योग्यता के द्वारा उन्होंने लगभग एक हजार एकड़ से अधिक के क्षेत्र में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की जहाँ सौ से अधिक इमारतें, हजारों शिक्षक, लाखों दुर्लभ ग्रन्थ व विभिन्न संकायों के शिक्षण कार्य की शुरूआत की। यह निश्चित ही गर्व का विषय है कि उस दौर में इस विश्वविद्यालय का निर्माण लगभग दो करोड़ की राशि से हुआ और इस तरह आगे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक के रूप में वैश्विक पहचान स्थापित की ।उनका दूसरा रुप यह भी था की एक ओर तो वे धन संग्रह में जी जान से जुटे थे, परन्तु व्यक्तिगत तौर पर एक बार विपरीत स्थितियों में किसी जरुरतमंद मित्र के परिवार की मदद के लिए घर में उपलब्ध धातु के भगवान को व्यावहारिक रुप में उपयोग में ले लिया ताकि उसे संकट से उबारा जा सके।वहीं देशसेवा के लिए क्रान्तिकारियों की ओर से न्यायालय में सशक्त तर्कपूर्ण वकालत कर सैकड़ों देशभक्तों को फाँसी के फन्दे से मुक्त कराया तब उनकी कार्यशैली से अंग्रेज वकील व न्यायाधिकारी भी खासे प्रभावित हुए। 1932-33 में काशी में दंगा हुआ और कई दिनों तक जारी रहा। सहायता के लिए जो कमेटी बनी उसका अध्यक्ष महामना को बनाया गया । महामना को अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ-साथ बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक व अधिवक्ता के रुप में मिली।

जन्म जयंती पर विशेष

अटल जी शांति, शक्ति, और शंखनाद के पुरोधा थे

किसी भी मनुष्य के जीवन को किसी एक लेख के माध्यम से समेटा नहीं जा सकता है। ऐसे ही अटल बिहारी वाजपेई एक ऐसा नाम है, जो अपने लिए ही नहीं ,बल्कि देश के जननायक और नायक के रूप में जाना जाता है। 25 दिसम्बर, 1924 को जन्मे एक साधारण परिवार के अटलजी पिता पंडित कृष्ण बिहारी बाजपेयी ग्वालियर, मप्र,रियासत में बस गए। अटलजी को भारत के प्रधानमंत्री पद पर तीन बार रहने का सौभाग्य मिला। भारत रत्न के साथ भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी अपने आदर्शो, ओजस्वी वाणी, साहित्यिक विरासत, एवं व्यवहार कुशलता से जीवन भर देश के नागरिकों का भरपूर स्नेह एवं सम्मान प्राप्त करने वाले 1996 में पहली बार प्रधानमंत्री बने थे ।13 अक्टूबर, 1999 को उन्होने दूसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के पद को संभाला।

डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

विद्वता, देश प्रेम, भाषाई ज्ञान, और समय की नब्ज को पकड़ने की कला उन्हें सबसे अलग बनाती है। वे स्पष्ट वक्ता थे-वे माँ सरस्वती के ऐसे ज्ञानी पुत्र थे, जो कि वाकपटुता के धनी धाराप्रवाह बोलने की क्षमता रखने वाले एक कुशल ओजस्वी वक्ता भी थे। उनके जीवन का हर क्षण, शरीर का एक-एक कण माँ भारती व भारतीय समाज के हितों के कार्य के लिए समर्पित था। वे आधुनिक भारत के राष्ट्र निर्माता थे, उन्होंने देश को एक नई दिशा देकर देश के नागरिकों की दशा बदलने में बहुत सारे सकारात्मक बदलाव किए थे।वे 12 वीं लोक सभा के 12 वें प्रधानमंत्री थे। अटलजी ने कहा -₹ स्वतंत्रता की अनिवार्य शर्त है, राष्ट्रीय एकता के लिए लोकतंत्र जरूरी है। अन्नदाता सुखी भवः । स्वदेशी की प्रगति हो । महिलाओं को सम्मान मिले। युवा शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है, इसमें वृद्धि हो।₹ अटलजी के कार्यों की जितनी भी चर्चा की जाए वह कम है। 11 मई, 1998 का वह गौरव दिवस याद है, जब पोखरण परमाणु परीक्षण की पहचान भारत के लिए एक महाशक्ति के रूप में ऊभरी थी, यह उपलब्धि प्रधानमंत्री रुप में अटल जी की सबसे पहले प्रभावी पहल मानी गई। यह परीक्षण भारत के लिए शक्ति और संप्रभुता का शंखनाद था। अटलजी के भाषणों में उस समय की समस्याएँ भविष्य की योजनाएं देश और वैश्विक संबंधों की चिताएँ परिलक्षित होती थी। द्वापर युग में जो सम्मान व प्रतिष्ठा के साथ जो स्थान भीष्म पितामह को प्राप्त था, वही सर्वोच्च स्थान अटल जी को मिला था और निर्विवाद रूप से यह कहा जा सकता है कि वे अपने कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति वैसे ही प्रतिबद्ध रहे थे जैसे प्रतिज्ञाएं भीष्म पितामह की लेते थे । भीष्म पितामह जैसी सुदृढ़ता अटल जी में देखी जा गई थी। उनके भाषणों में उस समय की समस्याएं ,भविष्य की योजनाएं ,देश और वैश्विक संबंधों की चिंताएं परीक्षित होती थी। उनके भाषणों में विश्व के महान विद्वानों वेद पुराण, संतों, ग्रंथों के उदाहरण मिलते थे। हमारे देश के नागरिक ही नहीं बल्कि विश्व स्तर के नागरिक भी अटलजी के भाषणों एवं कविताओं की प्रतिभा के कायल थे। अटलजी सिर्फ राष्ट्र नायक ही नहीं थे, बल्कि जन नायक भी थे। आजादी के अनेक वर्षों बाद भी भारत सड़कों से जुड़ा नहीं था। हजारों गावों ने सड़के नहीं देखी थी। अटलजी का सपना था कि - प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से लेकर स्वर्णिम चतुर्भुज के माध्यम से देश को सड़क मार्ग से जोड़?कर विकास की नई गाथा, लिखी जाना चाहिए। अटलजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के धनी को सीमित शब्दों में बांधकर अमलीजामा देना बहुत कठिन है। क्योंकि अटलजी ने न केवल भारत में बल्कि विदेशों के लिए कई उम्दा कार्य किए, जिससे विश्व में अटलजी की छबि शांति के पुरोधा के रूप में उभरी थी। एक तरफ पाकिस्तान के शर्मनाक रवैये से जनता स्तब्ध थी, वही विश्व में शांति स्थापित करने की अटलजी के प्रयासों की प्रशंसा का सैलाब उमड़ रहा था। यही नहीं बल्कि यहाँ तक विपक्षी भी देश के राजनीतिक गलियारों में उन्हें सर्वश्रेष्ठ आदर्श राजनीतिज्ञ के रूप में दर्शन करते थे। अटलजी के बोलने की शैली बेहद ही शान?दार थी, इसके कारण न केवल पक्ष के राजनेता बल्कि विपक्ष के नेता भी उनकी शैली से सीखने की भावना जागृत होती । विपक्ष के नेता हो अथवा उनके अपने दल के आम कार्यकर्ता सभी को बराबर का सम्मान देना और उनके सुझावों पर गंभीरता से विचार करना उनका स्वभाव था। अटलजी को देश से नहीं दुनिया भर में अद्भुत व्यक्तित्व व कृतित्व के धनी माने गए। मैं जन्म जयंती के अवसर पर उन्हें अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2250-2950, चना काबली- 3026-8251, चना बड़ा- 4749-5790, बटला- 2400-4150, राई- 6260, सोयाबीन- 1875-5551, राजमा- 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना-स्टेण्ई- 1,40,000, रवा- 1,39,800 चांदी-टंच- 2,19,000 पाट- 2,18,700।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

अटल स्मृति पर्व पर भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला संपन्न

सुसनेर। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में अटल स्मृति पर्व के तहत भाजपा की विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नलखेड़ा में किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष गिरिराज पुरोहित, प्रदेश प्रतिनिधि दिलीप सकलेचा, भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय तथा एसआईआर जिला प्रभारी बहादुर सिंह मुकाती ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर पर सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विषयवार मार्गदर्शन दिया। जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर जिले के सातों मंडलों के सभी 307 बूथों पर अटल स्मृति पर्व उत्साहपूर्वक मनाया जाए और जन-जन तक उनके विचारों को पहुंचाया जाए। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में मीसाबंदी गोवर्धन शुक्ला, पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया, डॉ. धीरेन्द्र पांडे, जिला महामंत्री मयंक राजपूत सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

शेख मसूदी मुस्लिम समाज द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्र स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

खाचरौद। नगर में शेख मसूदी मुस्लिम समाज द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्र स्तरीय क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में जयपुर, मेरठ, इंदौर, महू, मंदसौर, जावरा सहित नगर के खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया।अंतिम दिन फाइनल मुकाबला नीमच और खाचरौद की टीम के मध्य खेला गया। जिसमें खाचरौद टीम ने बाजी मारते हुए नीमच को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा उपस्थित थे। भरावा द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक टूनामेंट नगर में होना चाहिए, इससे समाज में आपसी भाईचारा बढ़ता है।इस दौरान बॉडी बिल्डर में मिस्टर टढ बने नगर के सोएब मुंशी व जिले में बॉडी बिल्डर बने नगर के रितिक दावरे एवं अब्दुल्ला खान का भी स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षद प्रतिनिधि बाबू नागर, वरिष्ठ समाजसेवी अजीज पेंटर, शकील मसूदी, खलील एहमद, शेरू भाई, जावेद हुसैन, असलम चाचा, यूसुफ बाबा, सलमान भाई, सद्दाम भाई, नोशाद एहमद, निसार एहमद, अनीस भाई मसूदी आदि समाजजन उपस्थित थे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया क्रिसमस पर्व

महिदपुर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल महिदपुर में प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल एवं प्राचार्य सोबी थॉमस सर की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस पर्व मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ प्रार्थना नृत्य के साथ किया गया, नन्हे-नन्हे छात्रों के द्वारा किए गए विभिन्न नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे । इस अवसर पर संस्था प्रबंधक फादर पोल पारेकाटिल ने क्रिसमस पर्व पर अपने उद्बोधन द्वारा सभी छात्रों को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की एवं बताया कि प्रभु यीशु ने स्वयं को समर्पित कर पूरे विश्व को प्रेम एवं शांति का संदेश दिया। क्रिसमस पर्व हमें सिखाता है कि हमें सभी मनुष्यों को उनकी कमियों के साथ भी स्वीकार करना चाहिए सभी का सहयोग और सभी के सम्मान करें तो यह परोपकार भाव समाज में प्रेम और शांति स्थापित करेगा यह प्रेम ओर शांति का पर्व सभी के लिए मंगलमय हो। इसके पश्चात सांस्कृतिक विभाग की ओर से शिक्षिका दिव्या पालीवाल ने अपने भाषण द्वारा छात्रों को क्रिसमस पर्व का महत्व बताते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात विद्यालय की सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों के पुरस्कारों का वितरण किया गया। विद्यालय प्राचार्य सोबी थॉमस सर एवं उपप्राचार्य अनीश थामस सर ने सभी छात्रों को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की। मिष्ठान वितरण के साथ इस रंगारंग कार्यक्रम का समापन किया गया।

राजगढ़-खुजनेर रोड से कुंडीबे मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

राजगढ़-ब्यावरा। राजगढ़ खुजनेर रोड से कुंडीबे मार्ग पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही सड़क मार्ग को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। उक्त कार्यवाही राजगढ़ ब्लॉक के प्रभारी कृष्णा झाड़ने सहायक प्रबंधक एवं जी.एस.अहिरवार उप अभियंता के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यवाही के दौरान मार्ग पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया तथा अधिकारियों द्वारा संबंधित लोगों को पुनः अतिक्रमण न करने की समझाइश दी गई।

संशोधन

दिनाँक 24.12.2025 को दैनिक अवन्तिका के प्रकाशित अंक में पृष्ठ क्रमांक 5 पर छपी महिदपुर की जाहिर सूचना में त्रुटिवश अभिभाषक का नाम पल्लव मुलिया प्रकाशित हुआ है उसे सुधारकर सही नाम पल्लव मुखिया पढा जावे। **वि.प्र.**

लव जिहाद : स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कर निकाला जुलूस

आक्रोशित युवाओं ने आरोपित के मकान तथा दुकान को ध्वस्त करने की मांग की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर रोड

नगर के हिंदू समाज की नागदा के एक निजी स्कूल में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा से लव जिहाद के प्रसंग में छात्र को नशीला पदार्थ खिला कर उसके साथ अश्लील हरकत करने की घटना से आक्रोशित बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बुधवार को नगर बंद का आव्हान किया।

इस दौरान नगर की सभी दुकानें बंद रही आरोपित युवक को का नगर में सार्वजनिक जुलूस निकाले जाने तथा उसके मकान वह दुकान को ध्वस्त करने की मांग को लेकर युवाओं तथा नगरवासियों ने राम मंदिर के सामने काफी देर तक धरना देखकर चक्काजाम कर दिया। महिदपुर रोड बंद करने तथा युवाओं की अन्य मांगों को लेकर किये जा रहे आंदोलन की सूचना मिलते ही महिदपुर एसडीएम एसडीओपी तहसीलदार व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हालांकि पुलिस ने मंगलवार के रात्रि आरोपित जुबेर मंसूरी उर्फ गोलू को हिरासत में लेकर उसके मोबाइल को जप्त कर उससे पूछताछ की दोपहर में कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपित जुबेर मंसूरी का नगर में जुलूस निकाला। जुलूस में बड़ी संख्या में आक्रोशित पीछे युवा आरोपित को कठोर दंड देने की मांग को लेकर नागदा मार्ग तक पहुंचे पीड़ित छात्रा को पुलिस उसके परिजनों के साथ न्यायालय महिदपुर में बयान देने के लिये लेकर पहुंची वहीं पुलिस ने आरोपित जुबेर मंसूरी को भी दोपहर में महिदपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। लव जिहाद की घटना से आक्रोशित युवाओं ने आरोपित के परिजनों की दुकानों में भी तोड़फोड़ की शाम को नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से पुलिस ने फ्लैग मार्च भी किया।

देवास में संदिग्ध परिस्थितियों में

महिला की मौत घर में मिला शव, पति ने पुलिस को नहीं दी जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

एक महिला का शव उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। बीएनपी थाना क्षेत्र की चामुंडा पैलेस कॉलोनी में मंगलवार शाम यह घटना सामने आई, जब महिला का शव उसके मकान से बरामद किया गया। पुलिस को सूचना मिलने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

बीएनपी टीआई अमित सोलंकी ने बताया कि मृतका की पहचान चामुंडा पैलेस निवासी ऋतु पति प्रवीण चौहान के रूप में हुई। मंगलवार शाम जब ऋतु की ननद घर पहुंची, तब उन्हें महिला की मौत की जानकारी मिली। इस दौरान ऋतु के पति प्रवीण चौहान भी घर पर ही मौजूद थे।

पुलिस के अनुसार, शव करीब दो दिन पुराना लग रहा है। पति प्रवीण चौहान द्वारा पुलिस को सूचना न दिए जाने के कारण मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सूचना मिलने पर एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

शव को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां बुधवार सुबह उसका पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पति प्रवीण चौहान ने बताया है कि वह पिछले 15 वर्षों से अपनी बीमार पत्नी की देखभाल कर रहे थे। उनके एक बेटा और एक बेटी भी है।

जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं

राजगढ़-ब्यावरा। जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह दांगी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। आयोजित जनसुनवाई में कालाखेत निवासी ब्रिजेश बाई ने बताया कि आवेदिका को पिछले माह से किसी कारणवश आवेदिका को विधवा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा हैं। अपर कलेक्टर द्वारा सीएमओ राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम फतेहपुर निवासी मेहताब सिंह भिलाला ने बताया कि आवेदक के पास बीपीएल राशन कार्ड नहीं है और साथ ही आवेदक को वृद्ध पेंशन योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा हैं। जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है। अपर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। खिलचीपुर निवासी भेरूंसिंह ने बताया कि आवेदक का मकान कच्चा तथा क्षतिग्रस्त हो गया हैं। साथ ही सभी ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है।

पत्रकारों के हितों की रक्षा व सम्मान व अधिकारों की लड़ाई में सदैव पत्रकारों के साथ खड़े रहेंगे -यादव

उज्जैन प्रेस क्लब के अध्यक्ष यादव का स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

उज्जैन प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नंदलाल जी यादव के सम्मान में आंचलिक पत्रकार संघ महिदपुरझझारडा द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उज्जैन प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकारों सहित नागदा, झारडा, महिदपुर, खेड़ा खजुरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए पत्रकार साथियों ने नंदलाल यादव, का पुष्प मालाओं से आत्मीय स्वागत किया।

कार्यक्रम में आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश टांक, संरक्षक रामचंद्र ठाकुर, संभागीय अध्यक्ष रामचंद्र गिरी, संभागीय उपाध्यक्ष रमेश गौड़, संभागीय मीडिया प्रभारी गोपाल उपाध्याय, उज्जैन जिला अध्यक्ष सुनील जैन रामसना, महिदपुर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रघुवीर सिंह राजपूत सहित आंचलिक पत्रकार संघ महिदपुर-झारडा के पत्रकार साथियों द्वारा नंदलाल यादव का शाल, श्रीफल तथा सम्मान पत्र व कलम भेंट कर। साथ ही मंचासीन अतिथियों पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष सतीष गौड़, मुर्तजा भाई, अजय चौहान, रामचन्द्र गिरी, उदयसिंह चन्देल, डॉ. गणपत सिंह चौहान, रविन्द्र नरवरिया, मनीष पांडे, भूपेन्द्र एवं अन्य सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं व शाल भेंट कर स्वागत किया गया। उद्बोधन में नंदलाल यादव ने कहा कि वे पत्रकारों के हितों की रक्षा, सम्मान व अधिकारों के लिए सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शांतिलाल छजलानी, एवं जैनेंद्र खेमसरा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पत्रकारों की एकजुटता, निष्पक्ष पत्रकारिता व संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नंदलाल जी यादव को संगठन का संरक्षक नियुक्त किया जाए, जिस पर उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने सहमति व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का संचालन सुनील जैन रामसना ने किया। अतिथि परिचय आंचलिक पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रघुवीर सिंह राजपूत द्वारा दिया गया, जबकि कार्यक्रम के अंत में डॉ. आर.सी. ठाकुर ने आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर रमेश गौड़ को आंचलिक पत्रकार संघ का प्रदेश का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा भी की गई। जिसका उपस्थित पत्रकारों ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार रमेशचंद्र सकलेचा, विजय चौधरी, स्वस्तिक चौधरी, निरंजन उदीवाल, आशीष सकलेचा, विक्की यादव, अशोक बुरड़, कलजी भाई सहित आंचलिक पत्रकार संघ महिदपुर-झारडा के समस्त पत्रकार दिनेश मंडोवरा, बसंत जैन, हेमन्त सिंह, राजपूत, दिनेश बगाना, मनोज पोरवाल, भैरो सिंह डोडिया, लक्की बड़ल्या, कमल सेन, शंकर लाल माली,प्रदीप बैरागी,अविनाश महाराज, निलेश गरासिया, योगेन्द्र शाक्य, प्रकाश शर्मा, रविन्द्र सांखला, शुभम जैन आदि बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर-816 रकबा 0-3800 हेक्टेयर, सर्वे नंबर-817/2/1 रकबा 0.2200 हेक्टेयर व सर्वे नंबर-817/2/2/2 रकबा 0-3000 हेक्टेयर ग्राम करोहन तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि सर्वे नंबर-816 रकबा 0-3800 हेक्टेयर, सर्वे नंबर-817/2/1 रकबा 0.2200 हेक्टेयर व सर्वे नंबर-817/2/2/2 रकबा 0-3000 हेक्टेयर इस प्रकार कुल किता 3-तीन कुल रकबा 0.9000 हेक्टेयर ग्राम करोहन तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) को मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्रीमती रेखाबाई पति श्री तेजकरण राठौर, निवासी-ग्राम करोहन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. से क्रय करने का अनुबंध कर टोकन / बयाना राशि भू-स्वामी को अदा कर दी है, जल्द ही शेष राशि अदा कर अनुबंध-पत्र/विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना हैं। उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश, क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई क्लेम, आपत्ति मान्य नहीं होगी। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि क्रय करने का व्यवहार नही करे। इति दिनांकः-24/12/2025

दीपिका सावरकर, अभिभाषक
दुकान नं. ए-17, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)
मोबा. 98272-99159

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी श्री सत्यप्रकाश शर्मा पिता श्री गोपाल शर्मा निवासी 261 एलआईजी सेकण्ड इंदिरा नगर, बैंक ऑफ इंडिया के सामने आगर रोड़, उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 261- एल.आय.जी. स्थित इन्दिरा नगर कालोनी उज्जैन में है, उक्त भवन एक मंजिला आर.बी.सी. की छत का निर्मित है, उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 99.45 वर्गमीटर है उक्त भवन फ्रीहोल्ड है, तथा उसकी भूमि लीज होल्ड राईट की है। जिसकी चतुर्सीमा- पूर्व की ओर एल.आय.जी. 262, पश्चिम की ओर- एल.आय.जी. 260, उत्तर की ओर - EWS Plot No 587, दक्षिण की ओर- 18.00 मीटर रोड है, पैमाईश लम्बाई -13.00 मीटर चौडाई -7.65 मीटर, उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर लिया है, तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 24-12-2025 स्थान उज्जैन

शुभम नगरिया एडव्होकेट
दुकान नंबर सी 2/12 महाकाल वाणिज्यक केन्द्र नानाखेडा उज्जैन
मोबाईल नंबर - 97706-66658

विनायक चतुर्थी पर श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

महिदपुर रोड। नगर के नागदा मार्ग स्थित चिंता हरण गणेश मंदिर में मंगलवार को विनायक चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर वासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर 1008 श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इस धार्मिक आयोजन में नगर सहित ग्राम गोगापुर के सभी मंदिरों के पुजारी विभिन्न समाजों के युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे मंदिर के पुजारी बद्री लाल शर्मा ने हनुमान चालीसा में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को संकल्प करवाया तत्पश्चात सभी ने पाठ का शुभारंभ सामूहिक रूप से गणेश संकट नाशन महागणपति स्तोत्र का उपरांत हनुमान चालीसा का पाठ किया संकल्प के अनुसार हनु मान चालीसा के सामूहिक पाठ के उपरांत श्री राम जी तथा हनुमान जी की महा आरती के बाद धार्मिक आयो जन में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के लिये भोजन प्रसादी का आयोजन भी रखा गया सामूहिक हनुमान चालीसा के धार्मिक आयोजन में विभिन्न वाद्य-यंत्रों पर नगर पंजाबी समाज के भजन गायक राम गुलाटी तथा उनके सहयो गियों गुलशन तनेजा दीपक शर्मा कांति पोरवाल तथा विजय गंधर्व ने विभिन्न धार्मिक भजन सुना कर माहौल को पूरी तरह धर्म मय बना दिया।

युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत समारोह में हादसा: भीड़ के कारण मंच गिरा

देवास। देवास में बुधवार को युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के स्वागत समारोह के दौरान मंच अचानक गिर गया। यह घटना अत्यधिक भीड़ के कारण हुई। हादसे के समय स्वयं यश घनघोरिया मंच पर मौजूद थे। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। मंच गिरने के बाद कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। कार्यकर्ता इधर-उधर भागते नजर आए, जिससे कुछ समय के लिए स्थिति अनियंत्रित हो गई। बताया गया है कि स्वागत मंच युवक कांग्रेस विधानसभा महासचिव अमन खन्ना और जिला उपाध्यक्ष समरोज पठान द्वारा लगाया गया था। भीड़ को नियंत्रित न कर पाने के कारण मंच का संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हुआ।

रेलवे ट्रैक पर वीडियो बनाते समय दो दोस्तों की मौत

देवास में इंदौर-बिलासपुर ट्रेन की चपेट में आए, अन्य साथी ट्रेन आते ही दूर हटे

देवास। बीराखेड़ी रेलवे क्रॉसिंग के पास मंगलवार शाम को दो किशोर ट्रेन की चपेट में आ गए। आलोक (17) पुत्र श्रीराम, निवासी विकास नगर और सन्नी (17) पुत्र जगदीश योगी, निवासी शंकर नगर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के वक्त उनके दो अन्य साथी समय रहते ट्रैक से दूर हो गए, जिससे उनकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार, मृतक आलोक और सन्नी कैटरिंग का काम करते थे। आलोक के पिता मिस्त्री हैं जबकि सन्नी के पिता बस ड्राइवर हैं। सोमवार को मेंढकी रोड स्थित एक शादी समारोह में काम करने के बाद मंगलवार को वे बीराखेड़ी स्थित दोस्त देव के कमरे पैसों का हिसाब करने गए। उनका कमरा रेलवे ट्रैक के पास था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों दोस्त वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे। उस स्थान पर दो ट्रैक थे और दोनों ओर से ट्रेनें आ रही थीं। पहली ट्रेन से दोनों बच गए, लेकिन दूसरी ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

वृद्धजनों से किया संवाद

राजगढ़-ब्यावरा। विकासखंड ब्यावरा विंध्याचल में वृद्धजनों हेतु सराहनीय पहल करते हुए डिप्टी कलेक्टर सुश्री ज्योति राजोरे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों को शासन की योजनाओं की जानकारी देना तथा उनकी समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री राजोरे ने वृद्धजनों से संवाद कर पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृद्धजनों को योजनाओं का लाभ समय पर और बिना किसी परेशानी के मिले।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रार्थी शराफत एहमद पिता मोहम्मद नजीर, निवासी-32, न्यू हरिफाटक महाकाल रोड, उज्जैन का निवासी हूँ। मुझ प्रार्थी का पुत्र मोईन पिता शराफत एहमद को मैंने अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया है अब मेरा मेरे पुत्र से कोई लेना देना नहीं है मैनें उसके गलत चाल चलन के कारण उससे अब मेरा कोई सारोकार व संबंध नही है व मेरा पुत्र पूर्व से ही अपनी पत्नि फरहीन के साथ अलग निवस करता है। यदि मेरे पुत्र द्वारा कोई संव्यवहार, पैसों का लेन देन किया जाता है तो उसकी समस्त जवाबदारी मेरे पुत्र मोईन की रहेगी इसमें मेरा किसी प्रकार का कोई हित व सारोकार नही रहेगा। सूचित हो । इति दिनांक 24.12.2025

शराफत एहमद पिता मोहम्मद नजीर
निवासी-32, न्यू हरिफाटक महाकाल रोड, उज्जैन
मो.नं. 9893234503

गेल टाउनशिप चोरी के मामले में गुना पुलिस को मिली सफलता

गुना। जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गेल टाउनशिप चोरी के मामले में गुना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना क्षेत्र के गेल केम्पस में घटित नकबजनी के प्रकरण में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए प्रकरण में एक आरोपी गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद किया है। पुलिस की विवेचना के दौरान व्यवहारिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए सीसीटीव्ही कैमरों, सीडीआर रिपोर्ट इत्यादि का अध्ययन करते हुए अज्ञात आरोपियों की तलाश/पतारसी हेतु एक एसआईटी टीम का गठन किया गया एवं इनाम उद्घोषित किया गया। शुरुआती जांच में राघौगढ़ टोल, पगारा टोल, पाखरियापुरा टोल आदि व अन्य स्थानीय सीसीटीव्ही फुटेज को संग्रहित कर लगातार चैक किया गया व सामने आए तथ्यों के आधार पर एसआईटी टीम को सागर, इंदौर, धार, झाबुआ रवाना किया गया जहां पर विभिन्न टोल व स्थानीय कैमरों के चैक किया गया। प्रकरण में एसआईटी टीम व थाना विजयपुर पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे, पूर्व में किए गए कई प्रयास स्थानीय व भौगौलिक परिस्थितियों के कारण विफल हुए। इसी क्रम में संदेहियों की पहचान होने के उपरांत पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर लगातार दबिशें दी जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास किये जा रहे थे किंतु आरोपीगण शातिर होकर आपराधिक प्रवृत्ति के थे, जो जंगल में अलग-अलग टपरे बनाकर अस्थाई निवास पर रह रहे थे, इसलिए काफी मशक्कत के उपरांत प्रकरण के संदेही पप्पू पुत्र बूलर भाबर उम्र 26 साल निवासी ग्राम खनिअम्बा थाना टाण्डा जिला धार म.प्र. से हिकमत अमली से पूछताछ की गई। स्वीकारोक्ती प्रदान की गई बाद आरोपी गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय प्रस्तुत कर पुलिस रिमाण्ड लिया गया।

क्रिसमस , ईसाई धर्म का पवित्र पर्व

हरदा। विश्वभर के ईसाई समुदाय क्रिसमस डे को यीशु मसीह के जन्मोत्सव के रूप में अत्यंत उत्साह और श्रद्धा से मनाते हैं, जो बाइबल के नए नियम के सुसमाचारों के अनुसार बेथलेहम शहर में एक साधारण अस्तबल में हुआ था जहां मरियम और यूसुफ के पुत्र के रूप में यीशु का अवतरण प्रेम, शांति और मानवता के उद्धार का प्रतीक बना, इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि रोमन साम्राज्य के सूर्य देवता सोल इन्विक्टस के जन्मोत्सव से जुड़ी है जिसे चौथी शताब्दी में पोप जूलियस प्रथम ने आधिकारिक रूप से यीशु जन्म की तिथि घोषित कर दी, चर्चों में मध्यरात्रि की विशेष प्रार्थना सभाएं, कैरोल गान की मधुर धुनें और मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना करना प्रमुख परंपराएं हैं, क्रिसमस ट्री को जर्मन परंपरा से लिया गया सदाबहार पाइन का पेड़ रंगीन लाइट्स, सुनहरे स्टार, सजावटी गेंदों और उपहारों से सजाया जाता है जो आशा और नई शुरुआत का प्रतीक है, सैंटा क्लॉज या सेंट निकोलस की कथा चौथी सदी के तुर्की के संत से प्रेरित है जो बच्चों को गुप्त रूप से उपहार बांटते हैं और उत्तरी ध्रुव से स्लेज पर आते हैं, परिवारों में विशेष भोज में रोस्ट टर्की, प्लम पुडिंग, फ्रूट केक काटना और क्रिसमस कार्ड्स के माध्यम से शुभकामनाओं का आदान-प्रदान होता है, भारत में गोवा के चर्चों, दिल्ली के सैक्रेड हार्ट कैथेड्रल, कोझिकोड की सड़कों और मुंबई के होटलों में भव्य सजावट व लाइटिंग देखने को मिलती है जहां भाईचारे के साथ उत्सव मनाया जाता है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने खालवा क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण किया

खण्डवा। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बुधवार को खालवा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। सुशासन सप्ताह के दौरान प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत आयोजित इस दौरे में कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्रामीण क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौडा उनके साथ थे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बुधवार को ग्राम झिरपा, रोशनी और पटाल्दा ग्रामों का दौरा किया। ग्राम झिरपा में स्कूल के निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर वहां के संकुल समन्वयक के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर श्री गुप्ता ने दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने भ्रमण के दौरान झिरपा में स्कूल के साथ साथ पंचायत कार्यालय, आंगनवाडी और गौशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पटाल्दा के पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा मियावाकी पद्धति से किए गए पौधरोपण एवं वाटरशेड सम्बंधी कार्यों को देखा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्राम रोशनी में गौशाला का भी निरीक्षण किया एवं पंचायत सचिव को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 26 दिसम्बर को

खण्डवा। अनुसचित जाति एवं जनजातीय अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत गठित जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 26 दिसम्बर को होगी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री संतोष शुक्ला ने बताया कि यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत अजाक थाना जिला खण्डवा में लंबित प्रकरणों के निराकरण, अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत स्वीकृति के लिए प्राप्त प्रकरणों के सम्बंध में समीक्षा की जाएगी।

दिशा की बैठक 30 व 31 को

खण्डवा। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आगामी 30 एवं 31 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी। यह बैठक दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में क्षेत्रीय सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौडा ने बताया कि बैठक में वन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, बीज निगम, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, प्रधानमंत्री ग्राम सडक, म.प्र. सडक विकास निगम के निर्माण कार्यों की प्रगति, लोक निर्माण विभाग भवन तथा सडक एवं पीआईयू व सेतु निर्माण के कार्यों, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन पीएचई के कार्यों, जल निगम द्वारा जिले में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

आलू-प्याज के बजाय खेतों में लहलहा रही अश्वगंधा और चिया सीड की फसल

कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

जिले में खेती-किसानी के पारंपरिक ढर्रे में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी आलू, प्याज और लहसुन की खेती के लिए पहचाने जाने वाले शाजापुर के किसान अब औषधीय और मसाला फसलों की ओर रुख कर रहे हैं। लागत में बढ़ोतरी और जंगली जानवरों द्वारा फसलों को किए जा रहे नुकसान से तंग आकर किसानों ने अब अश्वगंधा और चिया सीड को विकल्प बनाया है।

क्यों कम हुआ आलू-प्याज का मोह- किसानों का कहना है कि आलू, प्याज और लहसुन जैसी फसलों में लागत बहुत अधिक आती है। ऊपर से जंगली जानवरों का आतंक आए दिन खड़ी फसल चौपट कर देता है। सबसे बड़ी समस्या बाजार भाव की है, जब किसान भारी लागत लगाकर फसल मंडी ले जाता है, तो उसे अक्सर सही दाम नहीं मिलते, जिससे लागत निकालना भी मुश्किल हो जाता है। इसी आर्थिक नुकसान से बचने के लिए जिले के कई गांवों में नई फसलों का प्रयोग शुरू हुआ है। किसानों का कहना है कि औषधीय फसल में कम लागत, इसमें खाद, बीज और पानी का खर्च बहुत कम है। साथ ही कड़वाहट और विशेष गंध के कारण जंगली जानवर इन फसलों को नुकसान नहीं

खोरिया नायता में दिखा सफल प्रयोग

ग्राम खोरिया नायता में किसानों ने बड़े स्तर पर यह शुरुआत की है, जहां किसान किशन गोपाल बैरागी ने 3 बीघा में चिया सीड, महेश पाटीदार ने 2 बीघा में अश्वगंधा और संतोष पाटीदार ने 2 बीघा में चिया सीड की फसल लगाई है। इनके सफल प्रयोग को देखकर आसपास के अन्य किसान भी प्रेरित हो रहे हैं।

विशेषज्ञों की टीम ने जाना हाल

किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देने और फसल की स्थिति देखने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र और विशेषज्ञों की टीम ने खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. जी.आर. अंबावतिया, कृषि विभाग से मुकेश सोनगरा, राजस्व विभाग से हल्का पटवारी ममता महिवाल उपस्थित रहीं। साथ ही भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री मुकेश पाटीदार, जिला कोषाध्यक्ष ललित नागर एवं तहसील मंत्री ज्ञान सिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान मौजूद रहे। विशेषज्ञों ने किसानों को बेहतर उत्पादन के गुर सिखाए और इस बदलाव को जिले की कृषि अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत बताया।

वक्फ बोर्ड की जमीन खाली कराकर वहां बसाए जाएं बांग्लादेशी हिंदू- साध्वी प्राची

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

फायरब्रांड हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची बुधवार को अपने शाजापुर प्रवास के दौरान आक्रामक अंदाज में नजर आईं। प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर गहरी चिंता जताई और भारतीय राजनेताओं सहित धर्मगुरुओं की चुप्पी पर तीखे सवाल खड़े किए। साध्वी प्राची ने बांग्लादेश के हालात का जिक्र करते हुए कहा कि वहां हिंदुओं पर जुल्म की पराकाष्ठा हो रही है। उन्होंने दीपू नाम के बालक की नृशंस हत्या का उदाहरण देते हुए पूछा, बांग्लादेश की क्रूरता देखकर भी भारत के तथाकथित बुद्धिजीवी, नेता और मंत्री चुप क्यों हैं? उन्होंने देश के शंकराचार्यों को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि धर्म की रक्षा के लिए

उन्हें इस संवेदनशील मामले में मुखर होकर बोलना चाहिए।

वक्फ की जमीन पर शरणार्थियों को बसाने की मांग- साध्वी ने भारत सरकार से एक बड़ी मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश में प्रताड़ित हो रहे हिंदुओं को भारत में शरण दी जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि वक्फ बोर्ड के कब्जे वाली जमीनों को खाली कराया जाए और वहां इन पीड़ित हिंदू शरणार्थियों को बसाया जाए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग द कश्मीर फाइल्स को काल्पनिक बताते थे, उन्हें आज बांग्लादेश के जमीनी हालात जाकर देखने चाहिए।

हिजाब विवाद, नीतीश कुमार के फैसले का समर्थन- बिहार में हिजाब हटाने को लेकर हुए विवाद पर साध्वी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पक्ष लिया। उन्होंने कहा सुरक्षा और नियमों के लिहाज से चेहरा साफ दिखना अनिवार्य है। बुर्के की आड़ में कोई भी असामाजिक तत्व छिपा हो सकता है। इस प्रशासनिक व्यवस्था को जानबूझकर अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाकर हवा दी गई, जो गलत है।

कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

इससे पहले शाजापुर पहुंचने पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने साध्वी प्राची का जोरदार स्वागत किया। मंदिर परिसर में दर्शन के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान, दीपोत्सव भी हुआ

गुना। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर मनाए जा रहे अटल स्मृति वर्ष एवं वीर बाल दिवस के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला गुना के नेतृत्व में जन्मजयंती के अवसर पर बुधवार सुबह जयस्तंभ चौराहा पर स्वच्छता अभियान चलाया वहीं पूर्व संध्या पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।आयोजन पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार ने अपने संवोधन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अटल जी भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। वे तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। उनके कार्यकाल में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर विश्व मंच पर अपनी शक्ति का परिचय दिया। साथ ही उन्होंने पड़ोसी देशों से शांति और संवाद को बढ़ावा देने का प्रयास किया। बस यात्रा के माध्यम से भारत-पाक संबंधों में सुधार की पहल उनकी दूरदर्शिता का उदाहरण है। वे सदैव लोकतंत्र, सहिष्णुता और संवाद में विश्वास रखते थे। अटल जी के विचार और कार्य आज भी देशवासियों को प्रेरणा देते हैं। वे भारतीय राजनीति के ऐसे नेता थे, जिन्होंने शब्दों और कर्मों दोनों से राष्ट्र की सेवा की। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने कहा कि कल 25 दिसंबर को भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। अटलजी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भाजपा द्वारा विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत पखवाडा सप्ताह मनाया जाएगा साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता, ग्राफिक्स एवं रील प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मोर्चा की बहने एवं पार्षद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिजली चोरी करने वाले 50 से अधिक उपभोक्ता चिन्हित

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

बिजली कंपनी ने शहर में स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध सघन जांच अभियान छेड़ दिया है। इंदौर मुख्यालय से प्राप्त संदिग्ध उपभोक्ताओं की सूची के आधार पर की गई इस कार्रवाई में अब तक 50 से अधिक मामले उजागर हुए हैं। 1 दिसंबर से शुरू हुए इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मीटरों की तकनीकी जांच की जा रही है।

बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि इंदौर स्थित मुख्यालय से उन उपभोक्ताओं की सूची प्राप्त हुई थी, जिनके स्मार्ट मीटर में तकनीकी विसंगतियां या रीडिंग कम होने के संकेत मिले थे। इस इनपुट के आधार पर स्थानीय टीम ने जब फील्ड में भौतिक सत्यापन किया, तो बड़े पैमाने पर मीटरों में जानबूझकर की गई छेड़छाड़ की पुष्टि हुई।

मीटर जब्त, नियमानुसार होगी रिकवरी- जांच के दौरान जिन स्थानों पर बिजली चोरी पाई गई, वहां टीम ने तत्काल प्रभाव से मीटरों को जब्त कर

पंचनामा तैयार किया है। इन उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार अतिरिक्त बिलिंग और जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

अधिकारियों ने दी सख्त चेतावनी- मामले की पुष्टि करते हुए बिजली कंपनी के जेई रामप्रसाद अहिरवार ने बताया कि स्मार्ट मीटर के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ करना दंडनीय अपराध है। मुख्यालय से प्राप्त सूची के आधार पर निरंतर जांच की जा रही है। पकड़े गए मामलों में वैधानिक कार्रवाई के साथ-साथ वसूली की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे मीटर के साथ किसी भी प्रकार का प्रयोग न करें। स्मार्ट मीटर एक ऐसी आधुनिक प्रणाली है जिसमें छेड़छाड़ की स्थिति में सिस्टम स्वत: ही अलर्ट जनरेट कर देता है, जिससे दोषियों की पहचान करना आसान हो गया है।

26 दिसंबर को उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा 'वीर बाल दिवस', कलेक्टर ने दिए निर्देश

शाजापुर। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में 26 दिसंबर को जिले में वीर बाल दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा प्रतिभाओं का पोषण करना, उनमें रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रेरित करना है। कलेक्टर ऋजु बाफना ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस दौरान जिले में विभिन्न स्तरों पर रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि बच्चों और युवाओं के लिए उनकी आयु वर्ग के अनुसार प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। कलेक्टर ने बताया कि इस दिन चित्रकला, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन, रचनात्मक लेखन, कहानी सुनाना और महापुरुषों के बलिदान पर आधारित संवाद किए जाएंगे।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वाभी 01. प्रहलाद पिता श्री भगवान सिंह, निवासी उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-272/4/2 रकबा 0. 11 हेक्टर एवं भूमि स्वामी गोपाल पिता श्री भगवानसिंह, निवासी उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-272/4/1 रकबा 0.11 हेक्टर भूमि जो कि ग्राम तालोद तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने की सोदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी है। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, सरथा, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय सस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋ ण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या मार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो यह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी।

सो सूचित हो । इति दिनाक 24.12.2025

राजेश बाठिया एडव्होकेट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन
मो-98272-64140

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी जयेश अग्रवाल पिता श्री राजेश प्रहलाद पिता श्री भगवान सिंह, निवासी उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्य एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-263/1/2 रकबा 0.80 हेक्टर में से रकबा 0.40 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-264/2 रकबा 0.70 हेक्टर में से रकबा 0.35 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-263/1/1 रकबा 1.27 हेक्टर में से रकबा 0.635 हेक्टर, सर्वे क्रमांक-272/1 रकबा 0.22 हेक्टर में से रकबा 0.11 हेक्टर कुल किता 04 कुल रकबा-1.495 हेक्टर एवं भूमि स्वामी अजेश अग्रवाल पिता श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, निवासी उज्जैन से उनके स्वत्त्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-272/3 रकबा 0.22 हेक्टर में से रकबा 0.11 हेक्टर एवं भूमि सर्वे क्रमांक-272/2 रकबा 0.22 हेक्टर में से रकबा 0.11 हेक्टर कुल कित्ता 02 कुल रकबा 0.22 हेक्टर भूमि जो कि, ग्राम तालोद तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी है। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित्त किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद नियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-24.12.2025

राजेश बांठिया एडव्होकेट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन
मो-98272-64140

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी श्री सत्यप्रकाश शर्मा पिता श्री गोपाल शर्मा निवासी 261 एलआईजी सेकण्ड इंदिरा नगर बैंक ऑफ इंडिया के सामने आगर रोड़, उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 261- एल.आय.जी. स्थित इन्दिरा नगर कालोनी उज्जैन में है, उक्त भवन एक मंजिला आर.बी.सी. की छत का निर्मित है, उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 99.45 वर्गमीटर है उक्त भवन फीहोल्ड है, तथा उसकी भूमि लीजहोल्ड राईट की है। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व की ओर एल.आय.जी. 262, पश्चिम की ओर एल.आय.जी. 260, उत्तर की ओर- ईडब्ल्यूएस प्लाट नं. 587, दक्षिण की ओर- 18.00 मीटर रोड है, पैमाईश लम्बाई -13.00 मीटर चौडाई -7.65 मीटर, उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर लिया है, तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋ्रण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे । ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 24-12-2025 स्थान उज्जैन

शुभम नगरिया एडव्होकेट
दुकान नंबर सी 2/12 महाकाल वाणिज्यक केन्द्र
नानाखेडा उज्जैन
मो. 97706-66658

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर-816 रकबा 0-3800 हेक्टेयर, सर्वे नंबर-817/2/1 रकबा 0.2200 हेक्टेयर व सर्वे नंबर-817/2/2/2 रकबा 0.3000 हेक्टेयर ग्राम करोहन तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि सर्वे नंबर-816 रकबा 0.3800 हेक्टेयर, सर्वे नंबर-817/2/1 रकबा 0.2200 हेक्टेयर व सर्वे नंबर-817/2/2/2 रकबा 0.3000 हेक्टेयर इस प्रकार कुल किता 3-तीन कुल रकबा 0.9000 हेक्टेयर ग्राम करोहन तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) को मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्रीमती रेखाबाई पति श्री तेजकरण राठौर, निवासी-ग्राम करोहन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. से क्रय करने का अनुबंध कर टोकन / बयाना राशि भू-स्वामी को अदा कर दी है, जल्द ही शेष राशि अदा कर अनुबंध-पत्र / विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना हैं। उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश, क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई क्लेम, आपत्ति मान्य नहीं होगी। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि क्रय करने का व्यवहार नहीं करे। इति दिनांक-24/12/2025

दीपिका सावरकर अभिभाषक
ऑफिस शॉप नं. ए 17 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन
मो. 9827299159

न्यूज-कॉलम

शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुशासन की शपथ ली

मन्दसौर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व, 24 दिसंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई गई। डिप्टी कलेक्टर शुभम पाटीदार ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से सुशासन की शपथ दिलवाई। सुशासन दिवस के अवसर पर जिले के अन्य शासकीय कार्यालयों में भी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी अधिकारी गण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

अज्ञात कारण से युवक ने खाया जहर, उपचार दौरान हुई मौत

नीमच। शहर के समिति ग्राम हिंगोरिया रेलवे फाटक के समय रहने वाले एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ सल्फास खा ली । जिसके कारण अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हिंगोरिया फाटक के समीप रहने वाले विशाल पिता गुड्डू लाल भील उम्र २५ वर्ष ने अज्ञात कारणों से सल्फास खाकर की आत्महत्या। कल सुबह काम पर जाने का बोलकर निकला था घर से। आज जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सोपा जायेगा।

वृहद हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा

नीमच। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के समय से ही हिन्दुओं की एकता ,पुनर्जागरण और उनके कल्याण के उद्देश्य को लेकर कार्य कर रहा है। संघ की स्थापना के इस शताब्दी वर्ष में पूरे देश में हिन्दू धर्मावलम्बियों के सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में नीमच नगर के विभिन्न क्षेत्रों और कालोनियों में वृहद हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है यह जानकारी देते हुए हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के संयोजक अजय भटनागर ने बताया कि इस हेतु नीमच नगर में विभिन्न स्थानों पर हिन्दू सम्मेलनों के आयोजन हेतु आवश्यक तैयारी की जा रही है । इन आयोजनों में वृहद हिन्दू समाज की एकता और कल्याण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगदान व कार्यों पर चर्चा की जायेगी साथ इन सम्मेलनों में जाति-पांति, छूआछूत,भेदभाव से मुक्त समाज पर बल दिया जाएगा।

कस्तूरबा नगर में विकसित हुआ बाल उद्यान

रतलाम। वार्ड क्रमांक 12 कस्तूरबा नगर क्षेत्र की पार्षद एवं निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मनोज शर्मा के विशेष प्रयासों से कस्तूरबा नगर रोड नंबर 6 स्थित बगीचे को आकर्षक बाल उद्यान के रूप में विकसित किया गया है। सौन्दर्यीकरण, हरियाली और बच्चों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए विकसित किए गए इस बाल उद्यान का लोकार्पण महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय एवं पार्षद श्रीमती मनीषा मनोज शर्मा की उपस्थिति में किया गया। लोकार्पण अवसर पर महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि शहर में बच्चों के लिए सुरक्षित और मनोरंजन से भरपूर स्थान विकसित करना नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है।

बांग्लादेश के विरोध में सड़कों पर उतरे हिंदू संगठन

रतलाम। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार और नरसंहार के खिलाफ बुधवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद का गुस्सा फूट पड़ा। कार्यकताओं ने दोपहर में सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और बांग्लादेश का पुतला फूंका। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि हिंदुओं पर हो रहे हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। प्रदर्शनकारी दोपहर करीब १ बजे घांस बाजार चौराहे पर जमा हुए। यहां उन्होंने विरोध जताने के लिए एक अनूठा और आक्रामक तरीका अपनाया। कार्यकर्ताओं ने पहले बांग्लादेश के पुतले को जूतों की माला पहनाई और फिर उसे आग के हवाले कर दिया।

काव्य संकलनों का विमोचन आज २५ दिसम्बर को

रतलाम। साहित्यिक संस्था अनुभूति रतलाम की स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष के अन्तर्गत वरिष्ठ कवि गीतकार हरिशंकर भटनागर का 8 वां काव्य संग्रह स्वर्ण रेखा के किनारे से तथा कैकेयी का पश्चाताप (खंड काव्य) का विमोचन 25 दिसंबर को अपराहं 3 बजे सैलाना रोड़ गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के सामने निजी होटल में किया जायेगा।

स्कूल वैन पलटी, 15 बच्चे घायल, स्टीयरिंग फैल होने से हुआ हादसा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जिले के ढोढर के पास बुधवार दोपहर एक स्कूल वैन (मैजिक) पलटने से हड़कंप मच गया। वैन में करीब 15 बच्चे सवार थे। गाड़ी पलटते ही बच्चे एक-दूसरे पर जा गिरे और चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मदद के लिए दौड़े और बच्चों को बाहर निकाला।

हादसे में सभी बच्चों को चोटें आई हैं। ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए पलटी हुई मैजिक को सीधा किया और घायल बच्चों को ढोढर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। गनीमत रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।

चिकलाना से ढोढर जा रही थी वैन

जानकारी के अनुसार, मैजिक वाहन चिकलाना स्थित एक प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थियों को लेकर ढोढर की ओर जा रहा था। चिकलाना से कुछ दूर निकलते ही वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे दहशत में थे। उन्होंने कांच फोड़कर और दरवाजे खोलकर बच्चों को रेस्क्यू किया।

हादसे में स्कूल की शिक्षिका सरिता बग्गड समेत कई बच्चे घायल हो गए। बताया जा रहा है कि करीब 7 बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को ढोढर के एक निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल में सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। हालत गंभीर होने पर कुछ बच्चों को जावरा रेफर किया गया है। फिलहाल सभी घायलों का इलाज जारी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घायल छात्रों में जयवर्धन सिंह, अंकिता धाकड़, अभिनव धाकड़, यशस्वी सूर्यवंशी, तेसीम मंसूरी और रेहाना मंसूरी शामिल हैं।

पेरेंट्स का फूटा गुस्सा, बच्चों को घर ले गए

सूचना मिलते ही बच्चों के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। अपने बच्चों को घायल देख परिजन भड़क गए और उन्होंने स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर आक्रोश जताया। जिन बच्चों को मामूली चोटें थीं, उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद परिजन अपने साथ घर ले गए।

स्टीयरिंग फेल होने की आशंका

हादसा कैसे हुआ, इसका अभी तक स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है, लेकिन शुरूआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि मैजिक का स्टीयरिंग फेल होने की वजह से ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पेट्रो केमिकल फैक्ट्री में झूलसे चार में से एक मजदूर की मौत

नीमच। नीमच के झंझारवाड़ा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में पेट्रोकेमिकल फैक्ट्री में हुई आगजनी की घटना में झूलसे चार लोगों में से एक व्यक्ति की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद गंभीर दो घायलों को रेफर किया गया था। जिनमें से एक मजदूर लालूराम की मौत हो गई। जिससे समाज जन व परिजन भड़क गए। ओर फैक्ट्री गेट के वहां प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस थाना प्रभारी श्री डांगी व फैक्ट्री प्रबंधन ने परिजनों से चर्चा की। परिजनों की मांग पर मीडिया के सम्मुख समाज के अध्यक्ष प्रभु लाल बागरी ने कहा कि मृतक के परिजन को मुआवजा देना चाहिए। अंत में प्रबंधन की ओर से परिजनों को 15 लाख का चेक सौंपा। वही मृतक के परिवार को गुजरे के लिए 15 हजार राशि मासिक देना तय हुआ। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ ।

सौहार्द और सदभाव के साथ होली क्रॉस कन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मना क्रिसमस पर्व

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी

स्थित होली क्रॉस कन्वेंट स्कूल में क्रिसमस पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रेम, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कक्षा 10वीं की छात्रा अनन्या शर्मा एवं अनुष्का धनोतिया, कक्षा 11वीं के छात्र शारीब खान तथा कक्षा 12वीं के छात्र यशपाल चौधरी ने एंकर की भूमिका निभाई।

समारोह में विद्यालय के अभिभावकगण एवं नगर के गणमान्य अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विशेष अतिथि के रूप में पिपलिया नगर की होनहार छात्रा कृतिका घटिया, जिन्होंने हाल ही में राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा में 9वीं रैंक प्राप्त कर सिविल जज पद पर चयन हासिल किया है, अपने अभिभावकों सहित उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएँ देते हुए विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय में आयोजित प्रत्येक गतिविधि में सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, उचित योजना और शिक्षकों के मार्गदर्शन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन सिस्टर मेरी लैला अलेक्स एवं फादर इन्दनाथन ने कृतिका घटिया को उनकी उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएँ एवं सम्मान प्रदान किया। विद्यालय की प्राचार्या ने भी सभी को क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए इस पर्व के सामाजिक एवं मानवीय महत्व को रेखांकित किया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन

रतलाम। वार्ड क्रमांक 2 स्थित पीएनटी कॉलोनी व मालवा नगर में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रीमती सोना शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती कविता महावर के अलावा महेन्द्र कटारिया, शैलेन्द्र सिंह अठाना, कुसुम चाहर, पार्षद श्रीमती यास्मीन शैरानी, कमरूद्दीन कछवाय, श्रीमती आशा रावत, पूर्व पार्षद राजीव रावत, पार्षद प्रतिनिधि हितेश पैमाल, सुनील महावर, किरण महावर, भगवती जेतपुरिया, रश्मि सिंह, प्रदीप राठौर, नन्दू गोठवाल, रशीद भाई, रामजीलाल, त्रिलोक सिंह आदि उपस्थित थे। महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि वार्ड क्रमांक 2 में टावर वाली गली नम्बर १, मालवा नगर में वैभव दूध डेरी से मंगल किराना स्टोर तक तथा पीएनटी कॉलोनी में गली नम्बर 3 हनुमान मंदिर वाली गली में चुन्नीलाल ठेकेदार के मकान से दुर्गा आरओ वॉटर तक 33.60 लाख की राशि से सड़क निर्माण किया जायेगा।

अमृत गार्डन में वूमेन्स फॉर ट्री कैंपेन के तहत वृक्षारोपण

पिपलियामंडी। नगर परिषद पिपलियामंडी द्वारा कनघट्टी मार्ग स्थित अमृत गार्डन में वूमेन्स फॉर ट्री कैंपेन के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नगर परिषद पिपलियामंडी एवं साधना स्वसहायता समूह के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व इसी गार्डन में रन फॉर ग्रीन कैंपेन के तहत गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से जनभागीदारी के साथ बृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया था। गनेड़ीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट, मंदसौर द्वारा बगीचे के विकास हेतु पौधे, पाइपलाइन, ट्यूबवेल मोटर, पानी की टंकी सहित आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कर पौधों के संरक्षण हेतु सहयोग प्रदान किया गया था। इन पौधों का निरंतर रखरखाव साधना स्वर सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में अब नगर परिषद एवं सहायता समूह द्वारा गार्डन की शेष भूमि पर भी वृक्षारोपण किया गया।

डेफोडिल्स स्मार्ट स्कूल में खेलोत्सव का हुआ रंगारंग शुभारंभ

पिपलियामंडी। नगर के डेफोडिल्स स्मार्ट स्कूल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता "खेलोत्सव 2025" का भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित द्वारा शुभारंभ किया गया। शुभारंभ समारोह में विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट परेड का प्रदर्शन किया गया, नन्हे विद्यार्थियों द्वारा थीम परेड निकाली गई। शुभारंभ अवसर पर योग, पी टी आदि का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि श्री राजेश दीक्षित द्वारा ध्वजारोहण कर खेलों के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की गई। इस अवसर पर मल्हारगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री आशीष विजयवर्गीय, सांसद प्रतिनिधि श्री इंद्रजीत भट्ट, समाजसेवी, चेयरमैन रूपचंद होतवानी, डायरेक्टर विनोद शर्मा, प्रिंसिपल प्रिया शर्मा एवं बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन छात्रा कु. अपेक्षा चौधरी एवं कु.शैलजा मूंदड़ा ने किया, आभार प्रकट शिक्षक गोविन्द अहीर द्वारा किया गया।

कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया उपभोक्ताओं को जागरूक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

सैनिक स्कूल मंदसौर द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर उपभोक्ताओं को कक्षा 9 के कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जिसमें दैनिक जीवन से जुड़े वास्तविक उदाहरणों एवं अनुभवों के माध्यम से उपभोक्ता शोषण, सही-गलत की पहचान तथा जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय अधिवक्ता मनीष दादूपंथी ने कहा उपभोक्ता को किसी भी वस्तु को खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, मूल्य, गारंटी कार्ड की जाँच अवश्य करनी चाहिए तथा बिल हमेशा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता यदि अपने अधिकारों के प्रति सजग रहेगा तो शोषण की संभावना स्वतः कम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त कक्षा 7 के कैडेट्स द्वारा बनाए गए उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित मॉडल एवं कक्षा 8 के कैडेट्स द्वारा बनाए गए पोस्टरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे कैडेट्स ने अतिथि के समक्ष बहुत ही आत्म विश्वास एवं रोचकता के साथ प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 6 के कैडेट्स ने उत्पादों की गुणवत्ता, बिल एवं उपभोक्ता अधिकारों से जुड़े संदेशों को टैग करके पूरे विद्यालय में रचनात्मक ढंग से पहुँचाया। कैडेट्स ने गांधी चौराहा, पुराना बस स्टैंड एवं महाराणा प्रताप पर भी मनोरंजक शैली में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

अटल स्मृति पर्व संकल्प दिलाता है कि राजनीति राष्ट्रसेवा और लोक कल्याण का साधन

भाजपा कार्यालय पर बैठक में अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री परिहार ने कहा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

राष्ट्र प्रथम की नीति पर चलते हुए प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर अपने मजबूत इरादे विश्व को दिखा दिये थे केवल राजनीतिक निर्णयों के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी के पूरे व्यक्तित्व को नहीं समझा जा सकता।

उक्त बात अटल जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवानसिंह परमार ने कही। आपने कहा कि अटलजी का जीवन यह सिखाता है कि लोकतांत्रिक परंपराओं, राष्ट्रीयता, व्यक्तिगत जीवन में शुचिता, सकारात्मकता और धैर्य के साथ राष्ट्र व समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन किस प्रकार करना है। 25 दिसंबर और अटल स्मृति वर्ष हमें यह संकल्प दिलाते हैं कि राजनीति राष्ट्रसेवा और लोककल्याण का साधन है।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा की भगवानसिंह परमार के नेतृत्व में भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश के साथ मंदसौर जिले में भी कांग्रेस के दुष्प्रचार का मुंह तोड़ जवाब देगा। बैठक में भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी शैलेश गिरजे एवं भगवती प्रसाद शिंदे ने भी अपने विचार प्रकट किये।

इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, डॉ. सुषमा आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सूर्यवंशी, भाजपा नेता निहालचंद मालवीय, भाजपा जिला महामंत्री महेश जुनवाल सहित भाजपाजन उपस्थित रहे।

पिपलिया मंडी महाविद्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया

पिपलिया मंडी। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व,24 दिसंबर 2025 को पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पिपलिया मंडी में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री दिनेश चंद्र बोरीवली द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से पारदर्शिता, जवाबदेही, ईमानदारी तथा जनहित में कार्य करने के संकल्प को दोहराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सुशासन के मूल्यों को आत्मसात करते हुए प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, जनोन्मुखी एवं उत्तरदायी बनाना रहा

सातवें रोल बॉल विश्व कप विजेता वर्णिका का मंदसौर में हुआ भव्य स्वागत

मन्दसौर। सातवें रोल बॉल विश्व कप दुबई में आयोजित हुआ जिसमें मध्य प्रदेश से एकमात्र चयनित खिलाड़ी वर्णिका उपाध्याय द्वारा शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वर्ल्ड कप विजय के बाद पहली बार मंदसौर लोटने पर वर्णिका का विजय जुलूस भारत माता चौराहे से भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुरू हुआ। यहां से बस स्टैंड गांधी चौराहा सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहा होते हुए स्केटिंग ग्राउंड जहां से उन्होंने अपने करियर की शुरूआत की थी पर सभी वरिष्ठ जनों के आशीर्वाद प्राप्त कर समाप्त हुई ।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, डॉ. क्षितिज पुरोहित, विनय दुबेला, विश्व मोहन अग्रवाल, डॉ सुरेश पमनानी सहित विभिन्न संगठन इंडियन मेडिकल कॉन्सिल, लायंस क्लब, रोटरी क्लब, जैन सोशल ग्रुप, सी ए संगठन, भाजपाजन, कांग्रेसजन, खेल एवं युवक कल्याण विभाग मंदसौर, रक्तबीर रेड आर्मी ग्रुप, भूतपूर्व जिला सैनिक संगठन ग्रुप, जिला माउंटेनियरिंग संगठन मंदसौर, खिलाड़ी एकता मंच, हॉकी एसोसिएशन, पिट्ठू संगठन, स्टेडियम कमेटी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ियों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा पुष्प वर्षा व माला पहनाकर वर्णिका का स्वागत किया।

विद्युत पेंशनरों ने 2 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया

मन्दसौर। चार प्रमुख विद्युत पेंशनर संघों की संयुक्त मोर्चे के निर्णय अनुसार 2 सूत्रीय मांग पत्र जिसमें पहली सभी विद्युत पेंशनरों की पेंशन गारंटी ट्रेजरी से देना सुनिश्चित की जावे व दूसरी केन्द्र शासन द्वारा घोषित तिथि से महंगाई राहत दी जावे का ज्ञापन मुख्यमंत्री भोपाल को जिलाधीश के माध्यम से भेजे गये। उपरोक्त ज्ञापन जिला पेंशनर विद्युत मण्डल मंदसौर द्वारा रैली के रूप में चंबल कॉलोनी मंदसौर से सुशासन भवन स्थित जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर 250 पेंशनरों की उपस्थिति में तहसीलदार अभिषेक चौरसिया को सौंपा गया। विशेष रूप से विगत कई वर्षों से महंगाई राहत केन्द्र द्वारा घोषित तिथि से नहीं दिये जाने से सभी पेंशनरों में घोर असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन का वाचन एच.सी. रायवाल द्वारा किया गया व ज्ञापन खूबचन्द शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। आभार राधेश्याम गुप्ता ने माना। इस दौरान गरोठ, शामगढ़, मल्हारगढ़, बोलिया, पिपलियामंडी आदि अनेक स्थानों से बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

सायबर सेल की सक्रियता से डिजिटल अरेस्ट बुजुर्ग दंपत्ति के बचे 60 लाख रुपए

मनी लांड्रिग केस के नाम पर बुजुर्ग दंपत्ति को किया था डिजिटल अरेस्ट

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



जिले व शहर में डिजिटल फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट के अपराध में कई लोगों ने लाखों रुपए की चपत खाई है। एक ऐसे ही मामले में बुजुर्ग दंपत्ति को मनी लांड्रिग केस में नाम आने के नाम पर डिजिटल अरेस्ट स्कैम किया। पुलिस की सतर्कता और साइबर टीम की मदद से बुजुर्ग दंपत्ति को धोखाधड़ी से बचाने में सफलता मिली है ।विगत 15 दिवस से बुजुर्ग दंपति को मनी लांड्रिग केस के नाम पर शिकार नाया जा रहा था ।सायबर ठगों द्वारा मनी लांड्रिग केस में राशि बचाने हेतु एफडी को तुड़वाकर एक अन्य बैंक खातें में राशि स्थानातंरित करने का झांसा दिया था ।ठगों के झांसे में आकर बुजुर्ग दंपत्ति द्वारा ६० लाख रुपए की कई एफ.डी तुड़वाई .।सायबर सेल नीमच को इन्दौर क्राईम ब्रांच से सुचना प्राप्त होते ही तत्काल ०७ मिनट में पहुंचकर सक्रियता से बुजुर्ग दंपत्ति के ६० लाख रुपए बचा लिया। नीमच जिलें में सायबर फ्रॉड पर अंकुश लगाने एवं सायबर फ्रॉड के प्रकरणों की रोकथाम हेतु प्राथमिकता के साथ प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस अधीक्षक नीमच श्री अंकित जायसवाल द्वारा सायबर सेल नीमच को दिए गए हैं। उक्त निदेर्शों के पालन में सायबर क्राईम ब्रांच इन्दौर से प्राप्त सूचना के आधार पर सायबर सेल नीमच प्रभारी प्रदीप शिन्दें एवं उनकी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना नीमच केंट अन्तर्गत विकास नगर क्षेत्र के बुजूर्ग दम्पत्ति को डिजीटल अरेस्ट स्केम से सुरक्षित रिहा कर लगभग 60 लाख रुपएं की धोखाधड़ी से बचाने में सफलता प्राप्त की गई है।

दिनांक 22 दिसम्बर को सायबर सेल नीमच को सायबर क्राईम ब्रांच इन्दौर के उप निरीक्षक श्री शिवम ठक्कर के माध्यम से सुचना प्राप्त हुई कि विकास नगर निवासरत बुजूर्ग दम्पत्ति को डिजिटल अरेस्ट किया जाकर बुजूर्ग दम्पत्ति के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। उक्त सूचना पर से सायबर सेल प्रभारी प्रदीप शिन्दें द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच श्री अंकित जायसवाल को उक्त संबंध में जानकारी से अवगत कराया जाने पर एस.पी. महोदय द्वारा तत्काल बुजूर्ग दम्पत्ति के घर जाकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। सायबर सेल टीम द्वारा सूचना प्राप्ति के मात्र 7 मीनिट में बुजूर्ग दम्पत्ति के घर जाकर अपना परिचय दिया गया। बुजूर्ग दम्पत्ति अत्यधिक घबरायें एंव डरे हुए थें तथा घटना के संबंध में जानकारी नही दे रहे थें। सायबर सेल टीम द्वारा मनोवैज्ञानिक तरीके से बुजूर्ग दम्पत्ति की काउंसलिंग की और उन्हें समझाया कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नही होता, और पुलिस की कार्रवाई कभी भी इस प्रकार की वीडियो कॉल के माध्यम से नहीं की जाती है और यह पूरी तरह से अवैध है। लगभग 2 घन्टें तक सायबर सेल टीम द्वारा समझाने के बाद बुजूर्ग दम्पत्ति ने अपनी आपबीती सुनाई कि उन्हे दिनांक 8 दिसम्बर 2025 को वाट्सएप के माध्यम से कॉल प्राप्त हुआ तथा उसमें फ्रॉडस्टर द्वारा बुजूर्ग दम्पत्ति को खुद को दिल्ली का पुलिस कमिश्नर बताया जाकर मनी लॉड्रिंग केस में बुजूर्ग दम्पत्ति का नाम आने का झांसा दिया जाकर उनसे सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की।

साधारण सभा की बैठक स्थगित खंड स्तरीय विभागीय कार्यो की होनी थी समीक्षा

सारंगपुर। सारंगपुर पंचायत समिति सभागार में मंगलवार को आयोजित होने वाली साधारण सभा की बैठक कोरम के अभाव में स्थगित करनी पडी। जपं सीईओ हेमेंद्र गोविल ने बताया कि बैठक में खंडस्तरीय विभागीय कार्यो की समीक्षा होनी थी। किंतु जनपद पंचायत समिति सदस्यों के ही उपस्थित न होने से कोरम के अभाव में साधारण सभा की बैठक स्थगित की गई। बैठक में जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, उपाध्यक्ष कैलाश नागर, सदस्य मांगीलाल नागर, नंदलाल नागर, बनवारी मालवीय, ज्योति दुर्गेशस सोमानी सहित 25 में से 10 सदस्य सहित विभिन्ना विभागों के अधिकारी भी पहुंचे थे। समिति सदस्यों का कोरम पूरा नहीं होने से बैठक आखिरकर स्थगित हो गई। दरअसल जनपद पंचायत सारंगपुर की साधारण सभा का सम्मेलन जनपद पंचायत सारंगपुर के सभा कक्ष में दोपहर 2:00 बजे आयोजित की गई है। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा.पी.एम.ए.वाय (ग्रा.), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.), जनपद स्तरीय विभागीय कार्य की समीक्षा नहीं हो पाई। इस मौके पर जपं सीईओ हेमेंद्र गोविल, पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अमित शाक्या, कृषि अधिकारी राजेश राजपूत, माबवि अधिकारी केदार सिंह, बीआरसी बीएल वर्मा, प्रीति राजपूत, एपीओ ललित दुबे, गोविल गवली, पंचायत समन्वयक कमल राठौर सहित अन्य उपस्थित थे।

नगर के समाजसेवी सुरेश चौहान अटल सम्मान से होंगे सम्मानित

सारंगपुर। सामाजिक धार्मिक व खेलों के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने व इन क्षेत्रो में नगर को एक नई ऊंचाई व पहचान दिलाने पर

नगर के समाजसेवी सुरेश चौहान आज रविंद्र भवन भोपाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अटल सम्मान-2025 से सम्मानित किए जाएंगे, इस सम्मान के लिए प्रदेश भर से इन क्षेत्रो में 25 विभूतियों का चयन किया गया है, जिसमें नगर सारंगपुर से सुरेश चौहान भी है, भोपाल के रविंद्र भवन के अंजनी सभागार में कल होने वाले इस आयोजन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे तथा विश्वास सारंग एवं कृष्णा गौर राज्य मंत्री द्वेय विशिष्ट अतिथि होंगे। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की 100 वी जन्म जयंती पर यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के विभिन्ना क्षेत्रों से सामाजिक धार्मिक व खेलों के क्षेत्र में कार्य करने वाली 25 विभूतियाँ अटल सम्मान-2025 से सम्मानित होंगी। नगर से सुरेश चौहान को इस सम्मान के चयन के लिए व सारंगपुर शहर को गौरांवित करने पर सभी इष्ट मित्रों ने अग्रिम बधाई व शुभकामना दी है।

दिव्यांगजनों को उपकरण नि:शुल्क प्रदान करने हेतु शिविर आयोजित

ब्यावरा। राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में नवीन तहसील कार्यालय परिसर स्थित आजीविका मिशन भवन में पात्रताधारी दिव्यांगजनों एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु जनहित में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया उक्त शिविर में ब्यावरा जनपद अंतर्गत समस्त ग्रामीण क्षेत्र एवं ग्राम पंचायतो के अलावा ब्यावरा नगर पालिका और नगर परिषद सुठालिया के शहरी क्षेत्र के सभी आयु वर्ग के दिव्यांगजन हितग्राहियो एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक को कान की मशीन, बैटरी ट्राइसाइकिल, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, छड़ी, हेल्पर, हाथ-पैर दर्द के पट्टे, अन्य सहायक उपकरण परीक्षण उपरांत प्रदान किए जाएंगे।

कृषि उपज मंडी में मतदान केंद्र क्र. 72 मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया

ब्यावरा। ब्यावरा कृषि उपज मंडी में मतदान केंद्र क्रमांक 72 मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। इस दौरान बीएलओ श्याम भटनागर द्वारा बताया गया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुर्नरीक्षण यानी एसआईआर के पहले चरण की प्रक्रिया पूरी हो गई जिस के बाद आज मंगलवार को मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन किया गया एएसडीआर की सूची को मतदान केंद्र पर चस्पा किया गया एन्युमरेशन फार्म भरने की प्रक्रिया के दौरान करीब 70 लोगों की मैपिंग नहीं हो पाई थी, जिनके फार्म की मैपिंग नहीं हो पाई है अधिकारियों के मुताबिक 23 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारुप के प्रकाशन के दौरान ऐसे मतदाताओं का नाम रहेगा लेकिन उन्हें 11 दस्तावेजों मैं से एक दस्तावेज दिखाना होगा , इस दौरान राजनैतिक दल के बीएलए आंगनवाडी कार्यकर्ता सहायिका एवं मतदाता उपस्थित रहे, जिनके द्वारा उपस्थित पत्रक पर साइन भी किए गए।

विहिप बजरंगदल का त्रिशुल दीक्षा कार्यक्रम आयोजित रैली निकालकर किया

हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल द्वारा मां वैष्णोंदेवी मंदिर परिसर ब्यावरा में त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 300 कार्यकताओं को त्रिशूल देकर संगठन के प्रति समर्पण की भावनाओं की दीक्षा प्रदान की गई। कार्यक्रम के बाद कार्यकताओं ने बांग्लादेश में हिन्दू युवक की निर्मम हत्या के विरोध में शहर में आक्रोशित रैली निकाली और स्थानीय पीपल चैराहा पर हिन्दुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार को लेकर मुदार्बाद के नारे लगाते हुए बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया।

मां वैष्णोंदेवी मंदिर परिसर में बजरंगदल द्वारा आयोजित किए गए त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्रसिंह ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौंछावर कर दिया, उसी तरह हमें समर्पित भाव से भारत माता की रक्षा करनी होगी। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि स्वामी श्रद्वानंद एक महान शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी और आर्य समाज के संत थे, जिन्होंने अपना जीवन वैदिक धर्मप्रचार, शिक्षा सुधार और शुद्वि आंदोलन चलाकर हिन्दू समाज को संगठित करने में किया, 23 दिसम्बर 1926 को अब्दुल रशीद नामक व्यक्ति ने उनकी हत्या कर दी। स्वामी श्रद्वानंद के बलिदान दिवस पर त्रिशुल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मौजूद 300 कार्यकर्ताओं को त्रिशूल वितरित किए गए।

कार्यक्रम के पश्चात बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही बर्वरता के विरोध में कार्यकर्ताओं ने आक्रोश रैली निकली, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर स्थानीय पीपल चैराहा पर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश मुदार्बाद के नारे लगाते हुए बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया। इस मौके पर बजरंगदल प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि एक हिन्दू युवक की यह अमानवीय हत्या कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि पूरे बांग्लादेश में अल्प संख्यकों के खिलाफ बढ़ती असुरक्षा, भय और व्यवस्थित उत्पीड़न का भयावह प्रतिबिंब है। ऐसे हालात में भारत मूक दर्शन बना नही रह सकता और न ही रहना चाहिए।

भारत सरकार कूटनीतिक पहल कर हिंसा रोके

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल भारत सरकार से आग्रह करता है कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव कूटनीतिक, राजनीतिक और मानवीय उपाय करे। त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में बाल संत कामेशकृष्ण महाराज, आचार्य द्वारिकाप्रसाद, प्रांत मंत्री नवलसिंह भदौरिया, मातृशक्ति प्रांत सहसंयोजिका रिंकू सुनेरी, विभाग मंत्री अशोक गुप्ता, विभाग संयोजक राजू मीणा, विभाग सेवा प्रमुख डॉ.अशोक अग्रवाल,विभाग संयोजिका रीना चौधरी सहित जिला, प्रखंड पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संदीपनी विद्यालय में सृजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

विधायक दांगी ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

संदीपनी विद्यालय में सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की प्रतिभाओं तथा यहां से शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर पहुंचे पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह विद्यालय शासन द्वारा स्थापित सीएम राइज स्कूल की अवधारणा को साकार करता हुआ आज संदीपनी विद्यालय के नाम से जाना जाता है। कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने विद्यालय का अवलोकन कर शासन के उद्देश्यों की पूर्ति पर संतोष व्यक्त किया।

विधायक हजारीलाल दांगी ने विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली, विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (लैब्स) एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई गई उन सुविधाओं का निरीक्षण किया, जो निजी विद्यालयों से भी बेहतर स्तर की हैं।

कार्यक्रम में अध्यक्षता विधायक हजारीलाल दांगी ने की। विशेष अतिथि के रूप में कालू सिंह तोमर (अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत जीरापुर), जिला उपाध्यक्ष डॉ. गजराज सिंह, मुकेश राठौर, रमेश शर्मा, शिव सिंह मंडलोई, पत्रकारगण सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य कैलाश चंद शर्मा एवं स्टाफ द्वारा तिलक लगाकर एवं साफा बांधकर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने भगवान गणेश एवं मां सरस्वती की वंदना सहित धार्मिक एवं सहज सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि संदीपनी विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम, खेलकूद एवं अन्य क्षेत्रों में प्रतिभाओं को निखारना है, जिसमें विद्यालय लगातार सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों के हित में मुख्यमंत्री से आग्रह कर इस विद्यालय की स्थापना कराना उनके लिए गर्व का विषय है।

इस मौके पर गिरिराज गुप्ता रवि सोनी रामनिवास कन्हैया लाल दांगी अमित भावसार, राकेश तिवारी, तूफान सिंह, नवनीत हरदैनियॉ, राहुल शर्मा, पल्लवी शर्मा,सपना कारपेंटर आदि बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं वह बड़ी संख्या में बच्चों के साथ अभिभावक भी उपस्थित रहे

सेवा, सुशासन और विकास के सफल दो वर्ष

ब्यावरा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का भव्य आयोजन

ब्यावरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सशक्त नेतृत्व में मध्य प्रदेश में सेवा, सुशासन और विकास के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्यावरा विधानसभा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन मऊ सुठालिया में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन में मंत्री नारायण सिंह पंवार मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री पंवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 से पूर्व कांग्रेस शासन में मध्य प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी में चला गया था, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। आज मध्य प्रदेश की गिनती देश के अग्रणी और विकासशील राज्यों में होती है। मंत्री पंवार ने जिले में हुए बड़े विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मोहनपुरा डैम, कुंडालिया डैम, सुठालिया परियोजना एवं पार्वती परियोजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के कारण क्षेत्र में हर ओर जल उपलब्धता बढ़ी है। इससे कृषि को मजबूती मिली है, किसान समृद्ध और खुशहाल हुआ है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हुई है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से न केवल सिंचाई का विस्तार हुआ है, बल्कि लोगों की आय और जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

फसलों को पाले से बचाने के लिए हल्की सिंचाई सबसे प्रभावी उपाय

सारंगपुर। सारंगपुर क्षेत्र में कडाके की ठंड और घने कोहरे के कारण फसलों को भारी नुकसान का खतरा है। गेहूं, चना, मटर और सरसों जैसी प्रमुख फसलें पाले और ठंड से प्रभावित हो सकती है। इस स्थिति से बचाव के लिए कृषि विभाग ने किसानों के लिए बचाव के उपाय सुझाते हुए एक एडवाइजरी जारी की है। कृषि विभाग के अनुसार, पाले के प्रकोप से फसलों को बचाने के लिए हल्की सिंचाई सबसे प्रभावी उपाय है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपनी फसलों की ताजे पानी से हल्की सिंचाई करें। इससे खेत का तापमान बढ़ेगा और पाले का असर कम होगा।

बिना आबंटित नम्बर के अब नही चल पायेंगे ऑटो, पुलिस ने किया ऑटो का वेरिफिकेशन

ऑटो के दस्तावेज चेक कर थाने से आबंटित किये नम्बर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के कुशल निर्देशन मे जिले मे बिना लायसेंस एवं दस्तावेजो के ऑटो चालको की चैकिंग हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) अभिषेक रंजन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेन्द्र परमार के कुशल मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार कस्बा बडनगर में संचालित समस्त ऑटो चालको को नम्बर आबंटित किये गये ।

थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि 22 दिसंबर सोमवार को थाना बडनगर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारीयो के निदेशी के पालन में कस्बा बडनगर में संचालित ऑटो एवं ई-रिक्शा चालको के दस्तावेजो का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात दस्तावेज पूर्ण होने पर थाने से ऑटो एवं ई-रिक्शा को क्रमानुसार नम्बर आबंटित किये गये । निरीक्षण के दौरान जिन ऑटो या ई-रिक्शा के दस्तावेज पूर्ण नही पाये गये उन्हे अपने अपने ऑटो एवं ई-रिक्शा के दस्तावेज तीन दिवस में पूर्ण कर थाने से अपने ऑटो एवं ई-रिक्शा के नम्बर प्राप्त करने की हिदायत दी गई एवं बताया गया की जिन ऑटो या ई-रिक्शा में थाने से आबंटित नम्बर नही लगाये जायेंगे उनका कस्बा बडनगर में परिचालन नही हो पायेगा ।

नागेश्वरधाम कॉलोनी के मकान में आगजनी से लाखों का नुकसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

नागेश्वर कालोनी निवासी गौरव पिता शिखरचन्द्र जैन उम्र 33 साल के घर में मंगलवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से घर का मंदिर, मंदिर मे रखे नकदी रुपये, वाशिग मशीन तथा घर का पीवीसी जल गए। जिसमें लाखों रुपए का नुकसान हुआ। आग पर आसपास के रहवासियों की मदद से काबू पाया गया।

गौरव जैन ने बताया कि सुबह करीबन 10.00 बजे मै मेरी पत्नी वंदना भगवती माता मंदिर बडनगर पर पूजा करने गये थे तथा घर पर कोई नही था। थोडी देर बाद हम घर आये तो देखा कि मेरे घर के अंदर से धुंआ निकल रहा था फिर मैने अपने घर का दरवाजा खोलकर देखा तो मेरे घर की दुसरी मंजिल पर अज्ञात कारण से आग लग गई तथा आग लगने से मेरे घर का मंदिर, मंदिर मे रखे नकदी रुपये, वाशिग मशीन तथा घर का पीवीसी जल गए। जिससे मुझे लाखों रुपए नुकसान हो गया है।

नगर पालिका का फायर फाइटर बंद

गौरव जैन ने बताया कि मकान नगर पालिका से कुछ ही दूरी पर है। आग लगने की जानकारी नगर पालिका को दी लेकिन उनका फायर फाइटर बंद था। समय रहते हैं फायर ब्रिगेड से आग बुझ जाती तो ज्यादा नुकसान नहीं होता। आसपास के रहवासी एवं मित्रगण आग नहीं भूझाते तो आग भयावह रूप ले लेती।

सोशल मीडिया पर नगर पालिका के विरुद्ध आमजन का दिखा आक्रोश

आग लगने की जानकारी नगर में फैली और आमजन को पता चला कि मौके पर नगर पालिका का फायर ब्रिगेड बंद था तो सोशल मीडिया पर दर्जनों पोस्ट नगर पालिका के विरुद्ध डल गई।

बटलावदी के विद्यार्थियों ने ज्ञापन सौंपा

खाचरोद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खाचरोद द्वारा एसडीएम कार्यालय पर एसडीएम को एक ज्ञापन दिया गया जिसमें शासकीय उमा विद्यालय बटलावदी के समीप ग्राम पंचायत भवन का निर्माण किया जा रहा है जिसे विद्यालय से उचित दूरी पर बनाया जाए जिससे विद्यालय एवं छात्र-छात्राओं को समस्या का सामना न करना पड़े।

सुशासन सप्ताह अभियान के तहत शिविर आयोजित

सुसनेर। शासन के निर्देशानुसार सुसनेर में सुशासन सप्ताह अभियान 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सोमवार को श्रीराम मंदिर धर्मशाला में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी गईं तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर के दौरान नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर प्रतीक भूतड़ा सहित अन्य छात्र-छात्राएं एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं सुनाई।

मीरा दीदी की संगीतमय श्री राम कथा

इंगोरिया। कपिलेश्वर धाम बलेडी दंगवाड़ा और चिंचोड़ीया के मध्य चंबल नदी के तट पर स्थित है।

बुधवार 24 दिसंबर से 1 जनवरी 26 तक इस प्रसिद्ध शिवालय पर राष्ट्रीय संत साध्वी मीरा दीदी की संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस अवसर पर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है। कथा स्थल पर पहुंचने के लिए नैशनल हाइवे उज्जैन_ बदनावर मार्ग पर इंगोरिया से दक्षिण में। इंगोरिया से गौतमपुरा मार्ग पर दूरी 5 किलोमीटर ।

जयस महापंचायत में सम्मिलित होने आए संस्थापक अलावा का स्वागत

सुसनेर। बराई सोयत में आयोजित जयस महापंचायत में सम्मिलित होने आए जयस के राष्ट्रीय संरक्षक डाक्टर हीरालाल अलावा विधायक मनावर का ग्राम मोड़ी में बस स्टैंड पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर सेंधवा विधायक रविराज बघेल, शिवभानु सिंह मंडलोई राजू पटेल, सुनील ठाकुर जयस जिलाध्यक्ष आगर मालवा आदि उपस्थित रहे। जानकारी रामेश्वर भिलाला मोड़ी जयस जिला मिडिया प्रभारी आगर ने दी।

वीर बाल दिवस पर रक्तदान शिविर, 61 यूनिट रक्त संग्रह

ब्यावरा। ब्यावरा गुरुद्वारे में वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु सिंह सभा कमेटी एवं माधव स्मृति न्यास के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 61 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमें नगर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याण सिंह छाबड़ा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अशोक अग्रवाल उपस्थित रहे, जबकि रेड क्रॉस समिति से जिला सचिव श्री संजय शेखर शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर गुरुद्वारे के ज्ञानी नरेंद्र सिंह ने चारों साहिबजादों के शौर्य और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए उपस्थितजनों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में रामकिशन सलूजा, रणजीत सिंह सलूजा, संतोष सिंह अजवानी, सतपाल सिंह अरोरा, महेंद्र शाक्यवार, दिलबर यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, मुकेश सेन, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए समाजसेवा के ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

माना जाता है यदि घर की महिलाएं नए साल के पहले दिन कुछ शुभ और धार्मिक कार्य करती हैं, तो इससे परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है और मां लक्ष्मी की कृपा सालभर प्राप्त होती है। आइए जानते हैं साल के पहले दिन कौन से काम जरूर करने चाहिएं...

पूरे साल बरसेगी माता लक्ष्मी की कृपा

नए साल पर महिलाएं जरुर करें ये खास काम

नए वर्ष की शुरूआत हर किसी के लिए खास होती है। मान्यता है कि साल का पहला दिन जैसी होता है पूरे वर्ष उसका असर रहता है, इसलिए यह जरूरी है कि नए साल की शुरूआत सकारात्मक ऊर्जा और भावनाओं के साथ की जाए। खास तौर पर यदि घर की महिलाएं नए साल के पहले दिन कुछ शुभ और धार्मिक कार्य करती हैं, तो इससे परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है और मां लक्ष्मी की कृपा सालभर प्राप्त होती है।

सूर्य देव को अर्घ्य

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वर्ष 2026 के पहले दिन महिलाओं को ब्रह्म मुहूर्त में उठना चाहिए। प्रातःकाल गंगाजल या किसी भी पवित्र नदी के जल को स्नान के पानी में मिलाकर स्नान करना चाहिए। स्नान के बाद साफ वस्त्र धारण कर सूर्य देव को अर्घ्य दें और उनसे परिवार के स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि की कामना करें। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और दिन की शुरूआत सकारात्मक रहती है।

तुलसी पूजन

नए साल के पहले दिन तुलसी पूजन का भी विशेष महत्व बताया गया है। सुबह तुलसी के पौधे में जल अर्पित करें और उसमें लाल रंग का कलावा बांधें। शाम के समय तुलसी वृंदावन के पास दीप जलाकर भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप करें। इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में धन, वैभव व खुशहाली का वास बना रहता है।

बड़ों का आशीर्वाद

साल के पहले दिन देवी-देवताओं की पूजा के बाद घर के बड़ों का आशीर्वाद लेना बेहद जरूरी माना जाता है। घर के सभी वरिष्ठ सदस्यों के चरण स्पर्श करें और मन में यह संकल्प लें कि पूरे वर्ष उनका सम्मान करेंगे और उनकी जरूरतों का ध्यान रखेंगे। कहा जाता है कि जहां बुजुर्ग प्रसन्न रहते हैं, वहां सुख-समृद्धि अपने आप चली आती है।

मीठे से करें साल की शुरूआत

नए साल के पहले दिन रसोई में कुछ मीठा जरूर बनाएं। सबसे पहले भगवान को भोग लगाएं और उसके बाद उस प्रसाद को कन्याओं में बांटें। ऐसा करने से मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इसके अलावा महिलाओं को इस दिन गाय को ताजी रोटी खिलानी चाहिए और जरूरतमंदों को अन्न, धन, वस्त्र या कंबल का दान करना चाहिए। दान-पुण्य से पूरे वर्ष आर्थिक परेशानियों से भी राहत मिलती है।

इसके साथ ही 1 जनवरी 2026 को बाल गोपाल को स्नान कराना, शिवलिंग पर जल चढ़ाना और भगवान गणेश की पूजा करना भी शुभ फल देता है। मां दुर्गा को लाल चुनरी अर्पित करें और उनसे शक्ति व उन्नति का आशीर्वाद मांगें। मान्यता है कि इन उपायों से जीवन में तरक्की के नए रास्ते खुलते हैं।

जनवरी में केतु इन राशि वालों को देंगे अच्छे रिजल्ट

ज्योतिष शास्त्र में केतु को एक छाया ग्रह माना गया है, जो व्यक्ति के जीवन में अचानक होने वाले बदलाव, आध्यात्मिक झुकाव का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि, केतु का गोचर राशियों पर विशेष प्रभाव डालता है। इससे जहां कुछ राशियों की चुनौतियां बढ़ती हैं, तो वहीं कई राशियों के लिए यह अप्रत्याशित लाभ के जैसा हो सकता है। केतु का प्रभाव जातकों के उन्नति के द्वार को भी खोल देता है। ज्योतिष गणना के मुताबिक, साल 2026 में केतु का पहला महत्वपूर्ण गोचर जनवरी में होने वाला है। वह 25 जनवरी 2026 को पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र के द्वितीय चरण से निकलकर प्रथम चरण में अपना स्थान लेंगे। केतु इस नक्षत्र पद में आने पर कुछ राशि वालों को व्यापार में धनलाभ, रुके हुए कार्यों में गति और करियर में तरक्की मिल सकती हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।

वृषभ राशि

वृषभ राशि वालों के लिए समय सबसे खास रहने वाला है। आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती हैं और आपका मन धार्मिक कार्यों में लगेगा। आप निवेश को लेकर नई प्लानिंग करेंगे और कोई वाहन इस समय खरीद सकते हैं। विवाह के योग बनेंगे और घर में मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं। सेल्स, मार्केटिंग या फिल्ड जैसे सेक्टर में काम करने वालों को नया अवसर मिलेगा। निवेश में भी अच्छा रिजल्ट मिल सकता है। वैवाहिक जीवन में मधुरता आएगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह समय नई उम्मीद और सफलता से भरा रहेगा।

सिंह राशि

सिंह राशि वालों के लिए समय सकारात्मकता से भरा रहेगा। आपके जीवन में किसी की दस्तक हो सकती हैं। आप परिवार वालों के लिए नए बिजनेस और कुछ योजनाओं को लागू करेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। विदेश यात्रा तक जाने का सौभाग्य प्राप्त होगा। खास बात यह है कि, आपके बनते काम में आ रही बाधा दूर होगी। सफलता के लिए सभी कोशिश रंग लेकर आएगी। लंबे समय से नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मनचाहा अवसर मिल सकता है। किसी बड़ी समस्या का समाधान खोजने में सिंह राशि वालों को कामयाबी मिल सकती हैं। इस समय आपका मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक राशि

ज्योतिषियों के मुताबिक, आपको नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती हैं। यदि आप साझेदारी में कोई काम करते हैं, तो आपको अपने पार्टनर की तरफ से पूरा समर्थन मिलेगा। यह समय करियर को नई दिशा देने के लिए भी शुभ रहेगा। आपको भाई-बहनों का हर काम में साथ मिलेगा। जीवनसाथी के साथ मिलकर संपत्ति या किसी बड़े निवेश की योजना आप बनाएंगे। कार्यस्थल पर सम्मान बढ़ेगा और वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा।

हिंदू धर्म में पुत्रदा एकादशी को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। यह पौष माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर मनाई जाती है। इस दिन सृष्टि के पालनहार विष्णु जी की पूजा की जाती है। इसके प्रभाव से व्यक्ति के जीवन में बदलाव आते हैं और उसे मोक्ष मिलता है।

शुभ योग में साल की अंतिम एकादशी, जानें तिथि और शुभ मुहूर्त

हिंदू धर्म में पुत्रदा एकादशी को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। यह पौष माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर मनाई जाती है। इस दिन सृष्टि के पालनहार विष्णु जी की पूजा की जाती है। इसके प्रभाव से व्यक्ति के जीवन में बदलाव आते हैं और उसे मोक्ष मिलता है। यह व्रत सुहागिनों के लिए बेहद लाभकारी होता है, क्योंकि इस दिन देवी लक्ष्मी संग विष्णु महाराज का स्मरण करने से पुत्र प्राप्ति के योग का निर्माण होता है। मान्यता है कि, पुत्रदा एकादशी पर विष्णु जी को केसर की खीर का भोग लगाने से संतान की रक्षा का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यहीं नहीं जातकों का भाग्योदय भी होता है। इस वर्ष 30 दिसंबर 2025 को पुत्रदा एकादशी मनाई जाएगी। यह साल की अंतिम एकादशी होगी। ऐसे में आइए इस दिन के पूजा मुहूर्त और शुभ योग को जानते हैं।

पौष पुत्रदा एकादशी 2025

इस वर्ष पौष महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 30 दिसंबर 2025 को सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर शुरू होगी। इस तिथि का समापन अगले दिन 31 दिसंबर की सुबह 5 बजे होगा। इसलिए 30 दिसंबर 2025 को पुत्रदा एकादशी मनाई जाएगी। इस दिन भरणी नक्षत्र और सिद्ध का विशेष संयोग बना रहेगा।

पूजा का शुभ मुहूर्त

- ब्रह्म मुहूर्त- सुबह में 5:24 से 06:19
- प्रातः सन्ध्या- सुबह में 5:51 से 07:13
- अभिजित मुहूर्त- दोपहर में 12:3 से 12:44
- विजय मुहूर्त- दोपहर में 2:07 से 02:49
- निशिता मुहूर्त- रात 11:57 से सुबह 12:51

एकादशी व्रत पूजा विधि

- एकादशी के दिन एक साफ चौकी पर विष्णु जी की मूर्ति रखें।
- प्रभु को पीले रंग के वस्त्र पहनाएं।
- प्रभु के सामने शुद्ध देसी घी से दीपक जलाएं और उन्हें चने की दाल अर्पित करें।
- इस दौरान प्रभु को पंचामृत का भोग लगाएं और उसमें तुलसी दल शामिल अवश्य करें।
- विष्णु जी को बेसन के लड्डू और पीली मिठाई भी चढ़ाएं।
- अब आप एकादशी व्रत कथा का पाठ करें।
- विष्णु जी की आरती करें और जरूरतमंदों को दान दें।
- रात में कीर्तन या भजन गाकर प्रभु की कृपा प्राप्त करें।

विराट कोहली और रोहित शर्मा विजय हजारे ट्रॉफी के जरिए घरेलू क्रिकेट में लौट आए हैं। दिल्ली ने विराट कोहली के शतक की बदौलत आंध्र प्रदेश को चार विकेट से हराया। वहीं, मुंबई ने रोहित के शतक की बदौलत सिक्किम को आठ विकेट से हरा दिया।

कोहली के शतक से दिल्ली ने आंध्र और रोहित की सेंचुरी से मुंबई ने सिक्किम को हराया

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए बुधवार, 24 दिसंबर का दिन खास बन गया है। टीम इंडिया के दो सबसे बड़े सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा एक बार फिर घरेलू क्रिकेट में खेलते नजर आए। दोनों दिग्गज विजय हजारे ट्रॉफी 2025 में अपनी-अपनी टीमों के लिए मैदान पर उतरे और बल्ले से जलवा बिखेरा है। विराट कोहली दिल्ली की ओर से आंध्र प्रदेश के खिलाफ शतक जड़ा, जबकि रोहित शर्मा ने मुंबई की जर्सी में सिक्किम के खिलाफ तूफानी शतक लगाया।

कोहली के शतक से दिल्ली ने आंध्र प्रदेश को हराया

दिल्ली और आंध्र प्रदेश के बीच मुकाबला बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जा रहा है। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। विराट कोहली दिल्ली टीम का हिस्सा हैं, जबकि कप्तानी की जिम्मेदारी ऋषभ पंत संभाल रहे हैं। यह मुकाबला पहले बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होना था, लेकिन अंतिम समय में वेन्यू बदल दिया गया। कोहली की घरेलू क्रिकेट में मौजूदगी से युवा खिलाड़ियों को काफी प्रेरणा मिल रही है। आंध्र प्रदेश ने 50 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 298 रन बनाए।

जवाब में दिल्ली ने 37.4 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 15 साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी में वापसी कर रहे किंग कोहली ने 84 गेंद में शतक जड़ा। वह 101 गेंद में 14 चौके और तीन छक्के की मदद से 131 रन बनाकर आउट हुए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 129.70 का रहा। कोहली ने पिछली बार 2009/10 सत्र में हिस्सा लिया था। इसके अलावा प्रियांश आर्या ने 44 गेंद में सात चौके और पांच छक्कों की मदद से 74 रन की पारी खेली। नीतीश राणा ने 55 गेंद में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से 77 रन बनाए। कप्तान ऋषभ पंत फ्लॉप रहे और पांच रन ही बना सके।

रोहित शर्मा के तूफानी शतक से मुंबई ने सिक्किम को हराया

मुंबई और सिक्किम के बीच मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में सिक्किम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रोहित शर्मा मुंबई टीम का हिस्सा हैं, जबकि कप्तानी शार्दुल ठाकुर कर रहे हैं। रोहित लंबे समय बाद घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं और फैंस को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद है। सिक्किम ने 50 ओवर में सात विकेट पर 236 रन बनाए।

जवाब में मुंबई ने 30.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने 62 गेंद में आठ चौके और आठ छक्के की मदद से शतक लगाया। इसके बाद 91 गेंद में 150 रन पूरे किए। वह 94 गेंद में 18 चौके और नौ छक्कों की मदद से 155 रन बनाकर आउट हुए। अंगकृष रघुवंशी ने 58 गेंद में 38 रन की पारी खेली। वहीं, मुशीर खान 26 गेंद में 27 रन और सरफराज खान पांच गेंद में आठ रन बनाकर नाबाद रहे।

घरेलू क्रिकेट में क्यों उतरे विराट और रोहित?

बीसीसीआई ने इस सीजन से सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों के लिए कम से कम दो घरेलू मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। इसी नियम के तहत विराट कोहली और रोहित शर्मा घरेलू क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। आमतौर पर इंटरनेशनल क्रिकेट तक सीमित रहने वाले ये दोनों खिलाड़ी अब घरेलू मंच पर युवाओं के साथ खेलते दिख रहे हैं, जो फैंस के लिए एक दुर्लभ और खास मौका है।

कोहली ने की सचिन की बराबरी

विराट कोहली ने घरेलू क्रिकेट में वापसी करते हुए एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वह सचिन तेंदुलकर के बाद लिस्ट-ए क्रिकेट में 16,000 रन पूरे करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। कोहली ने 343 मैचों में यह आंकड़ा हासिल किया। इसके साथ ही वह दुनिया के कुल नौवें बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में 16,000 रन पूरे किए हैं। खास बात यह है कि इस क्लब में शामिल सभी खिलाड़ियों में विराट कोहली का बल्लेबाजी औसत सबसे ज्यादा है, जो 50 ओवर के प्रारूप में उनकी निरंतरता और लंबे समय तक शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है।

हरमनप्रीत ने गेंदबाजों को दिया जीत का श्रेय

विशाखापत्तनम। भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ शानदार लय जारी रखते हुए दूसरे टी20 मैच को जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया है। भारत के लिए इस मैच में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने दमदार बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान मिली सीख को स्वीकार करने से उन्हें खुद को बेहतर करने में मदद मिली है।

भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 20 ओवर में नौ विकेट पर 128 रन के स्कोर पर रोका। जवाब में भारत ने 11.5 ओवर में तीन विकेट पर 129 रन बनाकर मैच जीत लिया। भारत के लिए शेफाली वर्मा ने 34 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 69 रन बनाए। जेमिमा और शेफाली ने दूसरे विकेट के लिए 58 रन जोड़े। शेफाली को उनकी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ीं, जोफ्रा आर्चर एशेज सीरीज के बाकी मैच से बाहर

मेलबर्न। इंग्लैंड के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो एशेज टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएंगे। टीम के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे इंग्लैंड की मैदान और मैदान से इतर की समस्याएं और बढ़ गई हैं। इसमें उसके सलामी बल्लेबाज बेन डकेट पर नशे में धुत होकर रास्ता भटकने का आरोप भी शामिल हैं।

30 वर्षीय आर्चर पिछले चार वर्षों से पीठ और दाहिनी कोहनी में स्ट्रेस फ्रैक्चर सहित कई तरह की फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने भारत के खिलाफ लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की और उसके बाद वह शानदार फॉर्म में थे।

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में शुरू होगा जबकि पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच चार जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में अभी 3-0 से आगे है और उसने एशेज अपने पास बरकरार रखी है।

आर्चर बुधवार को एमसीजी में अभ्यास सत्र के लिए मैदान पर पहुंचे, लेकिन उन्होंने अभ्यास नहीं किया। बाद में टीम के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि वह दौरे के बाकी बचे दो मैच से बाहर हो गए हैं। आर्चर ने पर्थ, ब्रिस्बेन और एडिलेड में खेले गए मैचों में कुल 80 ओवर गेंदबाजी की थी, जिसमें उन्होंने 27.11 की औसत से नौ विकेट लिए।

उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में पहली पारी में 53 रन देकर पांच विकेट लिए और 51 रन बनाए। इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच के लिए बुधवार को अपनी टीम की घोषणा की जिसमें आर्चर की जगह गस एटकिंसन को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है।

गिल को बाहर करना गावस्कर पर श्रीकांत को तरजीह देने जैसा? पूर्व क्रिकेटर ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम के चयन के बाद विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज और टी20 के उपकप्तान शुभमन गिल को बाहर किए जाने के फैसले ने क्रिकेट जगत में तीखी बहस छेड़ दी है। अब इस फैसले पर पूर्व भारतीय बल्लेबाज और भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यूवी रमन ने चयनकताओं को आड़े हाथों लिया है।

चयन पर उठे सवाल

अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति ने 15 सदस्यीय टीम में शुभमन गिल को जगह नहीं दी, जबकि वे लंबे समय से टीम का हिस्सा रहे हैं। इस फैसले को लेकर डब्ल्यूवी रमन ने कहा कि गिल को किसी बड़ी गलती या खराब प्रदर्शन के कारण बाहर नहीं किया गया, बल्कि टीम कॉम्बिनेशन की वजह से उन्हें 'बलि का बकरा' बनाया गया।

उपकप्तान बनाने पर भी सवाल

रमन ने यह भी सवाल उठाया कि जब शुभमन गिल को टीम से बाहर ही करना था, तो उन्हें टी20 का उपकप्तान बनाने की जरूरत क्या थी। उनके मुताबिक, टीम में पहले से ही ऐसे कई खिलाड़ी मौजूद थे जो टी20 फॉर्मेट के लिए ज्यादा उपयुक्त थे।

'गावस्कर बनाम श्रीकांत' की तुलना

डब्ल्यूवी रमन ने इस फैसले की तुलना करते हुए कहा, 'यह ऐसा ही है जैसे टी20 फॉर्मेट में सुनील गावस्कर के बजाय कृष्णमाचारी श्रीकांत को चुनना। हम सभी जानते हैं कि किसका स्तर क्या है, लेकिन टी20 क्रिकेट में विस्फोटक बल्लेबाजों को प्राथमिकता दी जाती है।' उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक टी20 क्रिकेट में आक्रामकता अहम फैक्टर बन चुकी है और गिल की तुलना में कुछ अन्य बल्लेबाज स्वभाविक रूप से ज्यादा आक्रामक हैं।

तकनीक में बदलाव पर रमन की राय

हाल ही में इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से पहले शुभमन गिल ने अपनी बल्लेबाजी तकनीक में बदलाव करते हुए ज्यादा सीधे बल्ले से खेलना शुरू किया था। हालांकि रमन का मानना है कि इस तकनीकी बदलाव का उनके टी20 प्रदर्शन पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि रोहित शर्मा भी सीधे बल्ले से खेलते हैं, लेकिन इससे उनकी हिटिंग क्षमता पर कोई असर नहीं पड़ता।

गिल को दी अहम सलाह

डब्ल्यूवी रमन ने शुभमन गिल को इस फैसले को दिल से न लगाने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'अगर मैं उनका कोच होता तो उनसे कहता कि क्रिकेटर की जिंदगी में भावनाओं के लिए कोई जगह नहीं होती। यह फैसला टीम संयोजन को ध्यान में रखकर लिया गया है और गिल को यह नहीं सोचना चाहिए कि वह अब कमतर खिलाड़ी बन गए हैं।'

इन खिलाड़ियों को तरजीह

बीसीसीआई ने गिल और जितेश शर्मा को बाहर कर रिंकू सिंह और ईशान किशन जैसे बल्लेबाजों को मौका दिया है। इस फैसले ने यह साफ कर दिया है कि चयनकर्ता टी20 वर्ल्ड कप में ज्यादा आक्रामक बल्लेबाजी लाइनअप के साथ उतरना चाहते हैं।

न्यूज कॉलम

डेंटल कॉलेज में रैगिंग के आरोप में 3 छात्राएं सस्पेंड

इंदौर। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के बाद शासकीय डेंटल कॉलेज में भी रैगिंग का गंभीर मामला सामने आया है। एमडीएस प्रथम वर्ष के 6 विद्यार्थियों ने सीनियर छात्राओं पर मानसिक प्रताड़ना और अनुचित दबाव बनाने के आरोप लगाए। शिकायत में बताया गया कि सीनियर छात्राएं उन्हें सुबह तय समय से पहले कॉलेज बुलातीं, डिपार्टमेंट खोलने का काम करातीं और छुट्टी के बाद देर तक बैठाए रखती थीं। जूनियरों को सीनियर के बाद ही खाना खाने और बिना अनुमति कॉलेज परिसर से बाहर न जाने का दबाव बनाया जाता था। विद्यार्थियों ने यूजीसी में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद कॉलेज प्रबंधन ने एंटी रैगिंग कमेटी से जांच कराई। जांच के दौरान तीन सीनियर छात्राओं को 15 दिनों के लिए सस्पेंड किया गया और उनसे लिखित रूप में भविष्य में ऐसी गलती न करने का आश्वासन लिया गया। कार्रवाई की जानकारी यूजीसी को भी भेजी गई।

कालरा ने दी मेयर की फाइलें खोलने की धमकी

इंदौर। इंदौर में पार्षद जीतू यादव और कमलेश कालरा के बीच हुए विवाद के बाद अब कालरा का तीसरा ऑडियो सामने आया है। यह संभवतः पूर्व के ऑडियो का तीसरा हिस्सा है। इस ऑडियो में भाजपा पार्षद कमलेश कालरा और उनके मित्र नरेंद्र सोनी के बीच बातचीत का दावा किया जा रहा है। ऑडियो की तिथि स्पष्ट नहीं है और इसकी आधिकारिक पुष्टि भी नहीं हुई है। मामले में पार्षद कालरा का कहना है कि यह ऑडियो उनका नहीं है। उनका कहना है कि न मैं किसी नरेंद्र सोनी को जानता हूं न ही यह मेरी आवाज है। यह अकसे बना ऑडियो हो सकता है। मेरे आवाज के नाम से पूर्व में भी ऑडियो वायरल हुए हैं जो मेरे नहीं थे। इस संबंध में मैंने छह माह पूर्व ही जूनी इंदौर पुलिस को शिकायत की है। इन ऑडियो की जांच की जाना चाहिए। ऑडियो में कालरा अपने दोस्त से सिंधी और हिंदी मिलाकर बातचीत करते सुनाई देते हैं। बातचीत उस बात को लेकर है जब कुछ समय पहले क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान पानी की टंकी पर चढ़ गए थे। यह प्रदर्शन एक तरह से मेयर के खिलाफ था।

राज्यपाल ने अहिल्या घाट पर की माँ नर्मदा आरती

इंदौर। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने खरगोन प्रवास के दौरान महेश्वर के ऐतिहासिक अहिल्या घाट पर विधि विधान से मां भगवती नर्मदाष्टक आरती की और मां नर्मदा को पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने मां नर्मदा से प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अलका गजराज, कलेक्टर भव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा, जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह सहित उपस्थित अधिकारियों और श्रद्धालुओं ने राज्यपाल के साथ मिलकर मां नर्मदा की आरती की, जिससे अहिल्या घाट नमामि देवी नर्मदे और अन्य पवित्र भजनों के स्वर से गूंज उठा। राज्यपाल पटेल ने अहिल्याघाट पर प्रतिदिन आयोजित होने वाले लाइट एंड साउंड शो का भी अवलोकन किया, जिसका लोकार्पण गत माह निमाड़ उत्सव के दौरान किया गया है। अत्याधुनिक 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग, मूविंग हेड और लेजर लाइट तथा आधुनिक साउण्ड सिस्टम के उपयोग करते हुए लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से महेश्वर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक वैभव, मां नर्मदा के उद्गम की कहानी और लोकमाता देवी अहिल्या के गौरवशाली इतिहास का वर्णन किया जाता है। शो के दौरान विधायक राजकुमार मेव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

बुजुर्ग का कराया नि:शुल्क इलाज

इंदौर। कलेक्टर कार्यालय इंदौर में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई में एक बार फिर मानवीय संवेदना का उदाहरण देखने को मिला। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा ने आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया। इसी जनसुनवाई में उपस्थित एक बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण की दयनीय स्थिति देखकर कलेक्टर वर्मा की संवेदनशीलता पुनः सामने आई। बुजुर्ग की पत्नी प्रेम बाई ने बताया कि लक्ष्मी नारायण को कुछ समय पूर्व कुत्ते ने काट लिया था, लेकिन समुचित उपचार न मिलने के कारण उनके पैर में गंभीर संक्रमण और असहनीय पीड़ा हो रही थी। कलेक्टर वर्मा ने बुजुर्ग की हालत को देखते हुए बिना विलंब कलेक्टर कार्यालय से ही एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें अस्पताल भिजवाने के निर्देश दिए। अस्पताल में चिकित्सकीय उपचार के साथ-साथ मानवीय सहयोग की भी मिसाल देखने को मिली। समाजसेवी जयू जोशी एवं अन्य समाजसेवियों द्वारा बुजुर्ग को स्नान कराया गया, दाढ़ी कटिंग करवाई गई तथा उन्हें नए कपड़े पहनाए गए, जिससे वे पूर्णतः नए रूप में नजर आए। वर्तमान में बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण को अस्पताल में भर्ती कर निःशुल्क उपचार प्रदान किया जा रहा है।

इन्फ्लूएंसर और पुलिसकर्मी के बीच विवाद

इन्फ्लूएंसर्स ने हेड कांस्टेबल को घेरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें पुलिस कर्मी और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर के बीच विवाद चल रहा है। वीडियो में खुद को इन्फ्लूएंसर बताने वाला सोनू हीरानगर थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल खेम सिंह को थप्पड़ मारने और सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करने की धमकी दे रहा है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

मामला मंगलवार रात का है। हीरानगर थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 136 स्थित जंगल कैफे के बाहर बनी नर्सरी में एक कार अनियंत्रित होकर घुस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार में सवार तीन युवक नशे में थे। कार ने नर्सरी के बाहर खड़े कई वाहनों को नुकसान पहुंचा था। भीड़ जमा होने पर कार सवार युवक मौके से भाग निकले, जबकि ड्राइवर राहुल घायल हो गया। कार के भीतर से शराब की बोतलें भी बरामद होने की बात सामने आई है। हादसे की सूचना मिलते ही हेड कांस्टेबल खेम सिंह अपने अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। इसी दौरान वहां मौजूद इन्फ्लूएंसर सोनू के साथ उनकी कहासुनी हो गई। सोनू ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी ने उन्हें थप्पड़ मारा। जबकि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इन्फ्लूएंसर खुद ही पुलिसकर्मियों पर दबाव बना रहा था। बहस के दौरान सोनू ने पुलिसकर्मी को थप्पड़ मारने की धमकी दी और साथियों के साथ मिलकर माफी मांगने का दबाव बनाया। उसका कहना था कि अगर माफी नहीं मांगी गई तो वह वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर देगा। उसके एक करोड़ फॉलोअर्स हैं। माफ नहीं मांगने महंगा पड़ जाएगा। हालांकि पुलिसकर्मी बार-बार कार के घायल ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाने की बात कर रहे थे।

दावे-आपत्ति प्राप्त करने के लिये बनाये गये 58 केन्द्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तेजी से जारी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में आज 23 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे आपत्ति प्राप्त करने का कार्य आगामी 22 जनवरी तक चलेगा। इसके लिये जिले में 58 केन्द्र बनाये गये हैं। केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिये बैठने, पेयजल, छाया आदि मूलभूत सुविधाएं की गई हैं। यह जानकारी आज यहां कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में दी गई।

Hippo BIGG BOSS Capsule
NO SIDE EFFECT
For Enquiry : 9244262582
2 कैप्सूल रात को गरम दूध के साथ
लम्बे आनंद भरे पलों के लिए
आयुर्वेदिक, केवल पुरुषों के लिए

आवश्यकता है
(1)अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करुंगा समाधान
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार
समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

शॉप बेचना है
12/1 भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन में साढ़े सात 20 की शॉप बेचना है।
संपर्क
9993368146

ऑपरेटर की आवश्यकता है
समाचार पत्र में कार्य करने के लिए अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।
7773077762

कृषि भूमि बेचना है
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर, किचन, हेल्पर तंदूर वाला और सिक्यूरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है।
पता- हरिफटक ब्रीज इंदौर रोड, उज्जैन
7610571808
9098080060

किराये से देना है
माधवपुर मक्सी रोड पर 1500 स्क्वेयर फीट का गोदाम किराये से देना है।
1500 स्क्वेयर फीट की सुविधा अलग से है।
8519054456

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता है
गेस्ट हाउस में रूम सर्विस के लिए आदमी की। दिन व रात के लिए रहने की भी व्यवस्था। आधार कार्ड साथ लावें।
पता: हिमालय गेस्ट हाउस महाकाल मंदिर के सामने, बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन।
9669890245
9074164558

आवश्यकता है
मार्केटिंग मैनेजर पी.ए. (पर्सनल असिस्टेंट) सोशल मीडिया एग्जीक्यूटीव-पब्लिक रिलेशन ऑफिसर कम्प्यूटर ऑपरेट (डी.टी.पी. ग्राफिक्स) डिजाईनर, वीडियो एडिटर, टेलीकॉलर, ऑफिस बॉय, घरेलू नौकर।
नारायण सेवा ट्रस्ट, मप्र. बड़नगर रोड, उज्जैन
9589457724
6261309287

प्लाट बेचना है
खुली भूमि उत्तर से दक्षिण, पूर्व की ओर 95.8 फीट, पश्चिम की ओर 106 फीट और पूर्व पश्चिम उत्तर की ओर 102.7 फीट, दक्षिण की ओर 99 फीट कुल एरिया 10275 वर्गफीट, जिसके उत्तर में रोड के बाद माहेश्वरी का मकान, दक्षिण में सुन्दरबाई का मकान और नागूलाल का मकान, पूर्व में रामाजी जाट की गली उर्दूपुरा रोड, पश्चिम में रस्सी गली मुन्सीपल नम्बर पुराना 5/1317, नया नम्बर 12 लाल बाई फूलबाई मार्ग उर्दूपुरा उज्जैन जो कि जाधव गुवाड़ी के नाम से जाना जाता है, को विक्रय करना है।
सम्पर्क सूत्र - 9425002108
ब्रजलाल रांका

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

अमरूद बेचना है
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

दैनिक अवन्तिका
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर

एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com